रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/93 REGISTERED NO. DL-33001/93

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 51] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 18, 1993 (अग्रहायण 27, 1915)
No. 51] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 18, 1993 (AGRAHAYANA 27, 1915)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

(केन्द्रीय कार्यालय)

(सरकारी और बैंक लेखा विभाग)

बम्बई, दिनांक 1993

भारत के राजपत्र में 20 अप्रैल, 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल, 1954 की अधिसूचना सं० एफ० (8) 70/बी/52 और भारत के दिनांक 21 फरवरी, 1990 के असाधारण राजपत्र सं० 67 के अन्तर्गत यथा संशोधित लोक ऋण अधिनियम, 1944 की धारा 28 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के नियम 18 के अनुसरण में 31 दिसम्बर, 1992 को समाप्त माह के लिए निम्नलिखित सूची खो गयी आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है, जिसके सम्बन्ध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथमदृष्टया आधार मौजूद हैं कि प्रतिभूतियां खो गई हैं और आवेदकों । का दावा न्यायोचित है । नीचे लिखे गये संबंधित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका इन प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तत्काल मुख्य लेखाकार भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग, बम्बई को संसूचित करें । सूची दो भागों में विभाजित की गयी है । भाग "क" में अभी पहली बार विज्ञापित प्रतिभूतियां शामिल की गयी हैं और भाग "ख" में पूर्व विज्ञापित प्रतिभूतियों की सूची दी गयी है ।

सूची "क"

प्रतिभूतियों का क्रमांक	मूल्य रु०/— ग्राम	निम्न नाम से जारी की गयी	ब्याज धारित किये जाने की तारीख	डुप्लिकेट जारी करने/भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार(रों) का/के नाम	जारी किये गये आदेश की सं० तथा तारीख
1	2	3	4	5	6
			—कुछ नहीं—		

सूची "ख"

प्रतिभूति की संख्या	मूल्य रु०/ग्राम	किसके नाम जारी की	किस तारीख से ब्याज दिया	प्रतिलिपि जारी करने एवं/या भुगतान मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार/रों का/के नाम	आदेश संख्या एवं जारी करने की तारीख	लोक ऋण अधिनियम, 1944 के अन्तर्गत सूची के प्रकाशन की तारीख जिसमें प्रतिभूति पहली बार प्रकाशित की गयी थी
1	2	3	4	5	6	7
			कलकत्ता मंडल			
			3 प्रतिशत परिवर्तन ऋण, 1946			
सी०ए०—200355	1,000/-	शशीभूषण घोष एण्ड सन्स	16—9—1962	वैद्यनाथ मंडल	संयुक्त प्रबंधक का आदेश दिनांक 8—10—92 (डीवाई सं० एल० सी० ओ० 65 92—93 दिनांक 13—10—92) फाईल सं० I—2491	—
सी० ए०—198799	1,000/-	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—	—
सी० ए०—206485	200/-	पंचानन मंडल (मृत)	—वही—	—वही—	—वही—	—
सी० ए०—206486	500/-	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—	—
सी० ए०—206487	1,000/-	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—	—
सी० ए०—206488	1,000/-	—वही—	—वही—	—वही—	—वही—	—
			3 प्रतिशत प्रथम विकास ऋण 1970—75			
सी० ए० 055364	500/-	—वही—	15—10—1962	—वही—	—वही—	—
			9 प्रतिशत ऋण 2013			
सी० ए०—000099	2,00,000/-	भारतीय रिजर्व बैंक	जारी करने के बाद ब्याज नहीं दिया गया	पी० के० मिश्रा, बी० के० चौधुरी और आर० सी० बागची, न्यासी, नैशनल कं० लि० ज्यूट मील कामगार भविष्य निधि	संयुक्त प्रबन्धक का आदेश दि० 28—10—92 (डी० वाई०) सं० एल० सी० ओ० 91/92—93 दिनांक 13—10—92, फाईल सं० I—2467	—
सी०ए०—001005	5,00,000/-	—वही—	—वही—			
			राष्ट्रीय रक्षा स्वर्ण बांड 1980 "बी" शृंखला			
एम०एम०—017532	9 ग्राम	सी० पी० करुप्पय्या	27—10—67	के० धनलक्ष्मी	जे० एम० डी० वाई० सं० 119 दिनांक 19—5—92 (एम० एम० 2627)	—

1	2	3	4	5	6	7
एम०एस०-035316	2 ग्राम	बी० पी० फिलिप	27-10-67	बी० पी० फिलिप	जे०एम०डी०वाई० सं० 48 दिनांक 12-10-92 (एल० एन० 2628)	—
एम० एम०-016504	10 ग्राम	जी० सभापति	27-10-66	जी० सभापति	जे०एम०डी० वाई० सं० 64 दिनांक 29-10-92 (एल० एन० 2255)	— —
			नागपुर मंडल राष्ट्रीय सुरक्षा स्वर्ण बंधपत्र, 1980-श्रृंखला "बी"			
एन० जी०-001481	30 ग्राम	सत्यनारायण तिवारी (मृत)	27-10-66	योगेश नारायण तिवारी	सी० ओ० 390 30-6-92	—
			बंगलूर मंडल 3 1/2 प्रतिशत राष्ट्रीय योजना, ऋण 1964			
*बी० एल०-001568	500.00	भारतीय रिज़र्व बैंक	10-4-58	के० तिप्पय्या	फाइल सं० एम० एन० 305 305 प्रबंधक का आदेश दिनांक 14-9-89 और दिनांक 12-12-89 का केन्द्रीय कार्यालय का अनुमोदन	—

*अनुलिपि बांडों को शीघ्र जारी किया/चुकौती मूल्य का भुगतान प्राधिकृत

1	2	3	4	5	6	7
			कानपुर मंडल राष्ट्रीय सुरक्षा स्वर्ण बंधपत्र श्रृंखला "ए"			
के० एन०-000462	12 ग्राम	महावीर प्रसाद डागा	27-10-66	महावीर प्रसाद डागा	सी० ओ० आई० आर० 2304/50 दिनांक 30-3-88 एल० एन० जी० 138	5-11-88

मुख्य लेखाकार,
भारतीय रिज़र्व बैंक,
केन्द्रीय कार्यालय,
सरकारी और बैंक लेखा विभाग,
केन्द्रीय ऋण प्रभाग,
बम्बई-400 051 ।

भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान

कलकत्ता-700071, दिनांक 4 अक्तूबर, 1993

(चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स)

सं० 3-ई० सी० ए० (5)/3/93-94 :—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 3-ई० सी० ए० (4)/3/92-93 दिनांक 22 जनवरी, 1993, 4-ई० सी० ए० (4)/1/77-78 दिनांक 18-2-78, 3-एस० सी० ए० (4)/8/90-91 दिनांक 1 दिसम्बर, 1990 और 4-सी० ए०(1)/9/68-69 दिनांक 31 जुलाई, 1968, के संदर्भ में चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 20 के अनुसरण मे एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमो के विनियम 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद ने अपने सदस्यता रजिस्टर मे निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुन: उनके आगे दी गई तिथियों से स्थापित कर दिया है ।

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	3503	श्री नित्या नन्दा पाधी, ए० सी० ए०, प्लोट नं० 313, खारवेला नगर, यूनिट-3, भुवनेश्वर—751001 ।	1-10-92

1	2	3	4
2.	3840	श्री बिमल कुमार बसु, एफ० सी० ए०, स्यूट-सी, 1, अश्विनी दत्ता रोड, कलकत्ता-700029 ।	1-10-92
3.	6504	श्री पशुपति नाथ दारुका, ए० सी० ए०, केयर ग्रोफ ग्रार० के० भगानिया एण्ड कं०, 29ए रविन्द्रा सरानी, 2 फ्लोर, ग्रार० नं० 8, कलकत्ता-700073 ।	8-6-93
4.	7504	श्री मुखर्जी सुधरसन, ए० सी० ए०, 25 रूस्सा रोड, (साउथ), 3 लेन, कलकत्ता-700033 ।	26-8-93
5.	7713	श्री बसु अमल कुमार, ए० सी० ए०, जी० डी० 85, सैक्टर-3, साल्ट लेक सिटी, कलकत्ता-700091 ।	30-6-93
6.	9856	श्री गुप्ता अखलेन्द्रा मोहन, ए० सी० ए०, 2/2, सेवक बैद्या स्ट्रीट, कलकत्ता-700029 ।	1-10-92

ए० के० मजमदार
सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 26 अक्तूबर, 1993

सं० यू-16/53/1/89-चि०-2 (महाराष्ट्र) संग्रह-II :—कर्मचारी राज्य बीमा निगम (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसारण में तथा महानिदेशक के आदेश सं० 1024 (जी) दिनांक 23 मई, 1983 द्वारा से शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा डा० एस० आर० करनाकर को चालिसा गांव क्षेत्र में बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल-प्रमाण पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए एक वर्ष की अवधि तक (1 अक्तूबर, 1993 से 30 सितम्बर, 1994) तक या किसी पूर्ण कालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यभार ग्रहण करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, मौजूदा मानकों के अनुसार मासिक पारिश्रमिक पर चिकित्सा प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूं ।

(डा०) (श्रीमती) ए० ए० अम्बेकर
चिकित्सा आयुक्त

सं० : यू-16/53/1/89-चि०-2 (महाराष्ट्र) संग्रह-2 :—कर्मचारी राज्य बीमा निगम (साधारण) विनियम, 1950 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024 (जी) दिनांक 23 मई, 1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा बरसी के डा० बी० जी० गायकवाड को विद्यमान मानकों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर दिनांक 24 नवम्बर, 1993 से 23 नवम्बर, 1994 तक या किसी पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तक, इनमें से जो पहले हो बरसी केन्द्र के बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल-प्रमाण-पत्र की सत्यता में संदेह होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूं ।

(डा०) (श्रीमती) ए० ए० अम्बेडकर
चिकित्सा आयुक्त

वास्तुकला परिषद्

(वास्तुविद अधिनियम 1972 के अन्तर्गत निर्गमित)

नई दिल्ली, दिनांक 19 नवम्बर, 1993

एफ० नं० : सी० ए०/20/93—वास्तुकला परिषद् नियमावली 1973 के नियम 8 में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं चुनाव अधिकारी की हैसियत से नीचे दी गई सारणी के खाना 4 की सर्वाधिक प्रतिविष्ट के प्रयोजन के सारणी के खाना 1, 2 और 3 में बताई गई तारीख, समय और स्थान निश्चित करता हूं :—

सारणी

तारीख	समय	स्थान	प्रयोजन
(क) सोमवार 20-12-93	3 बजे सांय	कार्यालय वास्तुकला परिषद् 8बी, शंकर मार्किट कनाट सर्कस, नई दिल्ली—110001 ।	नामजदगी कागजात की प्राप्ति और उनकी जांच के लिए
(ख) सोमवार 27-12-93	3 बजे सांय	कार्यालय वास्तुकला परिषद् 8 बी शंकर मार्किट, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001 ।	निर्वाचकों का मतपत्र भेजने लिए
(ग) I बुधवार 12-1-94	3 बजे सांय	कार्यालय वास्तुकला परिषद् 8 बी, शंकर मार्किट कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001 ।	मतदान के लिए
II बुधवार 12-1-94	4 बजे सांय	कार्यालय वास्तुकला परिषद् 8 बी, शंकर मार्किट, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001 ।	मतपत्रों की जांच तथा उनकी गिनती के लिए ।

अशोक यादव
चुनाव अधिकारी,

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम 45वीं वार्षिक रिपोर्ट 1992-93

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 35 के अधीन निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट

नई दिल्ली-110001, दिनांक 15 अक्तूबर 1993

1. परिचालन वातावरण एवं परिदृश्य

सं. ओविनि/बोर्ड व सम./45वीं वामस/93—

1.01 दि इण्डस्ट्रियल फाइनेन्स कारपोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड निदेशक बोर्ड 30 जून, 1993 को समाप्त 15 माह की अवधि के लेखा परीक्षित लेखा विवरण सहित, औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (औविनि अधिनियम, 1948) के अधीन स्थापित पूर्ववर्ती भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (भाऔविनि) के क्रियाकलापों के बारे में अपनी 45वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है ।

1.02 दिनांक 2 अप्रैल, 1993 को औद्योगिक वित्त निगम (उपक्रम का अन्तरण एवं निरसन) अधिनियम, 1993 के अनुसरण में, दिनांक 21 मई, 1993 को दि इण्डस्ट्रियल फाइनेन्स कारपोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड को (जिसे इसमें आईएफसीआई भी कहा गया है) कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन कम्पनी के रूप में निगमित किया गया और दिनांक 24 जून, 1993 को कारोबार आरम्भ करने का प्रमाणपत्र जारी किया गया। भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, (वैंकिंग प्रभाग) द्वारा दिनांक 7 जून, 1993 को जारी अधिसूचना के अनुसार औविनि अधिनियम, 1948 के अधीन स्थापित भाऔविनि उपक्रम, दिनांक 1 जुलाई, 1993 से उपर्युक्त कम्पनी में अन्तरित एवं निहित हो गया है ।

1.03 भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) ने दिनांक 7 जून, 1993 की एक अन्य अधिसूचना द्वारा औद्योगिक वित्त निगम नियम, 1965 में संशोधन किया और भाऔविनि का कारोबार वर्ष 30 जून को समाप्त करने की अनुमति प्रदान की । इस प्रकार अपने कारोबार वर्ष 1992-93 के लिए भाऔविनि ने दिनांक 31 मार्च, 1993 की बजाए 30 जून, 1993 को लेखाबंदी की । अतः अब यह रिपोर्ट 15 माह की अवधि अर्थात पहली अप्रैल, 1992 से 30 जून, 1993 तक के लिए प्रस्तुत की जा रही है। जहां कहीं भी पिछले वर्ष के आंकड़े दिए गए हैं वे पूरे 12 माह (अप्रैल-मार्च) के लिए हैं ।

1.04 समीक्षाधीन अवधि में भाऔविनि के परिचालनों, कार्य-निष्पादनों और कार्य-परिणामों के परिप्रेक्ष्य में यह श्रेयस्कर होगा कि वर्ष 1992-93 (अप्रैल-मार्च) के दौरान विश्वव्यापी आर्थिक परिदृश्य और भारत में विद्यमान आर्थिक एवं औद्योगिक वातावरण तथा भावी संभावनाओं के बारे में संक्षिप्त रूप से विचार किया जाए ।

(क) विश्वव्यापी आर्थिक स्थिति

1.05 संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की व्यापार एवं विकास रिपोर्ट, 1992 के अनुसार सम्प्रति विश्व की अर्थव्यवस्था असमन्वित, निराशाजनक एवं समग्रतः मन्द विकास की ऐसी अवस्था में है जिसमें निकट भविष्य में बड़े पैमाने पर सुधार की बहुत कम संभावनाएं दृष्टिगोचर होती हैं । रिपोर्ट में बताया गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था की मुख्य समस्याएं संरचनात्मक स्वरूप की हैं जो अलग-अलग देश समूहों या क्षेत्रों के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार की हैं । इसका स्पष्ट उदाहरण मध्य एवं पूर्वी यूरोप के देश हैं, जहां नवीन राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक संस्थानों की स्थापना की जा रही है ।

1.06 आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) के अनुसार तथाकथित गतिशील एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की संवृद्धि की गति धीमी हो गई है, परन्तु चीन में हो रही तीव्र संवृद्धि का लाभ उन्हें मिलता रहेगा । दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाइलैंड और मलेशिया सहित दो गतिशील एशियाई अर्थव्यवस्थाएं हांगकांग और ताइवान—अपने समृद्धिशील पड़ोसियों के व्यापार, वित्तीय एवं प्रौद्योगिकीय सम्पर्क से अभी भी लाभ उठाएंगे । आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने बताया है कि जिन लैटिन अमरीकी देशों की मैक्रो आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो गई है और जिन्होंने उदार आर्थिक नीतियां अपना ली हैं, उनके कार्यकलाप अपेक्षाकृत उत्साहवर्धक रहे हैं ।

1.07 संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) के अनुमान के अनुसार 1992 में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की संवृद्धि दर 1.5% होगी और 1993 में इस संवृद्धि दर में 3% की व्यापक बढ़ोतरी होगी । उत्तरी अमरीका के सम्बन्ध में अंकटाड का अनुमान है कि 1992 में संयुक्त राज्य अमरीका की अर्थव्यवस्था की संवृद्धि दर 1.5% और कनाडा की अर्थव्यवस्था की संवृद्धि दर 2% हो जाएगी । पश्चिमी यूरोप में, मास्ट्रिट संधि के अनुसमर्थन की प्रक्रिया में व्याप्त अनिश्चितताओं के कारण भी कारोबार की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और भूटान आदि दक्षिण एशियाई देशों में आर्थिक परिदृश्य न केवल विदेशी वातावरण पर निर्भर करता है अपितु इन देशों की आन्तरिक स्थितियों जैसे—राजनैतिक स्थिरता, मौसम की स्थिति, घरेलू मांग तथा अर्थव्यवस्था की पुनर्संरचना— के सुधार की विभिन्न नीतियों के कार्यान्वयन की गति पर भी निर्भर करता है। पश्चिमी एशिया में तेल के कुछ उत्पादकों द्वारा निर्यात में वृद्धि के कारण उनके चालू लेखा घाटे में कमी होनी चाहिए ।

1.08 आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन ने यह संभावना व्यक्त की है कि 1993 में औद्योगिक देशों में आर्थिक विकास की गति धीमी रहेगी । आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने अपने आर्थिक परिदृश्य में यह संभावना व्यक्त की है कि 1993 में संयुक्त राज्य अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2.5% और 1994 में 3% वृद्धि हो जाएगी, जबकि 1992 में 1.75% की वृद्धि हुई है । संगठन का अनुमान है कि ब्रिटेन में 1993 की पहली छमाही में आर्थिक कार्य में धीमी प्रगति होगी । वर्ष 1993 में जर्मनी में आर्थिक विकास की गति धीमी ही बनी रहेगी परन्तु 1994 में मुद्रा स्फीति की गति कम होने और ब्याज दर में गिरावट आने से इसमें तीव्र सुधार होने की आशा है । फ्रांस का सकल घरेलू उत्पाद 1992 में 1.9% से घटकर 1993 में 1.6% हो जाने की संभावना है । इटली में सरकार द्वारा अपनाए गए सख्त उपायों के कारण आर्थिक विकास की गति धीमी रहेगी ।

1.09 1991 से ही विश्व अर्थव्यवस्था सुधारों में निरन्तर कमी की भविष्यवाणी करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष "विश्वव्यापी आर्थिक परिदृश्य" की नवीनतम रिपोर्ट में इस बात की

चेतावनी दी है कि यह परिदृश्य "असामान्य रूप से अनिश्चित" बना हुआ है। विश्वव्यापी सुधार के मार्ग में आने वाली सबसे बड़ी बाधा है जापान और विशेषत: यूरोप के आर्थिक कार्यों में हाल ही में आई बाजार मंदी, जिसके 1993 के अधिकांश भाग में भी बने रहने की संभावना है। यद्यपि कुछ औद्योगिक राष्ट्र इस मंदी से उबर चुके हैं, तथापि कई अन्य राष्ट्रों में विकास दर में कमी आई है। परिणामस्वरूप, विश्व उत्पादन की विकास दर 1991 में 0.5% से बढ़कर 1992 में 1.75% हो गई है। इसके बावजूद, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी भविष्यवाणी की है कि विश्व उत्पादन विकास दर 1993 में 2.25% से बढ़कर 1994 में 3.5% हो जाने में इस दिशा में सुधार की स्थिति सुदृढ़ बनी रहेगी।

1.10 मुद्रा कोष द्वारा पृथक-पृथक अर्थव्यवस्था के आकार और विश्व अर्थव्यवस्था में उनके स्थान निर्धारित करने के लिए बाजार विनिमय दरों की बजाय क्रय शक्ति समता (पीपीपी) का उपयोग करने के कारण कुछ विरोधाभास उत्पन्न हुए हैं। इससे समग्रत: विश्व तथा विभिन्न क्षेत्रों की विकास दर भी प्रभावित हुई है। विकासशील देशों का स्थान 17.7% से बढ़कर 34.4% हो गया है जबकि उद्योगीकृत देशों का स्थान 73.2% से घटकर 54.4% रह गया है तथा पूर्वी यूरोप एवं स्वतंत्र देशों के राष्ट्रमंडल का स्थान 9.1% से बढ़कर 11.2% हो गया है। इस आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 1992 में इसका मूल्यांकन 1105 बिलियन डालर आंका गया था। क्रय शक्ति समता पर आधारित उपायों में विश्व अर्थव्यवस्था में सुदृढ़ विकास निहित होगा जिसमें 1983 और 1992 के बीच वार्षिक आधार पर लगभग 0.5% औसत सुधार होने की आशा है।

(ख) भारतीय अर्थव्यवस्था 1992-93

1.11 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 1992-93 का वर्ष एक अस्त-व्यस्त वर्ष रहा है। श्रेष्ठ प्रतिभूति और स्टाक बाजार में प्रतिभूति घोटाले के कारण उदारीकरण की प्रक्रिया कुछ समय के लिए थम सी गई। दिसम्बर, 1992 तथा जनवरी, 1993 में हुए साम्प्रदायिक एवं अन्य दंगों का भी इस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। वस्तुत: अत्यधिक अच्छी फसल होने और भुगतान संतुलन की स्थिति स्थिर रहने के कारण मूल्य नियंत्रित रहे। 1992-93 के दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर बढ़कर 3% होने की संभावना है जबकि 1991-92 के दौरान इसमें 1.2% की अल्प वृद्धि हुई। तथापि, सरकार के हाल ही के निर्णयों से इस बात की पुष्टि होती है कि अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की प्रक्रिया पुन: आरम्भ हो चुकी है और 1993-94 में सकल घरेलू उत्पाद में 5% की वृद्धि रखने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।

कृषि क्षेत्र

1.12 सकल घरेलू उत्पाद में कृषि तथा इससे संबद्ध क्रियाकलाप, सदैव बड़े एकल सहयोगी हैं, जो कुल सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 35% का योगदान देते हैं। पिछले चार दशकों में भारत में कृषि क्षेत्र में तीव्र प्रगति हुई है। तिलहन (लगभग 21 मिलियन टन), कपास (12 मिलियन गांठें) सहित कई उपयोगी वस्तुओं के उत्पादन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और 1992-93 के दौरान, खाद्यान्न उत्पादन अब तक का सबसे अधिक 181.2 मिलियन टन रहा जो भारतीय कृषि में समुत्थान शक्ति का द्योतक है और जिसने निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त किया है।

1.13 आठवीं योजना में उत्पादकता में निरन्तर सुधार करते हुए तथा कृषि निर्यात को बढ़ावा देते हुए इस क्षेत्र में देश की क्षमता बढ़ाने के लिए, कृषि उत्पादन में वर्षों से निर्मित आधार से लाभ अर्जित करने का लक्ष्य रखा गया है। सातवीं योजना में हुए 11.23% कुल कृषि निवेश को बढ़ाकर आठवीं योजना में 18.65% करने का प्रस्ताव है। योजना अवधि के दौरान 7,98,000 करोड़ रुपए के कुल निवेश में से 1,48,800 करोड़ रुपए कृषि में निवेश करने का लक्ष्य रखा गया है। 1993-94 के दौरान कृषि तथा इससे संबंधित वस्तुओं के निर्यात का लक्ष्य 2255 मिलियन डालर निर्धारित किया गया जो कि पिछले वर्ष की तुलना में डालर मुद्रा में 12.5% वृद्धि का द्योतक है। 1992-93 के दौरान इन निर्यातों के लक्ष्य का स्तर 2000 मिलियन डालर रखा गया है।

औद्योगिक क्षेत्र

(i) नीति पहल

1.14 जुलाई, 1991 में नई औद्योगिक नीति की घोषणा के बाद निगमित क्षेत्र के क्रियाकलापों से संबंधित प्रवेश, लाइसेंसिंग और नियंत्रण के बारे में सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर अनुदेशों में ढील दी गई। 1992-93 में आरम्भ किए गए नीति संबंधी उपायों का मूलाधार इन सुधारों को और अधिक मजबूत बनाना और उन्हें उद्योग के अन्य क्षेत्रों में लागू करना है। औद्योगिक अल्कोहल, मोटर कार, उपभोक्ता सामग्री (रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, एयर कण्डीशनर), खाल और चमड़े के कुछ सामान, के बड़े पैमाने के उत्पादन के निर्माण को, लाइसेंस के दायरे से हटा दिया गया है। अनिवार्य लाइसेंसिंग के अंतर्गत आने वाले उद्योगों अथवा प्रतिबंधित क्षेत्रों में स्थित उद्योगों को छोड़कर, आधुनिकीकरण/नवीकरण हेतु क्षमता विस्तार के लिए अनुमोदन प्राप्त करने की पद्धति को समाप्त कर दिया गया।

1.15 निजी क्षेत्र (विदेशी निवेशकों सहित) को तेल की खोज और परिशोधन में निवेश, जो पहले सरकारी क्षेत्र के लिए आरक्षित थे, के लिए आमंत्रित किया गया। सरकार ने उन सभी 13 श्रेणियों को भी निजी क्षेत्र में लाने का निर्णय लिया जो अब तक पूर्ण रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित थे। विद्युत क्षेत्र को भी घरेलू और विदेशी दोनों प्रकार के निजी निवेश के लिए मुक्त कर दिया गया और केन्द्र सरकार के 1993-94 के बजट में विद्युत उत्पादन और वितरण अथवा मात्र विद्युत उत्पादन करने वाली नवीन परियोजनाओं हेतु पांच वर्ष के लिए कर अवकाश योजना भी आरम्भ की गई। लाइसेंसिंग नीति, टैरिफ एवं शुल्कों, आदि सहित अनेकानेक मामलों में उद्यमियों की सहायता करने के लिए निवेश संवर्धन एवं परियोजना अनुवर्तन कक्ष की स्थापना की गई।

1.16 औद्योगिक संवृद्धि को पुन: उपयुक्त स्वरूप प्रदान करने के लिए राजस्व तथा आर्थिक नीतियों के क्षेत्रों में भी अनेक उपाय आरम्भ किए गए। 1992-93 के बजट में उदार विनिमय दर प्रबंध पद्धति की घोषणा की गई जिसके अधीन अर्जित विदेशी मुद्रा की 60% राशि को विनिमय की बाजार दरों पर परिवर्तित करने की अनुमति दी गई। इससे आयातित पूंजीगत माल, प्रौद्योगिकी तथा कच्चे माल तक पहुंच की व्यापक सुविधा प्राप्त हुई। व्यापार लेखा हेतु रुपए को पूर्णत: परिवर्तनीय बनाने के लिए उदार विनिमय दर प्रबंध पद्धति को

दिनांक 1 मार्च, 1993 से आशोधित किया गया। व्यापार नीति को उदार बनाया गया और आयात की प्रतिबंधित सूची में बड़े पैमाने पर कटौती की गई।

1.17 विदेशी निवेश के प्रवाह को गतिशील बनाने के उद्देश्य से उपभोक्ता माल क्षेत्र के कुछ विनिर्दिष्ट उद्योगों को छोड़कर, सभी विदेशी निवेश अनुमोदनों पर लाभांश संतुलन के संबंध में अब तक लगे प्रतिबंध को हटा लिया गया। अग्रता वाले उद्योगों की सूची, जहां 51% तक के विदेशी निवेश की स्वतः अनुमति थी, को संशोधित किया गया तथा पहले वाले वर्गीकरण को युक्तिसंगत बनाया गया और उनमें नई मदें शामिल की गयीं। सरकार ने जहाजरानी कम्पनियों तथा सॉफ्टवेयर उद्योग में 51% विदेशी इक्विटी भागीदारी की अनुमति प्रदान की। उच्च अग्रता वाले उद्योगों में विस्तार कार्यक्रम के रूप में विदेशी इक्विटी जुटाने को इच्छुक कम्पनियों तथा विस्तार कार्यक्रम न रहने पर भी प्रमुखतः उच्च अग्रता वाले उद्योगों में लगी कम्पनियों को इक्विटी आधार बढ़ाने हेतु 51% तक विदेशी निवेश जुटाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (भारिबैंक) का स्वतः अनुमोदन उपलब्ध होगा। घरेलू बाजारों में बेची गयी वस्तुओं में विदेशी ब्रांड अथवा ट्रेड मार्क के इस्तेमाल करने के प्रतिबंधों को हटा लिया गया। खनन उद्योग में विदेशी इक्विटी की सीमा को बढ़ाकर 50% कर दिया गया। नान-कोप्टिव खानों में विदेशी पार्टियों द्वारा 50% से अधिक इक्विटी भागीदारी करने के बारे में मामले वार आधार पर विचार किया जाएगा। विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा) को संशोधित किया गया और फेरा कम्पनियों पर लगे अधिकांश निवेश प्रतिबंधों को हटा लिया गया। अनिवासी भारतीयों तथा प्रमुखतः उनके स्वामित्व वाले विदेशी निगमित निकायों को पूर्ण प्रत्यावर्तन लाभ सहित उच्च अग्रता क्षेत्रों में 100% विदेशी इक्विटी निवेश की अनुमति प्रदान की गयी। निर्यात एवं व्यापार गृहों, होटलों और पर्यटन से संबंधित उद्योगों में भी अनिवासी भारतीयों को पूर्ण प्रत्यावर्तन लाभ सहित 100% निवेश की अनुमति दी गयी। भारत ने दिनांक 13 अप्रैल, 1992 को विदेशी निवेशों की संरक्षा के लिए मल्टीलेटरल इन्वेस्टमेंट गारण्टी एजेंसी प्रोटोकोल पर भी हस्ताक्षर किए।

1.18 औद्योगिक रूप से अत्यधिक पिछड़े हुए राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में उद्योगीकरण को प्रोत्साहन प्रदान करने के कार्य को अत्यधिक महत्वपूर्ण बनाने के उद्देश्य से 1993-94 के केन्द्रीय बजट में इन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित नए औद्योगिक उपक्रमों के लिए पांच वर्ष के लिए कर अवकाश की घोषणा की गई।

1.19 सरकार ने विनियमन की अपनी नीति के अनुसार फास्फेटिक उर्वरकों तथा शीरे से नियंत्रण समाप्त करने की भी घोषणा की। चीनी कोटा शुल्क को 45% से घटाकर 40% करके चीनी उद्योग को प्रोत्साहन प्रदान किया गया जिससे खुले बाजार में कोटा को 60% कर दिया गया।

1.20 इस बात को स्वीकार किया गया कि उद्योगों के विनियमन एवं उदारीकरण तथा अर्थव्यवस्था को विश्वव्यापी आधार प्रदान करने के फलस्वरूप आधुनिकीकरण एवं प्रौद्योगिकी उन्नयन की दिशा में देश तेजी से अग्रसर होगा। आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में श्रमिक शक्ति को सक्रिय उत्पादक भागीदार बनाए रखने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय पुनर्नवीकरण निधि की स्थापना की। इस निधि ने 1992-93 में सक्रिय रूप से अपना कार्य आरम्भ किया तथा आधुनिकीकरण एवं प्रौद्योगिकी उन्नयन के फलस्वरूप आवश्यकता पड़ने पर यह निधि श्रमिकों के पुनः प्रशिक्षण एवं पुनर्नियोजन में सहायता प्रदान करेगी। यह निधि संरचनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रियाधीन औद्योगिक इकाइयों में नियोजित श्रमिकों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगी।

(2) औद्योगिक कार्य-निष्पादन

(क) प्रमुख क्षेत्र

1.21 1991-92 (अप्रैल-मार्च) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में 0.1% की गिरावट के मुकाबले 1992-93 (अप्रैल-मार्च) के दौरान 1.3% की वृद्धि हुई। विनिर्माण क्षेत्र में पिछले वर्ष में 1.6% की गिरावट हुई थी, जबकि समीक्षाधीन वर्ष में 0.6% की वृद्धि हुई। खनन एवं खदान क्षेत्र में पिछले वर्ष 0.3% वृद्धि की तुलना में 1.5% विस्तार हुआ। विद्युत क्षेत्र में संवृद्धि जो 1991-92 में 8.5% थी, वह 1992-93 में घटकर 5% रह गयी। 1992-93 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि की सबसे चिन्ताजनक स्थिति यह थी कि उक्त वर्ष की अंतिम तिमाही में इसमें काफी तेजी से गिरावट आयी। वर्ष की पहली तीन तिमाहियों के दौरान औद्योगिक उत्पाद में 3.7% की बढ़ोतरी हुई, परन्तु 1992-93 की अंतिम तिमाही में इसमें लगातार गिरावट होती रही।

(ख) बड़े उद्योग

1.22 1992-93 के दौरान बिक्री योग्य कुल 16 मिलियन टन इस्पात-उत्पादन 1991-92 की तुलना में 14.6% अधिक था। समन्वित इस्पात संयंत्रों के उत्पादन में 13.4% और गौण इस्पात उत्पादों में 19% की वृद्धि हुई। 54.14 मिलियन टन का सीमेंट उत्पादन 1991-92 के मुकाबले केवल 0.2% अधिक था, परन्तु 56 मिलियन टन के लक्ष्य से कम था। नाइट्रोजन उर्वरकों का उत्पादन 7.43 मिलियन टन हुआ जो कि 1991-92 के 7.34 मिलियन टन के उत्पादन से 1.8% अधिक था। इसी अवधि के दौरान फास्फेट उर्वरकों का उत्पादन 2.56 मिलियन टन से घटकर 2.30 मिलियन टन हुआ जिसके फलस्वरूप इसमें 10% की गिरावट आई। कास्टिक सोडा का उत्पादन पिछले वर्ष के 10.18 लाख टन के उत्पादन से 4.4% बढ़कर 10.62 लाख टन हो गया। सोडा एश का उत्पादन 1991-92 में 13.27 लाख टन की तुलना में 1992-93 के दौरान 13.83 लाख टन हुआ।

1.23 वस्त्र क्षेत्र में 1992-93 के दौरान कुल 23,140 मिलियन वर्ग मीटर कपड़े का उत्पादन हुआ जो पिछले वर्ष के 22,588 मिलियन वर्ग मीटर कपड़े के उत्पादन की तुलना में 2.4% अधिक था। 4,869 करोड़ रुपये के सूती कपड़े के निर्यात में 1992-93 में 27% की शानदार संवृद्धि हुई, जबकि धागे का उत्पादन 1819 मिलियन किलोग्राम हुआ जो कि 1991-92 में उत्पादित 1684 मिलियन किलोग्राम से 8% अधिक था तथा मिल क्षेत्र द्वारा फैब्रिक्स के उत्पादन में 1992-93 में 5% की गिरावट आई। मानवनिर्मित फाइबर/धागे का उत्पादन 1991-92 में 6.84 लाख टन था जो समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 11.4% बढ़कर 7.62 लाख टन हो गया। सिन्थेटिक फाइबर के निर्यात में 1991-92 के मुकाबले मूल्य की दृष्टि से 30% की वृद्धि हुई।

1.24 1992-93 के दौरान चीनी का उत्पादन 125.85 लाख टन हुआ जो कि 1991-92 में उत्पादित 129.68 लाख

टन के मुकाबले 3% कम था। चमड़ा उद्योग में 1992-93 के दौरान 4% की संवृद्धि हुई और इस उद्योग का सबसे अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाले उद्योगों में चौथा स्थान रहा। रबड़ का उत्पादन 4.50 लाख टन हुआ जो कि 1991-92 में हुए 4.24 लाख टन की तुलना में 6.1% अधिक था। 209 लाख आटोमोबाइल टायरों का उत्पादन किया गया जो कि 1991-92 में उत्पादित टायरों से 7.9% अधिक था।

1.25 पूंजीगत माल उद्योग 1992-93 में भी संकटग्रस्त रहे। बिजली मशीन उद्योग में 1991-92 के दौरान 12.5% की कमी आई थी परन्तु 1992-93 में 1.5% की और अधिक कमी आई। धातु उत्पादनों में 1991-92 में 7% और 1992-93 में 5% की गिरावट आई। इसी प्रकार गैर बिजली मशीन उद्योग में 1991-92 एवं 1992-93 में क्रमश: 2.9% एवं 3% की गिरावट आई। परिवहन उपस्कर उद्योग में 1992-93 के दौरान 2.5% की संवृद्धि हुई परन्तु आटोमोबाइल उद्योग में गिरावट जारी रही। चार पहियों वाले वाहनों की श्रेणी में वाणिज्यिक वाहनों की स्थिति सबसे खराब रही परन्तु आटो अनुषंगी उद्योग का कार्य सराहनीय रहा।

(ग) अवस्थापना

1.26 जहां तक अवस्थापना उद्योगों का सवाल है, 1992-93 में खनिज तेल का उत्पादन 26.94 मिलियन टन था जो कि 1991-92 के 30.35 मिलियन टन के उत्पादन स्तर से 11.2% कम रहा परन्तु यह भी 1989-90 के उत्पादित 33.03 मिलियन टन खनिज तेल के अधिकतम स्तर से 8.1% कम था। खनिज तेल के घरेलू उत्पादन में गिरावट के फलस्वरूप आयातों पर निर्भरता बढ़ी। 1992-93 के दौरान, अनुमानत: 29.42 मिलियन टन खनिज तेल का आयात किया गया। 1992-93 के दौरान कोयले का उत्पादन 238.23 मिलियन टन (कुकिंग कोल 45.40 मिलियन टन तथा गैर कुकिंग कोल 192.83 मिलियन टन) हुआ जो कि 1991-92 के उत्पादन की तुलना में 3.9% अधिक था। 1992-93 में पन बिजली उत्पादन में 3.9% की गिरावट के बावजूद बिजली उत्पादन 5% बढ़कर 301 बिलियन किलोवाट हुआ। ताप संयंत्र का औसत प्लांट लोड फैक्टर 1991-92 में 55.3% था जो 1992-93 में बढ़कर 57.1% हो गया। 1992-93 में संप्रेषण एवं वितरण संबंधी क्षय लगभग 23% था। रेलवे ने 349.61 मिलियन टन माल ढोया जो कि 1991-92 की तुलना में 5.8% अधिक था।

(घ) निगमित कार्य निष्पादन

1.27 मार्च, 1993 को समाप्त वर्ष के घोषित परिणामों से स्पष्ट है कि निगमित क्षेत्र का कार्यनिष्पादन अच्छा रहा। सेंटर फार मानिटरिंग दि इण्डियन इकानामी, बम्बई (सीएमआईई) (अर्धवार्षिक इकनामिक आउटलुक-जून, 1993 में प्रकाशित) के अनुसार 617 कम्पनियों के संबंध में किए गए एक सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि निगमित क्षेत्र की निवल बिक्री 18.7% बढ़ी है जो पिछले वर्ष में हुई 18.1% की वृद्धि से थोड़ा सा अधिक है। सकल लाभ की संवृद्धि दर में 1989-90 में 37% की वृद्धि हुई थी लेकिन उसके बाद से संवृद्धि दर में लगातार गिरावट आई है, जो 1992-93 में घटकर मात्र 13% रह गई। दूसरी ओर निवल लाभ की स्थिति में काफी सुधार हुआ और 1990-91 में हुई 37% की संवृद्धि गिरकर 1991-92 में मात्र 5% रह गई थी परन्तु 1992-93 में निवल लाभ की संवृद्धि में सुधार हुआ और निवल लाभ की संवृद्धि 14.5% हुई। बड़ी कम्पनियां (सर्वेक्षण के अनुसार ऐसी 121 कम्पनियां जिनकी टर्न ओवर 100 करोड़ रुपए से ऊपर है) के कार्य-परिणाम मध्यम एवं लघु कम्पनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम प्रभावकारी रहे। मध्यम एवं लघु कम्पनियों की बिक्री में सकल लाभ में लगभग 7% और निवल लाभ में लगभग 9% की वृद्धि हुई। इन कम्पनियों ने मूलत: "अन्य स्रोतों" की आय से लाभ अर्जित किया है।

विदेश व्यापार एवं भुगतान संतुलन

(1) नीतिगत उपाय

1.28 1992-93 में निर्यात क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से और विशेष रूप से मात्रा के आधार पर 8वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 13.6% निर्यात संवर्धन के संदर्भ में, 1992 से 1997 तक की पांच वर्ष की अवधि के लिए एक नई आयात-निर्यात नीति की घोषणा की गई। नई आयात-निर्यात नीति का मूलाधार स्वतंत्रता सुनिश्चित करना तथा व्यापार को नियन्त्रणों से मुक्त करना है। निर्यात कार्य के लिए अपेक्षित आयातित उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनेक योजनाओं में परिवर्तन किए गए हैं जिनमें ड्यूटी छूट योजना (डीईएस), निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल योजना (ईपीसीजीएस) तथा ड्यूटी ड्रा बैंक स्कीम (डीबीएस) शामिल हैं, ताकि निर्यात उत्पादन के लिए निर्यातकों को अन्तरराष्ट्रीय कीमत पर अथवा उसके आस-पास की कीमतों पर कच्चा माल, कल-पुर्जे, संघटक इत्यादि एवं पूंजीगत माल उपलब्ध कराया जा सके। अन्तरराष्ट्रीय मूल्य प्रतिपूर्ति योजना (आईपीआरएस) की समीक्षा की गई है और उसके क्षेत्र में विस्तार किया गया ताकि निर्यातक घरेलू बाजार में उपलब्ध लोहा एवं इस्पात का उपयोग कर सकें और अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बनाए रखें। अधिकाधिक निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए आयात की नकारात्मक सूची की कुछ मदों के आयात के लिए कुछ श्रेणियों के निर्यातकों को विशेष आयात लाइसेंस प्रदान किए गए हैं। निर्यात प्रोसेसिंग जोन एवं निर्यातोन्मुख इकाइयों की योजनाओं में विस्तार किया गया है ताकि इनके अंतर्गत पहले से अनुमत्य विनिर्माण क्रियाकलापों के अतिरिक्त कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित क्रियाकलापों को भी शामिल किया जा सके। निर्यात में वृद्धि करने के लिए वस्तु विशेष कार्य नीति के एक भाग के तौर पर एक्स्ट्रीम फोकस प्राडक्टस के रूप में 1992-93 के दौरान 34 ऐसे उत्पादों को रखा गया है, जिनमें मात्रा एवं मूल्य के संदर्भ में 30% की संवृद्धि की निर्यात क्षमता है। विदेशों में इक्विटी भागीदारी वाले संयुक्त उद्यमों की स्थापना सुविधाओं के संबंध में नए मार्गनिर्देश जारी किए गए हैं। एक्जिम स्क्रिप्स प्रणाली के स्थान पर मार्च, 1992 में रुपए की आंशिक संपरिवर्तनीयता आरम्भ की गई जिसे पहली मार्च, 1993 से व्यापार लेखे के लिए पूर्ण संपरिवर्तनीय बना दिया गया।

1.29 निर्यात प्रयासों में समर्थन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजकोषीय, वित्तीय, मौद्रिक एवं औद्योगिक नीतियों में भी परिवर्तन किए गए हैं। 1992-93 के दौरान आयात टैरिफ स्तरों में पहले 150% के अधिकतम स्तर तक की कमी की गई जिसे कम करके पुन: 110% और बाद में फिर 85% कर दिया गया। इसके अतिरिक्त समकक्ष निर्यातों को टर्मिनल

उत्पाद शुल्क की वापसी की मंजूरी दी गई है। निर्यात हेतु वित्त की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयोजन से निर्यात उधार पर ब्याज की दर, जो कि 24 फरवरी, 1992 से एक प्रतिशत पवाइंट कम कर दी गई थी, को 9 अक्तूबर, 1992 से एक प्रतिशत प्वाइंट और घटा दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए अनुदेश जारी किए कि बैंकों द्वारा दिए जाने वाले निवल बैंक उधार का कम-से-कम 10% जून, 1993 के अंत तक निर्यात क्षेत्र को उपलब्ध कराया जाए। बैंकों को यह सुनिश्चित करने की भी सलाह दी गई है कि उनके द्वारा निर्धारित न्यूनतम अनुभेय वित्तीय सीमाओं का उपयोग इस प्रकार न किया जाए कि वे निर्यात उधार के लिए बाधक तत्व बनें।

1.30 निवेश प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक अतिरिक्त उपाय किए गए : प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, पोर्टफोलियो निवेश, एनआरआई निवेश तथा ग्लोबल डिपोजिटरी रसीदों में निक्षेप एवं निवेश। ऊपर पैरा 1.17 में जो बताया गया है उसके अतिरिक्त सरकार ने विख्यात विदेशी संस्थानात्मक निवेशकों (एफआईआई) को इस शर्त के अधीन भारतीय पूंजी बाजार में निवेश करने की अनुमति दी है कि वे भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड में पंजीकरण कराएं और विदेशी मुद्रा विनिमयन अधिनियम के अन्तर्गत भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त करें। उपर्युक्त विदेशी संस्थानात्मक निवेशकों द्वारा प्रमुख एवं गौण बाजारों में किया जाने वाला पोर्टफोलियो निवेश किसी कम्पनी में निर्गम शेयर पूंजी के 24% की समग्र सीमा की शर्त के अधीन होगा।

व्यापार कार्य-निष्पादन एवं विदेशी मुद्रा रिजर्व

1.31 1991-92 के दौरान डालर के संदर्भ में, निर्यात में 1.1% की कमी आई थी परन्तु वर्ष 1992-93 में 3.6% की वृद्धि हुई। सामान्य मुद्रा क्षेत्रों (जीसीए) में निर्यात 1991-92 के दौरान हुई 6.2% की बढ़ोतरी की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 10.8% की वृद्धि हुई। निर्यात के रुपया भुगतान क्षेत्र (आरपीए) में 62.8% की गिरावट आई जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुई 42.4% की गिरावट से काफी अधिक थी। 1992-93 के दौरान आयातों में (डालर के संदर्भ में) 12.1% वृद्धि हुई। पेट्रोलियम, तेल एवं लुब्रिकेंट्स (पीओएल) पदार्थों के आयात में 20.9% की वृद्धि हुई तथा गैर-पीओएल आयात में 8.7% की वृद्धि हुई।

1.32 विदेशी मुद्रा रिजर्व (सोना एवं विशेष आहरण अधिकारों को छोड़कर) अगस्त, 1991 के अंत में मात्र 1141 मिलियन डालर रह गया था परन्तु मार्च, 1993 के अंत तक यह बढ़कर 6434 मिलियन डालर हो गई।

वित्तीय क्षेत्र

(1) वित्तीय क्षेत्र में सुधार

1.33 नरसिंहम समिति की सिफारिशों के अनुसरण में वित्तीय क्षेत्र में सुधार सम्बन्धी कार्य-नीतियां प्रारम्भ की गई ताकि संतुलित विनिमयन एवं पर्यवेक्षण के अधीन विशालित, प्रतिस्पर्धात्मक एवं बाजारोन्मुख वित्तीय प्रणाली विकसित की जा सके। सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) में कमी की गई और इसमें तीन वर्षों के दौरान 25% की और कमी करने का लक्ष्य है। आशा है कि इस कमी के फलस्वरूप व्यापार एवं उद्योग को दिए जाने वाले उधार के लिए और अधिक निधियां उपलब्ध हो सकेंगी। अतिरिक्त उधार योग्य संसाधनों के निर्गम द्वारा नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी कमी की गई है। निक्षेप दरों एवं उधार दरों की संख्या में कमी करके ब्याज दर ढांचे को युक्तिसंगत बनाया गया है।

1.34 भारतीय रिजर्व बैंक ने आय की मान्यता, परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण एवं अशोध्य ऋणों के प्रावधान से सम्बन्धित नए विवेकसम्मत मानदण्डों के लिए बैंकों को मार्गनिर्देश जारी किए हैं। अन्तर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत बास्ले समिति के मानदण्डों के अनुसार न्यूनतम पूंजी मानक निर्धारित किए गए हैं। जिन भारतीय बैंकों की शाखाएं विदेशों में हैं, उन्हें 31 मार्च, 1994 तक जोखिम भारित परिसम्पत्तियों एवं तुलन-पत्र की अलावा अन्य मदों के कुल जोड़ के 8% के समकक्ष अक्षुण्ण न्यूनतम पूंजी निधि प्राप्त करनी होगी। अन्य बैंकों को 31 मार्च, 1993 तक 4% एवं 31 मार्च, 1996 तक 8% का पूंजी पर्याप्तता मानदण्ड प्राप्त करना होगा। भारत में कार्य कर रहे विदेशी बैंकों को 31 मार्च, 1993 तक 8% का उपर्युक्त मानदण्ड प्राप्त करना था। यह भी निर्णय लिया गया है कि उन बैंकों को, जो ऐसा करने की स्थिति में हैं, अगले तीन वर्षों के दौरान अपनी पूंजीगत आवश्यकताओं में कमी को पूरा करने के लिए नयी इक्विटी जुटाने हेतु पूंजी बाजार में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। यद्यपि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय संस्थानों के लिए इस संबंध में कोई मार्गनिर्देश जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन आशा है कि उपर्युक्त आधार पर शीघ्र ही मार्गनिर्देश जारी किए जाएंगे।

1.35 इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रवेश से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, समाज के सभी वर्गों को कम लागत पर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी और कार्य क्षमता सुनिश्चित की जा सकेगी, निजी क्षेत्र में नए बैंकों की स्थापना के लिए मानदण्ड बनाए एवं घोषित किए गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अन्तर्गत वित्तीय अधीक्षण हेतु एक पृथक बोर्ड की स्थापना करके पर्यवेक्षण व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है।

(2) मुद्रा एवं ऋण नीति

1.36 मुद्रा स्फीति में कमी लाने के लिए 1992-93 में समग्र मुद्रा नीति कुल मिलाकर प्रतिबन्धात्मक रही, लेकिन अर्थ-व्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कुछ हद तक छूट प्रदान की गई। 2.00 लाख रुपए से अधिक के अग्रिमों के लिए न्यूनतम उधार दर दो स्तरों में 19% से 17% तक कर दी गई और जून, 1993 में इसे और कम करके 16% कर दिया गया। बैंकों को अनिवासी अन्य (रुपया) खातों तथा घरेलू सावधि निक्षेप राशियों पर ब्याज दर निर्धारित करने की स्वतन्त्रता प्रदान की गई बशर्ते कि यह क्रमशः अधिकतम 12% एवं 11% हो। सूती वस्त्रों, कपास, सब्जियों के बीजों, वनस्पति तेलों पर चयनात्मक ऋण नियंत्रणों में ढील प्रदान की गई। बैंकों द्वारा जून, 1993 तक निवल बैंक ऋण की न्यूनतम 10% राशि निर्यातकों को ऋण के रूप में उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। निर्यात ऋण पर ब्याज दर में एक प्रतिशत प्वाइंट की कमी की गई। निवल अवधि एवं मांग देयताओं पर मार्च, 1992 तक एसएलआर में चरणबद्ध रूप में 38.5% से 37.75% तक की कमी की गई। अप्रैल, 1993 में एसएलआर में प्रतिशत के एक अंक तक पुनः कमी की घोषणा की गई; एसएलआर में चार बार में प्रत्येक बार 0.25% की कमी की जाएगी, जिसमें अन्तिम कम 13 नवम्बर, 1993 से प्रभावी होगा। परन्तु 3 अप्रैल, 1992 के स्तर से निवल मांग और समय देयताओं में किसी भी वृद्धि के लिए 30% एसएलआर निर्धारित किया गया है। सीआरआर को दो चरणों में 15% से कम करके 14%

किया गया । दूसरे चरण को 15 मई, 1993 से प्रभावी किया गया ।

1.37 अब वाणिज्यिक बैंकों को अन्तर्राष्ट्रीय ब्याज दरों से संबंधित दरों पर निर्यात बिलों की पुनर्भुनाई के लिए अनुमति प्रदान की जाएगी । एक नया विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता (बैंक) आरम्भ किया जाएगा जिसमें विनिमय सम्बन्धी जोखिम भारतीय रिजर्व बैंक की बजाय बैंकों द्वारा वहन किया जाएगा । विदेशी बैंकों से कहा गया है कि वे जून, 1993 तक प्राथमिकता क्षेत्र उधार लक्ष्य प्राप्त कर लें, यदि इसमें कोई कमी रहती तो उसे भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक में 10% वार्षिक की ब्याज दर पर, कमी के समकक्ष राशि को जमा कराकर पूरा करना होगा। इसके अतिरिक्त भविष्य में विदेशी बैंकों के लिए प्राथमिकता क्षेत्र उधार के सम्बन्ध में कुल लक्ष्य घरेलू बैंकों के समान ही होगा तथा इसमें निर्यात ऋण भी शामिल होगा । विदेशी बैंकों को 32% के निर्यात ऋण सहित प्राथमिकता क्षेत्र उधार लक्ष्य मार्च, 1994 तक प्राप्त कर लेने चाहिए ।

(3) मुद्रा एवं ऋण प्रवृत्ति

1.38 1992-93 में मुद्रा विस्तार के सम्बन्ध में कुछ नियमन किए गए हैं । वित्तीय वर्ष 1992-93 के दौरान एम 3 (कुल मुद्रा स्त्रोत) के विस्तार की दर 1991-92 में 51,558 करोड़ रुपये (19.3%) की तुलना में 41,817 करोड़ रुपये (13.1%) रही । यद्यपि 1992-93 में एम 3 में विस्तार की दर 10.4% की लक्षित संवृद्धि दर से काफी अधिक रही।

1.39 1992-93 के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल निक्षेपों में 36,389 करोड़ रुपये (15.8%) की वृद्धि हुई जबकि 1991-92 में यह वृद्धि 38,217 करोड़ रुपये (19.8%) थी । 1992-93 के दौरान मांग नोटिसों में 650 करोड़ रुपये (1.5%) की मामूली वृद्धि हुई जबकि वर्ष 1991-92 में 11,896 करोड़ रुपये (35.8%) की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई थी । 1992-93 के दौरान मांग जमा राशियों में 35,729 करोड़ रुपये (10.2%) की प्रभावशाली संवृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष यह संवृद्धि 26,321 करोड़ रुपये (16.5%) थी ।

(5) पूंजी बाजार एवं निवेश परिदृश्य

1.40 बैंकिंग पद्धति में सुधार के साथ-साथ ही पूंजी बाजार में इसी प्रकार के सुधार प्रारम्भ किए गए। 30 जनवरी, 1992 को एक अध्यादेश जारी करके भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड को सांविधिक दर्जा प्रदान किया गया। पूंजी निर्गम (नियंत्रण) अधिनियम, 1947, जिसके अधीन सरकार पूंजी निर्गमों की मात्रा एवं मूल्य पर नियंत्रण रखती थी, को निरस्त कर दिया गया तथा पूंजी निर्गम नियंत्रक (सीसीआई) कार्यालय को समाप्त कर दिया गया । चुनिंदा भारतीय कम्पनियों को विदेश पूंजी बाजार में प्रवेश करने की अनुमति प्रदान की गयी । भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड ने पूंजी बाजार का नियंत्रण तथा दलालों, उप दलालों एवं डीलरों का पंजीकरण आरम्भ किया । विदेशी संस्थानात्मक निवेशकों को भारतीय कम्पनियों में निवेश की अनुमति दी गयी । म्यूचुअल फण्डस एवं पोर्टफोलियो प्रबंधकों को भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड की नियंत्रण शक्तियों के दायरे में लाया गया ।

1.41 पूंजी बाजारों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए व्यापार प्रणाली एवं प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं में सुधार करने की आवश्यकता महसूस की गयी ताकि बढ़े हुए कार्यों को पूरा किया जा सके । इस उद्देश्य के लिए वित्तीय संस्थानों एवं बैंकों ने नेशनल स्टाक एक्सचेंज आफ इण्डिया लि. की स्थापना की। भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी प्रतिभूतियों एवं सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को बोंडों को सक्रिय गौण बाजारों का आधार प्रदान करने के लिए सिक्योरिटीज ट्रेडिंग कारपोरेशन आफ इण्डिया की स्थापना का प्रस्ताव किया है ।

1.42 ब्याज दर में बढ़ोतरी करके तथा प्रतिभूतियों की नीलामी की पद्धति आरम्भ करके सरकारी प्रतिभूतियों के लिए बाजार को मजबूत बनाने हेतु कदम उठाये गये । इन प्रतिभूतियों के लिए पुनर्वित्त की सुविधा भी प्रदान की गयी। 91 दिवसीय और नवीन 364 दिवसीय ट्रेजरी बिलों की नीलामी प्रारम्भ हो गयी है ।

1.43 पूंजी निर्गम नियंत्रक के कार्यालय के बंद किए जाने के पश्चात स्टाक बाजारों के लिए भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड को नियंत्रक निकाय बना दिया गया । भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड ने पूंजी बाजार में प्रवेश करने वालों को, पर्याप्त रूप से सूचना प्रस्तुत करने की शर्तों के अधीन निर्गम प्रलेखों के मूल्य निर्धारण के बारे में स्वतंत्रता प्रदान की । अधिकांश कम्पनियों के प्रवर्तकों ने इस स्वतंत्रता का उपयोग, अपने इक्विटी निर्गमों के मूल्य को बाजार में विद्यमान उच्च मूल्यों के निकट रखने के लिए किया । अनेक मामलों में अभियान के बंद होते ही बाजार मूल्य निर्गम मूल्य से नीचे आ गया । इससे निवेशकों के विश्वास को धक्का पहुंचा और इसके फलस्वरूप स्टाक बाजारों में दीर्घकालिक मंदी व्याप्त हो गयी ।

मूल्य स्थिति

1.44 1992-93 के दौरान मूल्य स्थिति में काफी सुधार हुआ तथा वर्ष के दौरान मुद्रा स्फीति की वार्षिक दर में क्रमिक रूप में कमी आई । मुद्रा स्फीति की वार्षिक दर, थोक मूल्य सूचकांक के अनुसार वर्ष 1991-92 के अंत में 13.6% से कम होकर मार्च, 1993 में 6.8% हो गयी और जून, 1993 में यह घटकर 6.1% रह गयी । यह गिरावट मुख्य रूप से कृषि सामान, आवश्यक उपभोक्ता सामान एवं औद्योगिक उत्पादों के कारण आई। यद्यपि खाद एवं पैट्रोलियम उत्पादों के मूल्य में काफी वृद्धि हुई, परन्तु 1992-93 में इनके समर्थित मूल्य पिछले दो वर्षों की तुलना में समीचीन रहे। 1992-93 के दौरान औद्योगिक कामगार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की औसत वृद्धि घटकर 9.6% रह गयी जबकि 1991-92 में यह वृद्धि 13.5% तथा 1990-91 में 11.6% थी । वर्ष के दौरान जिन प्रमुख कारणों से मुद्रास्फीति को रोकने में मदद मिली उनमें राजकोषीय घाटे पर कठोर नियंत्रण, आयात का उदारीकरण, सख्त मुद्रा नीति, औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि के लिए आयात को नियंत्रण करने के उपायों में छूट शामिल है ।

संभावनाएं (1993-94)

1.45 वर्ष 1993-94 भारत की अर्थव्यवस्था के लिए निर्णायक वर्ष माना जाना चाहिए । आठवीं योजना की सफलता उदारीकरण की नीति के सार्थक परिणामों तथा इस सम्बन्ध में रुकावटों को दूर करने के लिए अपनाए गये विरोधाभासों को समाप्त करने पर निर्भर करेगी । नये क्रियाकलापों की लेनदेन-गियों की बेहतर समझदारी इस योजना के दूसरे वर्ष यानी 1993-94 में ही संभव हो सकती है । प्रारम्भिक मूल्यांकन के

अनुसार यह प्रतीत होता है कि हमारी अर्थव्यवस्था व्यापक समृद्धि की दिशा में अग्रसर है ।

1.46 वर्ष 1992-93 के मौसम में कृषि क्षेत्र में संतुलित संवृद्धि हुई । इससे आठवीं योजना अवधि के शेष वर्षों के लिए आशा का संचार हुआ । विशेष रूप से इस समय जो नयी कृषि नीति बनाई जा रही है, उससे यह उम्मीद की जाती है कि कृषि क्षेत्र के लिए अब भी जो बाधाएं मौजूद हैं उन्हें समाप्त कर दिया जाएगा । 210 मिलियन टन के खाद्यान्न के उत्पादन के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा जबकि तिलहनों के उत्पादन के 23 मिलियन टन तथा कपास की 140 लाख गांठों के लक्ष्य को भी काफी हद तक प्राप्त कर लिया जाएगा । गन्ना और पटसन के मामले में भी इनके मूल्यों तथा इनकी प्रतिस्पर्धी अन्य फसलों के मूल्यों के बीच उचित तालमेल बैठाकर इनमें क्रमिक वृद्धि की जा सकती है । चूंकि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को उच्च प्राथमिकता प्रदान की गयी है, विशेष रूप से निर्यात क्षमता रखने वाले ऐसे उद्योगों को, अत: वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में खेती बाड़ी को सुदृढ़ करने पर और निश्चित सिंचाई सुविधा वाले क्षेत्रों में उपज बढ़ाने पर जोर देना चाहिए ।

1.47 1993-94 के दौरान औद्योगिक उत्पादन में लगभग 4.5% की वृद्धि की संभावना है। यह वर्ष 1992-93 में हुई 1.3% की वृद्धि तथा 1991-92 की 0.1% की कमी की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि मानी जाएगी। 1993-94 के दौरान निवेश वातावरण में सुधार की संभावना है । 1993-94 के दौरान पूंजी बाजार में मुद्रा प्रवाह में लगभग 35,600 करोड़ रुपये की और वृद्धि की संभावना है ।

1.48 आठवीं योजना का प्रारंभ पहली अप्रैल, 1992 को एक वर्ष की देरी से हुआ । योजना के उद्देश्य के प्रति नवीन दृष्टिकोण अपनाने के कारण मई, 1992 में ही 7,98,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय को अंतिम रूप दिया जा सका जो सातवीं योजना में 4,00,000 करोड़ रुपये था । पिछली योजनाओं की तुलना में सार्वजनिक क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र के परिव्यय में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र का भाग कम रहा जो कि कुल परिव्यय का 45.24% था । अत:, भविष्य में निजी एवं संयुक्त क्षेत्र की पावर, खाद, पैट्रोकैमिकल एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के साथ-साथ तेल उत्पादन एवं उपयोग में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका होगी । लेकिन, कोयला, लौहअयस्क तथा अलौह धातुओं के सम्बन्ध में सार्वजनिक क्षेत्र अग्रणी बना रहेगा । विनिर्माण में निजी क्षेत्र 25% के नवीन निवेश के माध्यम से अधिक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लेगा । ऊर्जा क्षेत्र में निजी उद्यमियों के प्रवेश को प्रोत्साहन के प्रयासों के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र, कुल परिव्यय में 90% योगदान करता रहेगा । दूर-संचार के क्षेत्र में भी यद्यपि निजी क्षेत्र को दूर-संचार के उपकरणों के विनिर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है तथापि सार्वजनिक क्षेत्र 96% भागीदारी के साथ अग्रणी रहेगा ।

1.49 भारत की भुगतान संतुलन की अल्पकालीन नकदी समस्या पर नियंत्रण कर लिया गया है तथा अन्तरराष्ट्रीय विश्वास पुन: प्राप्त हुआ है । विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों में पर्याप्त वृद्धि होने से 1991-92 के दौरान भुगतान संतुलन स्थिति में सुधार परिलक्षित हुआ है, जो बाह्य क्षेत्र में और सुधार करने तथा वर्ष 1992-93 के दौरान उदारीकरण की प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने में सहायक होगा । निर्यात वृद्धि की वर्तमान गति को बनाये रखना तथा इसे और सुदृढ़ बनाना ही भुगतान समस्या का स्थायी समाधान होगा ।

1.50 केन्द्रीय सरकार की उदारीकरण नीतियों में निहित आर्थिक सुधारों के लिए सरकार का दृढ़ निश्चय कार्यान्वियन डिस्कशन पेपर "इकोनोमिक रिसोर्सिज-टू इयर्स आफ्टर एण्ड दि टास्क अहेड" से ही परिलक्षित होता है, जिसमें आगामी तीन वर्षों की कार्य योजना दी गयी है तथा जिसमें व्यवस्थापना क्षेत्र के एकाधिकार स्वरूप को समाप्त करने तथा बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा बड़े पैमाने पर ऋण अधित्याग करने पर पूर्ण नियंत्रण लगाते हुए, वर्ष 1992-93 में सकल घरेलू उत्पाद में केन्द्रीय राजस्व घाटे को 5.6% से घटाकर 1996-97 में 3% करने की परिकल्पना की गयी है । इस डिस्कशन पेपर में अन्य बातों के साथ-साथ उपसहायता कम करने, समर्थित मूल्यों के प्रति नवीन दृष्टि अपनाने तथा सहकारी क्षेत्र के उपक्रमों को बजट सम्बन्धी आवंटन में और कटौती करने, व्यय नियंत्रण व्यवस्था कड़ी करने तथा कर सुधारों का कार्य पूरा करने की इच्छा व्यक्त की है ।

1.51 जैसा कि विश्व बैंक ने अपनी "ग्लोबल इकोनोमिक प्रास्पेक्ट्स एण्ड दि डवेलपिंग कन्ट्रीज 1993" नामक रिपोर्ट में राय व्यक्त की है, भारत 1990 के दशक में 5% की वार्षिक औसत विकास दर प्राप्त कर लेगा । इसमें आगे कहा गया है कि देश की उच्च विकास दर को प्राप्त करने की संभावना (1) निर्यात को पहले ही दिए गए प्रोत्साहनों के प्रति उसमें हुई वृद्धि की गति, (2) दिए गए प्रोत्साहनों से अर्थव्यवस्था द्वारा लाभ उठाये जाने की गति पर निर्भर करेगी ।

2. समग्र परिचालन

2.01 1992-93 (अप्रैल, 1992, से जून, 1993) का वर्ष भाऔविनि के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा । भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को एक कम्पनी में परिवर्तन करने के लिए पहली अक्तूबर, 1992 को सरकार द्वारा एक अध्यादेश जारी किया गया ताकि भाऔविनि पूंजी बाजार में प्रवेश कर सके तथा सरकार द्वारा गारण्टी दी गई निधियों पर अपनी निर्भरता कम कर सके । भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिए संशोधित लेखांकन मानदण्ड भी जारी किए गए और वित्तीय संस्थानों द्वारा अपनाए जाने वाले लेखांकन मानदण्डों के लिए भी इसी प्रकार के मार्गनिर्देश जारी किए जाने की संभावना है । परिणामस्वरूप वित्तीय सहायता हेतु विचारार्थ प्रस्तावों के गुणावगुणों पर और अधिक जोर दिया गया । इस कठिन परिदृश्य के बावजूद 1992-93 (अप्रैल, 1992 से जून, 1993) में 15 महीनों की अवधि के दौरान, भाऔविनि की विभिन्न सहायता परियोजनाओं के अंतर्गत 533 परियोजनाओं के लिए कुल मिलाकर 3714.10 करोड़ रुपए की सकल मंजूरियां की गई, जो पिछले वर्ष 1991-92 (अप्रैल-मार्च) के दौरान मंजूर की गई 2435.00 करोड़ रुपए की निवल वित्तीय सहायता की तुलना में वार्षिकी आधार पर 22.8% अधिक थे । परियोजना दौरान, 2463.93 करोड़ रुपए के सकल संवितरण किए गए जो पिछले वर्ष संवितरित 1604.77 करोड़ रुपये की तुलना में वार्षिकी आधार पर 22.8% अधिक थे । परियोजना वित्तपोषण और वित्तीय सेवाओं, दोनों क्षेत्रों में 1992-93 (अप्रैल-जून) में मंजूर एवं संवितरित सहायता का योजनावार विस्तृत वर्गीकरण एवं 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार योजनावार संचयी आंकड़ों की स्थिति सारणी-1 में दी गई है ।

सारणी 1: मंजूर एवं संवितरित सहायता का योजना-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

वित्त पोषण योजना	(1992–93) (अप्रैल–जून)			30 जून, 1993 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरिया (रु०)	संवितरण (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
I. परियोजना वित्त परियोजनाओं से संबंधित	368	2670.06 (71.9%)	1936.05 (78.6%)	3941	13533.10 (81.3%)	9278.38 (83.5%)
उप जोड़ (1)	368	2670.06 (71.9%)	1936.05 (78.6%)	3941	13533.10 (81.3%)	9278.38 (83.5%)
II. वित्तीय सेवाएं						
— उपस्कर वित्त	62	237.69 (6.4%)	234.61 (9.5%)	362	1033.92 (6.2%)	722.53 (6.5%)
— उपस्कर लीजिंग	10	147.86 (4.0%)	32.83 (1.3%)	103	520.40 (3.1%)	274.31 (2.5%)
— उपस्कर उपार्जन	—	—	0.47 (—)	27	35.74 (0.2%)	26.71 (0.2)%
— उपस्कर उधार	64	129.15 (3.5%)	105.81 (4.3%)	226	603.89 (3.6%)	436.90 (3.9%)
— पूंजीकार उधार	3	20.00 (0.5%)	5.32 (0.2%)	36	61.05 (0.4%)	24.20 (0.2%)
— भेता उधार	29	407.64 (11.0%)	51.60 (2.1%)	72	537.38 (3.2%)	100.52 (0.9%)
— लीजिंग एवं किराया खरीद संस्थाओं को सहायता	18	95.90 (2.6%)	89.63 (3.7%)	74	313.63 (1.9%)	242.72 (2.2%)
— किस्त उधार	3	5.80 (0.1%)	7.61 (0.3%)	4	10.50 (0.1%)	7.81 (0.1%)
उप जोड़ (II)	188	1044.04 (28.1%)	527.88 (21.4%)	904	3116.51 (18.7%)	1835.70 (16.5%)
कुल जोड़ (I–II)	556	3714.10 (100.0)	2463.93 (100.0)	4845 (100.0%)	16649.61 (100.0%)	11114.08 (100.0%)

टिप्पणी (1) वास्तविक सहायता-प्राप्त परियोजना वर्ष 1992-93 में 533 और 30 जून, 1993 तक 4309 थी। कुछ परियोजनाओं ने एक से अधिक योजनाओं के अंतर्गत सहायता प्राप्त की है।

(2) कोष्टकों में दिये गये आंकड़े जोड़ प्रतिशत के द्योतक हैं।

2.02 मर्चेन्ट बैंकिंग क्रियाकलापों में वृद्धि के फलस्वरूप परियोजना वित्तपोषण हेतु रुपया ऋण की मंजूरियों में कुछ कमी आई, परन्तु परियोजना वित्त के अंतर्गत वार्षिकी आधार पर संवितरणों में 14.3% की वृद्धि हुई। विदेशी मुद्रा ऋणों के अंतर्गत मंजूरियों में 19.9% की वृद्धि हुई, परन्तु उदारीकृत विनिमय दर प्रबंध पद्धति के अंतर्गत उपलब्ध निधियों के वैकल्पिक स्रोतों के कारण संवितरणों में पर्याप्त कमी आई। हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान के रूप में मंजूर की गई वित्तीय सहायता में वार्षिकी आधार पर 156.4% की महत्वपूर्ण वृद्धि रिकार्ड की गई जो रिपोर्ट की अवधि के दौरान पूंजी बाजार से जुटाई गई निधियों की बड़ी मात्रा द्योतक है।

2.03 संचयी रूप से, भाऔविनि द्वारा इसकी विभिन्न योजनाओं के अधीन जून, 1993 के अंत तक 4,309 परियोजनाओं को 16,649,61 करोड़ रुपए की सकल सहायता मंजूर की गई। 30 जून, 1993 तक 11,114.08 करोड़ रुपए का समग्र संवितरण किया गया, जिसमें नकद संवितरण, अर्थात् गारंटियों को छोड़कर संवितरण की राशि 10,636.34 करोड़ रुपए थी। 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार कुल बकाया सहायता पोर्टफोलियो की राशि 8,815.58 करोड़ रुपए थी।

उद्योग-वार सहायता

2.04 1992-93 (अप्रैल–जून) के दौरान भाऔविनि द्वारा मंजूर सहायता का उद्योगवार विवरण एवं 30 जून, 1993 तक के संचयी आंकड़े सारणी-2 में दिए गए हैं। 1992-93 (अप्रैल–जून) के दौरान जिन उद्योगों को भाऔविनि से समग्रतः उल्लेखनीय सहायता प्राप्त हुई, वे हैं—वस्त्र (12.9%), पैट्रोलियम रिफाइनिंग (12.8%), बिजली एवं गैस (12.2%), लोहा एवं इस्पात (10.7%), रसायन एवं रसायन उत्पाद (9.6%)। 1992-93 में पेट्रोलियम रिफाइनिंग को भाऔविनि के पोर्टफोलियो में पहली बार शामिल किया गया। वस्त्र उद्योग की 84 इकाइयों को सहायता प्रदान की गई जो संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक थी। इसके बाद की संख्या अनुसार स्थिति इस प्रकार है—रसायन एवं रसायन उत्पाद (82), लोहा एवं इस्पात (51), खाद्य उत्पाद (30), होटल एवं पर्यटक संबंधी क्रियाकलाप (27), सीमेंट (25), इलैक्ट्रानिक्स (24) परिवहन उपस्कर (20), लीजिंग एवं किराया खरीद संस्थाएं (18), चीनी (17), बिजली एवं गैस (17)।

सारणी 2 : सहायता का उद्योग-वार विवरण

(करोड़ रूपये)

उद्योग	(1992–93) (अप्रैल–जून)			30 जून, 1993 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चीनी						
— सहकारिता	5	21.95	0.6	231	430.00	2.6
— अन्य	12	19.47	0.5	111	297.54	1.8
— विविध खाद्य उत्पाद	30	77.67	2.1	159	395.61	2.4
वस्त्र	84	478.67	12.9	783	2036.05	12.2
रसायन						
— मूल रसायन	45	140.16	3.8	224	777.28	4.7
— उर्वरक व कीटनाशक	5	114.94	3.1	80	739.98	4.4
— कृत्रिम रेशे	11	165.64	4.5	76	958.52	5.8
— कृत्रिम रेसिन्स, प्लास्टिक सामान एवं उत्पाद	9	21.31	0.6	135	739.52	4.4
— अन्य रसायन व रसायन उत्पाद	37	216.45	5.8	234	779.57	4.7
सीमेंट व सीमेंट उत्पाद	25	192.87	5.2	163	1059.40	6.4
कागज व कागज उत्पाद	11	78.73	2.1	133	560.01	3.4
रबड़ उत्पाद	13	54.97	1.5	61	271.28	1.6
लोहा व इस्पात	51	396.44	10.7	296	1675.93	10.1
मशीन व उपांग	15	57.98	1.6	234	531.93	3.2
परिवहन उपस्कर व पुर्जे	20	133.01	3.6	173	636.26	3.8
इलैक्ट्रानिक्स	24	191.35	5.1	199	846.79	5.1
बिजली मशीनरी व उपस्कर	10	31.06	0.8	128	220.25	1.3
धातु उत्पाद	3	34.24	0.9	118	258.53	1.6
अलौह धातु	6	9.43	0.3	49	149.28	0.9
विविध अधातु खनिज उत्पाद	15	69.68	1.9	122	356.43	2.1
गैस व बिजली	17	452.66	12.2	40	914.14	5.5
होटल व पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप	27	54.54	1.4	158	328 75	2.0
चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं	7	31.69	0.8	34	115.69	0.7
तेल शोधन	2	474.42	12.8	2	474.42	2.8
खनन	5	16.03	0.4	38	147.50	0.9
मत्स्य पालन	2	9.81	0.3	3	26.59	0.1
लीजिंग	18	95.90	2.6	74	314.53	1.9
अन्य उद्योग	24	73.03	1.9	251	607.83	3.6
जोड़	533	3714.10	100.0	4309	16649.61	100.00

2.05 उत्पादों के उपयोग—आधारित वर्गीकरण के अनुसार, 1992-93 (अप्रैल—जून) के दौरान मंजूर की गई सहायता एवं 30 जून, 1993 तक की स्थिति के अनुसार संचयी सहायता का उद्योगवार वर्गीकरण सारणी-3 में दिया गया है । पिछले वर्ष की तुलना में, 1992-93 में भाऔविनि द्वारा मध्यवर्ती माल उद्योगों, उपभोक्ता वस्तु उद्योगों और सेवा उद्योगों में प्रदत्त सहायता में कोई वृद्धि परिलक्षित नहीं हुई । तथापि, पिछले वर्ष की तुलना में मूलभूत उद्योगों तथा पूंजीगत माल उद्योगों को दी गई सहायता क्रमशः 82.7% तथा 32.9% अधिक रही।

सारणी 3 : उत्पादों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार सहायता का उद्योग-वार विवरण

(करोड़ रुपये)

उद्योग	1992–93 (अप्रैल–जून)			30, जून 1993 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
मूल उद्योग						
(अर्थात् मूल धातु उद्योग, मूल औद्योगिक रसायन, उर्वरक, सीमेंट, खनन, शक्ति जनन, आदि)	156 (128)	1796.95 (786.86)	48.4 (32.3)	892 (828)	5937.93 (4140.98)	35.7 (32.0)
पूंजी माल उद्योग						
(अर्थात् मशीनरी व उपांग, बिजली मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपस्कर, आदि)	69 (73)	413.40 (248.79)	11.1 (10.2)	734 (710)	2235.23 (1821.81)	13.4 (14.1)
मध्यवर्ती माल उद्योग						
(अर्थात् रसायन उत्पाद, धातु उत्पाद, अधातु खनिज उत्पाद, पटसन, टायर एवं ट्यूब आदि)	94 (92)	593.63 (448.08)	16.0 (18.4)	827 (782)	3662.19 (3068.51)	22.0 (23.7
उपभोक्ता माल उद्योग						
(अर्थात् चीनी, अन्य खाद्य उत्पाद, सूती-ऊनी वस्त्र, कागज और अन्य विविध उद्योग)	157 (204)	722.58 (788.53)	19.5 (32.4)	1544 (1474)	3962.87 (3240.33)	23.8 (25.1)
सेवा उद्योग						
(अर्थात् होटल, चिकित्सा सेवाएं, जहाजरानी आदि)	57 (68)	187.54 (161.76)	5.0 (6.7)	312 (294)	851.39 (663.86)	5.1 (5.1)
जोड़	533 (565)	3714.10 (2435.0)	100.0 (100.0)	4309 (4088)	16649.61 (12935.49)	100.0 (100.0)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष 1991–92 और संचयी 31 मार्च, 1992 के हैं।

राज्य-वार सहायता

2.06 1992-93 तथा 30 जून, 1993 तक संचयी आधार पर भाऔविनि की सहायता का राज्यवार ब्यौरा सारणी-4 में दिया गया है । समीक्षाधीन अवधि के दौरान, मात्रावार आधार पर भाऔविनि की सहायता में प्रथम छः स्थान गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब एवं तमिलनाडु राज्यों को प्राप्त हुए ।

सारणी 4 : सहायता का राज्य/संघराज्य-क्षेत्र-वार प्रसार

(करोड़ रुपए)

राज्य/संघराज्य क्षेत्र	1992–93 (अप्रैल–जून)			30 जून, 1993 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि (रु०)	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
आंध्र प्रदेश	48	172.85	4.7	408	1380.92	8.3
अरुणाचल प्रदेश	—	—	—	1	0.16	—
असम	—	—	—	39	116.08	0.7
बिहार	9	42.71	1.2	85	231.39	1.4
गोवा	4	7.01	0.2	31	83.72	0.5
गुजरात	51	938.88	25.3	397	2620.78	15.7
हरियाणा	32	204.60	5.5	197	621.74	3.7
हिमाचल प्रदेश	14	104.66	2.8	60	353.69	2.1
जम्मू-कश्मीर	3	1.16	—	23	29.82	0.2
कर्नाटक	26	244.61	6.6	266	795.88	4.8
केरल	8	26.74	0.7	104	192.04	1.2
मध्य प्रदेश	34	417.24	11.2	213	1171.41	7.0
महाराष्ट्र	84	429.38	11.6	744	2522.12	15.2
मणिपुर	—	—	—	1	2.45	—
मेघालय	—	—	—	6	7.96	0.1
नागालैण्ड	—	—	—	4	2.60	—
उड़ीसा	12	43.94	1.2	84	408.71	2.5
पंजाब	33	239.00	6.4	209	919.77	5.5
राजस्थान	44	146.79	4.0	197	886.39	5.3
सिक्किम	1	Amount accounted for in HP		4	2.96	—
तमिलनाडु	44	224.68	6.0	423	1187.11	7.1
त्रिपुरा	—	—	—	3	4.41	—
उत्तर प्रदेश	51	208.73	5.6	450	1741.84	10.5
पश्चिम बंगाल	14	73.39	2.0	226	822.63	5.0
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1	1.29	—	1	2.71	—
चंडीगढ़	1	0.50	—	7	11.34	0.1
दादरा एवं नगर हवेली	1	0.25	—	11	19.09	0.1
दमन एवं दीव	—	—	—	5	6.12	—
दिल्ली	15	176.99	4.8	77	424.33	2.5
पांडिचेरी	3	8.70	0.2	33	79.44	0.5
जोड़	533	3714.10	100.0	4309	16649.61	100.0

क्षेत्र-वार सहायता

2.07 1992-93 के दौरान और संचयी आधार पर 30 जून, 1993 तक परियोजनाओं एवं उन्हें मंजूर तथा संवितरित वित्तीय सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण सारणी-5 में दिया गया है । 1992-93 के दौरान, सहकारी क्षेत्र की 18 परियोजनाओं को 64.17 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई जो कुल सहायता का 1.7% है । इस अवधि के दौरान, वित्त-पोषित औद्योगिक सहकारिताओं में 5 चीनी सहकारिताएं, 2 वस्त्र सहकारिताएं एवं मूलभूत औद्योगिक रसायनों तथा कृत्रिम रेशों से संबंधित 11 अन्य सहकारिताएं शामिल थीं । 30 जून, 1993 तक भाऔविनि ने संचयी आधार पर 369 औद्योगिक सहकारिताओं को कुल मिलाकर 773.50 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की, जिसमें से 610.20 करोड़ रुपए की सहायता पहले ही संवितरित की जा चुकी थी ।

सारणी 5 : मंजूर एवं संवितरित सहायता का क्षेत्र-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	(1992–93) (अप्रैल–जून)			30 जून, 1993 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)
1	2	3	4	5	6	7
I. सहकारी	18	64.17 (1.7%)	72.38 (2.9%)	369	773.50 (4.6%)	610.20 (5.5%)
उप–जोड़ (I)	18	64.17 (1.7%)	72.38 (2.9%)	369	773.50 (4.6%)	610.20 (5.5%)
II. निगमित						
— निजी	462	2775.66 (74.8%)	2058.37 (83.6%)	3303	12629.52 (75.9%)	8555.94 (77.0%)
— सरकारी	24	527.41 (14.2%)	108.70 (4.4%)	328	1462.35 (8.8%)	751.18 (6.7%)
— संयुक्त	29	346.86 (9.3%)	224.48 (9.1%)	309	1784.34 (10.7%)	1196.76 (10.8%)
उप जोड़ (II)	515	3649.92 (98.3%)	2391.55 (97.1%)	3940	15876.11 (95.4%)	10503.88 (94.5%)
कुल जोड़ (I+II)	533	3714.10 (100.0)	2463.93 (100.0)	4309	16649.61 (100.0)	11114.08 (100.0)

टिप्पणी : कोष्टकों में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

2.08 निगमित क्षेत्र में, समीक्षाधीन अवधि के दौरान, निजी क्षेत्र की 462 परियोजनाओं को 2775.66 करोड़ रुपए (74.8%) की सहायता प्राप्त हुई। सार्वजनिक क्षेत्र की 24 परियोजनाओं को (सरकारी बजट के समर्थन के अंतर्गत न आने वाली) 527.41 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई, जो कुल सहायता का 14.2% थी। जहां तक संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं का सवाल है, संयुक्त क्षेत्र की केवल 29 परियोजनाओं को 346.86 करोड़ रुपए (जो कुल सहायता का 9.3% है) की सहायता मंजूर की गई। इस प्रकार इस अवधि के दौरान निगमित क्षेत्र की 515 परियोजनाओं को, जिनमें निजी, सार्वजनिक तथा संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं, कुल मिलाकर 3649.93 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई। संचयी रूप से, कुल मिलाकर 15876.11 करोड़ रुपए (कुल का 95.4%) की सहायता दी गई जिसमें से 10,503.88 करोड़ रुपए संवितरित किए जा चुके थे।

पिछड़े क्षेत्रों को सहायता

2.09 इस अवधि के दौरान, केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की 241 परियोजनाओं को भाऔविनि की सहायता 1642.80 करोड़ रुपए रही जो मंजूर की गई कुल सहायता का 44.2% है। संचयी रूप से, 30 जून, 1993 तक भाऔविनि ने अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थित 1963 परियोजनाओं को कुल मिलाकर 7,891.27 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की जो भाऔविनि की समग्र निवल संचयी मंजूरियों का 47.4% है। इन मंजूरियों में से 30 जून, 1993 तक 5,379.76 करोड़ रुपए का संवितरण किया जा चुका था।

परियोजना वित्त

2.10 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, परियोजना वित्त मंजूरियों की राशि 368 परियोजनाओं के लिए 2670.06 करोड़ रुपए और संवितरण की राशि 1936.05 करोड़ रुपए थी। पिछले वर्ष की तुलना में, वार्षिकी आधार पर, परियोजना वित्त मंजूरियों और संवितरण क्रमशः 21.3% एवं 23.8% अधिक थे। परियोजना वित्त का सुविधावार वर्गीकरण सारणी-6 में दिया गया है।

2.11 1992-93 (अप्रैल–जून) में भाऔविनि द्वारा मंजूर की गई कुल परियोजना वित्त सहायता में से 1565.87 करोड़ रुपए की राशि 145 नई परियोजनाओं को प्राप्त हुई, इनमें से परियोजनाओं के मामले में पूंजीगत परिव्यय 3.00 करोड़ रुपए तक था, 6 परियोजनाओं का पूंजीगत व्यय पृथक-पृथक रूप से 3 करोड़ रुपए एवं 5 करोड़ रुपए के बीच था, 16 परियोजनाओं का पूंजीगत परिव्यय 5 करोड़ रुपए से 10 करोड़ रुपए तक के बीच था, 36 परियोजनाओं का पूंजीगत परिव्यय 10 करोड़ रुपए से 20 करोड़ रुपए था और 85 ऐसी परियोजनाएं थीं जिनका प्रति परियोजना पूंजीगत परिव्यय 20 करोड़ रुपए से अधिक था।

सारणी 6 : परियोजना वित्त का सुविधा-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

सुविधा	(1992–93) (अप्रैल–जून)		30 जून, 1993 तक संचयी	
	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
परियोजना वित्त				
— रुपया ऋण	1450.86 (54.4%)	1252.36 64.7%)	9234.91 (68.2%)	6905.21 (74.4%)
— विदेशी मुद्रा ऋण	256.87 (9.6%)	256.80 (13.3%)	2149.29 (15.9%)	1562.30 (16.9%)
— हामीदारी तथा प्रत्यक्ष अभिदान	592.06 (22.1%)	140.50 (7.2%)	1352.18 (10.0%)	336.18 (3.6%)
— गारंटियां				
— आस्थगित अदायगियां हेतु	347.87 (13.30%)	124.04 (6.4%)	595.51 (4.4%)	262.17 (2.8%)
— विदेशी ऋणों हेतु	23.40 (0.9%)	162.35 (8.4%)	201.31 (1.5%)	212.52 (2.3%)
जोड़	2670.06 (100.00)	1936.05 (100.00)	13533.10 (100.00)	9278.38 (100.00)

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

2.12 विद्यमान 223 परियोजनाओं को मंजूर 1104.19 करोड़ रुपए की सहायता में से 56 परियोजनाओं को अपने विस्तार एवं विशीकरण कार्यक्रमों के लिए 430.65 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई, 53 परियोजनाओं को अपने आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के लिए 207.35 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई। 114 परियोजनाएं ऐसी थीं, जिन्हें उपस्कर अथवा परियोजना अधिव्यय को संतुलित करने, आदि की लागत को पूरा करने के लिए कुल मिलाकर 466.19 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई।

2.13 1992-93 में परियोजना वित्त के अधीन भाऔविनि की सहायता की कुछ विशेष बातें इस प्रकार थी :—

— सहायता प्राप्त 145 नई परियोजनाओं में से, 8 परियोजनाएं प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित की गई थीं। इन्हें 67.32 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई।

— भाऔविनि द्वारा पहली बार 2 पैट्रोलियम रिफाइनरी इकाइयों को 474.42 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई।

— बिजली और गैस के उत्पादन में लगी 17 इकाइयों को कुल मिलाकर 452.66 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई।

— होटल और पर्यटन से सम्बन्धित 27 परियोजनाओं को 54.54 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई।

— महत्वपूर्ण निर्यात दायित्व वाली 46 निर्यातोन्मुख परियोजनाओं को 609.92 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई।

— ऐसी 49 परियोजनाओं को 771.49 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की गई, जिनके लिए विदेशी सहयोग और/अथवा विदेशों से प्रौद्योगिकी अन्तरण किया गया था। देशवार सहयोग इस प्रकार थे : जापान 10, यूएसए 10, जर्मनी 7, इटली 4, आस्ट्रेलिया 3, हालैंड 2, यूके 2, ताईवान 2, कोरिया 2, स्वीडन 2, आस्ट्रिया 1, सिंगापुर 1, फ्रांस 1, स्विजरलैंड 1, फिनलैंड 1, चैकोस्लोवाकिया 1, स्पेन 1, चीन 1, रूस 1 और बेल्जियम एक।

वित्तीय सेवाएं

2.14 यद्यपि भाऔविनि की स्थापना से ही परियोजना वित्तपोषण, इसके कारोबार का मूलाधार रहा है, परन्तु वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में इसने अपना कार्य वस्तुतः वर्ष 1986-87 में आरम्भ किया। सात वर्ष की अवधि में भाऔविनि का मर्चेन्ट बैंकिंग एवं संस्थागत सेवाएं विभाग वित्तीय सेवाओं के अधीन उपस्कर लीजिंग, उपस्कर उपजिन, उपस्कर उधार, पूर्तिकार

उधार, फ्रेता उधार, लीजिंग एवं किराया खरीद संस्थाओं का वित्तपोषण, किस्त उधार आदि अनेक योजनाएं आरम्भ करने के अतिरिक्त निधि आधारित तथा गैर-निधि आधारित दोनों ही क्रियाकलापों का विस्तार करके अपने को सुप्रतिष्ठित करने में सफल रहा । मर्चेन्ट बैंकिंग एवं सम्बर्गीय सेवाएं विभाग ने परियोजना परामर्श, ऋण सामूहिकीकरण तथा डिबेंचर न्यासिता आदि से सम्बन्धित दत्त कार्यों के क्षेत्र में भी अपने क्रियाकलापों को बढ़ाया इसका भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा श्रेणी-1 मर्चेन्ट बैंकर के रूप में पंजीकरण किया गया है ।

2.15 1992-93 (अप्रैल-जून) के दौरान, यद्यपि वित्तीय सेवाओं के अधीन की गई 1044.04 करोड़ रुपए की निवल मंजूरियां 1991-92 की दौरान की गई निवल मंजूरियों की तुलना में वार्षिकी आधार पर 23.8% अधिक थी, तथापि वित्तीय सेवाओं के अधीन किए गए 527.88 करोड़ रुपए के संवितरण पिछले वर्ष के संवितरणों की तुलना में वार्षिकी आधार पर 19.4% अधिक थे । इस अवधि में, कुल मंजूरियों एवं संवितरणों में से वित्तीय सेवाओं का भाग क्रमशः 28.1% एवं 21.4% रहा । उपस्कर वित्त, उपस्कर उधार एवं किस्त उधार योजनाओं के अधीन मंजूरियों में गिरावट आई । अन्य योजनाओं के अन्तर्गत संवितरणों में मामूली वृद्धि हुई । उपस्कर लीजिंग योजना में यह वृद्धि 38.3% थी और फ्रेता उधार योजना में यह 828.6% थी । दूसरी ओर, उपस्कर लीजिंग, उपस्कर उपार्जन तथा उपस्कर उधार और पुनर्विकार उधार योजना के सिवाय सभी योजनाओं के अन्तर्गत संवितरण में वृद्धि हुई ।

2.16 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, मर्चेन्ट बैंकिंग एवं सम्बर्गीय सेवाएं विभाग ने अपने बम्बई स्थित ब्यूरो कार्यालय सहित 160 मर्चेन्ट बैंकिंग दत्त कार्यों को पूरा किया, जिनमें से 62 निर्गम प्रबन्ध सेवाओं, 72 परियोजना परामर्श/मूल्यांकन तथा 26 डिबेंचर न्यासिता से सम्बन्धित थे । निर्गम प्रबन्ध के लिए सौंपे गए कार्यों में, 1085.67 करोड़ रुपये की निधि जुटाने में सहायता मिली । संचयी रूप से, भाऔविनि के मर्चेन्ट बैंकिंग एवं सम्बर्गीय सेवाएं विभाग ने जुलाई, 1986 में अपनी शुरूआत से लेकर 30 जून, 1993 तक 247 सार्वजनिक निर्गमों सहित 525 दत्त कार्य पूरे किए जिनसे 3074.16 करोड़ रुपए की निधि जुटाने में सहायता मिली ।

आवेदनों पर कार्रवाई

2.17 परियोजना वित्त के अधीन भाऔविनि ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, या तो स्वयं, या संयुक्त वित्तपोषण के आधार पर 399 पात्र संस्थाओं से कुल मिलाकर 8,181.70 करोड़ रुपए के आवेदनों पर (उपस्कर वित्त योजना के अधीन आवेदनों सहित) विचार किया । कुल मिलाकर 348.76 करोड़ रुपए की सहायता के लिए 9 संस्थाओं के आवेदनों को या तो आवेदकों द्वारा वापस ले लिया गया अथवा प्रगति के अभाव या प्रस्तावित परियोजना के व्यवहार्य न होने के कारण उन्हें बंद मान लिया गया । जून, 1993 के अन्त तक 493.72 करोड़ रुपए की कुल सहायता के लिए भाऔविनि के अधीनी दायित्व में 28 संस्थाओं के (5 संयुक्त वित्तपोषण के आधार पर) आवेदन विचाराधीन थे, क्योंकि उनके सम्बन्ध में विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई चल रही थी । इस अवधि के दौरान 362 अन्य संस्थाओं के आवेदनों के लिए वित्तीय सहायता मंजूर की गई; 97.05% मामलों को पूरी सूचना एवं आंकड़ों की प्राप्ति की तारीख से 4 सप्ताह से भी कम अवधि में निपटा दिया गया ।

2.18 भाऔविनि ने वित्तीय सेवाओं के अधीन अपनी योजनाओं के सम्बन्ध में 1245.14 करोड़ रुपए की कुल सहायता के लिए 193 संस्थाओं से प्राप्त सहायता के आवेदनों पर कार्रवाई की । इनमें से 121 संस्थाओं के आवेदनों पर भाऔविनि की वित्तीय सेवाओं के अन्तर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के अधीन सहायता मंजूर की गई । 63 संस्थाओं के मामलों में, पात्रता के अभाव और/अथवा अन्य सम्बन्धित पहलुओं के कारण यह मान लिया गया कि उन्होंने अपने आवेदन वापस ले लिए हैं, और जून, 1993 के अन्त तक 32.59 करोड़ रुपए की कुल सहायता के लिए 9 संस्थाओं के आवेदन भाऔविनि के विचाराधीन थे ।

भाऔविनि द्वारा सहायता प्राप्त परियोजनाओं की क्रियान्वयन प्रवृत्ति (1992-93)

2.19 335 परियोजनाओं (ऐसे मामलों को छोड़कर जिनमें परियोजना लागत आदि में पूर्णतः अधिव्यय राशि के वित्तपोषण के लिए अतिरिक्त सहायता मंजूर की गई हो) की वित्तपोषण प्रवृत्ति पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार, भाऔविनि के 1992-93 (अप्रैल-जून) के परिचालनों से पता चलता है कि भाऔविनि की सहायता 18,522.62 करोड़ रुपए के निवेश जुटाने में समर्थ होगी, जिसका विवरण सारणी-7 में दिया गया है ।

जन हित में प्रदान की गई मंजूरियां

2.20 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान ऐसा कोई मामला नहीं था, जिसमें औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (समय-समय पर यथासंशोधित) की धारा 26 (2) की व्यवस्थाओं के अनुसार भाऔविनि के निदेशकों के हितबद्ध होने के कारण भाऔविनि ने, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982 की शर्तों के अधीन किसी प्रकार की सहायता मंजूर की ।

पूंजी बाजार परिचालन निवेश पोर्टफोलियो

2.21 भाऔविनि के निवेश पोर्टफोलियो में (क) हामीदारी दायित्वों के अनुसरण में शेयरों के अधिग्रहण, (ख) जिन मामलों में सहमति हुई है, उनके शेयरों में प्रत्यक्ष अभिदान, (ग) संपरिवर्तनीयता विकल्प का प्रयोग, (घ) बोनस बाजार निर्गम, (ङ) अधिकाधिक शेयरों में अभिदान, (च) डिबेंचरों के संपरिवर्तनीय भाग के संपरिवर्तन, तथा (छ) रुग्ण/संभाव्य रुग्ण मामलों के सम्बन्ध में अतिदेय ब्याज का शेयरों/डिबेंचरों में संपरिवर्तन होने के कारण वित्तपोषित संस्थाओं में किए गए निवेश शामिल हैं । निवेश संस्थान न होने के कारण भाऔविनि, अपने निवेशों को यथासम्भव एक निर्धारित समय के अंदर ही तरलता हेतु प्राप्त करने का प्रयास करता है । जिन मामलों में कम्पनियां स्टाक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हैं, और जहां प्रतिभूतियों का व्यापार सामान्यतः होता रहता है, उन मामलों में मान्यता प्राप्त स्टाक एक्सचेंजों के पैनल पर स्टाक/शेयर दलालों के माध्यम से खुले बाजार में छोटी-छोटी मात्रा में बिक्री की जाती है । कभी-कभी सरकारी मार्गनिर्देशों के अधीन भारतीय यूनिट ट्रस्ट/पारस्परिक निधियों, आदि को बड़ी मात्रा में भी बिक्री की जाती है ।

सारणी 7 : भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति 1992-93 (अप्रैल-जून)

(करोड़ रुपये)

वित्तपोषण प्रवृत्ति	नई परियोजनाएं	विस्तार/विशाखन परियोजनाएं	आधुनिकीकरण परियोजनाएं	पुनर्स्थापन, सन्तुलन उपस्कर आदि के लिए सहायता	जोड़
1	2	3	4	5	6
परियोजनाओं की संख्या	145	56	53	81	335
I प्रवर्तक अंशदान					
— शेयर पूंजी	1253.61	28.34	61.63	10.06	1353.64
	(9.0)	(1.4)	(4.0)	(1.1)	(7.3)
— अप्रतिभूत गौण ऋण	361.20	3.76	3.04	7.27	375.27
	(2.6)	(0.2)	(0.2)	(0.8)	(2.0)
— आंतरिक प्रोद्भूत आदि	462.11	126.91	113.42	99.09	801.53
	(3.3)	(6.1)	(7.3)	(10.5)	(4.3)
II दीर्घकालीन, ऋण प्रदान करने वाले संस्थान अर्थात भाऔविनि, भाऔवि बैंक, भाऔसाविनि, एवं भाऔपु बैंक द्वारा सहायता।					
— ऋण तथा अग्रिम	2230.20	763.80	272.33	331.81	3598.14
	(16.0)	(36.6)	(17.5)	(35.1)	(19.5)
— इक्विटी सहायता	1367.14	159.97	73.84	104.18	1705.13
	(9.8)	(7.7)	(4.7)	(11.0)	(9.2)
III निवेश संस्थानों अर्थात जीबीनि, सबीनि और भायू ट्रस्ट द्वारा सहायता					
— ऋण तथा अग्रिम	160.81	18.40	42.50	1.20	222.91
	(1.2)	(0.9)	(2.7)	(0.1)	(1.2)
— इक्विटी सहायता	22.43	45.00	5.00	4.63	77.06
	(0.2)	(2.2)	(0.3)	(0.5)	(0.4)
IV बैंकों द्वारा सहायता					
— दीर्घकालीन वित्त	256.78	29.91	12.20	3.01	301.90
	(1.8)	(1.4)	(0.8)	(0.3)	(1.6)
— इक्विटी सहायता	4162.43	153.30	276.10	64.35	4656.18
	(29.9)	(7.3)	(17.7)	(6.8)	(25.1)
V राज्य स्तरीय संस्थानों द्वारा सहायता					
— दीर्घकालीन वित्त	4.54	1.20	—	—	5.74
	(—)	(—)			(—)
— इक्विटी सहायता	52.08	6.00	18.94	28.93	105.95
	(0.4	(0.3)	(1.2)	(3.0)	(0.6)
VI आधिकारिक निर्गम	1496.3	734.34	670.27	261.26	3162.26
	(10.7)	(35.2)	(43.0)	(27.6)	(17.1)
VII आस्थगित भुगतान	779.40	12.00	—	5.55	796.95
	(5.6)	(0.6)	—	(0.6)	(4.3)
VIII विदेशी संस्थानों से ऋण	714.40	—	—	—	714.40
	(5.1)	—	—	—	(3.9)
IX अन्य	609.71	2.95	8.47	24.43	645.56
	(4.4)	(0.1)	(0.6)	(2.6)	(3.5)
जोड़	13933.23	2085.88	1557.74	945.77	18522.62
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

टिप्पणियां: 1. इक्विटी सहायता में हामीदारियां एवं प्रत्यक्ष अभिदान सम्मिलित है। 2. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं। 3. उपरोक्त में अधिशेष को पूरा करने तथा वित्तीय सेवाओं के मामले (उपस्कर वित्त को छोड़कर) शामिल नहीं हैं।

2.22 30 जून, 1993 तक की 15 माह की अवधि के दौरान, बाजार में एसी संस्थाओं के 59 निर्गम जारी किए गए जिनके शेयर व डिबेंचरों की कुल मिलाकर 89.18 करोड़ रुपए की हामीदारी भाऔविनि द्वारा की गई थी। भाऔविनि के हामीदारी दायित्वों के अनुसरण में जिन शेयरों और डिबेंचरों का न्यागमन किया गया उनकी राशि 21.57 करोड़ रुपए थी। इसके अतिरिक्त, भाऔविनि ने प्रत्यक्ष अभिदानों से सम्बन्धित मंजूरियों के आधार पर, 79 कम्पनियों के लिए 14.32 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों तथा 0.52 करोड़ रुपए के अधिमान शेयरों और 108.54 करोड़ रुपए के डिबेंचरों में अभिदान किया।

2.23 समीक्षाधीन अवधि के दौरान भाऔविनि ने 140.50 करोड़ रुपए के मूल्य के शेयर/डिबेंचर लिए तथा 22.67 करोड़ रुपए के अंकित मूल्य के अपने निवेशों की बिक्री की। इस अवधि के लिए, इक्विटी शेयरों पर औसत प्रतिलाभ 7.32 गुना रहा। जून, 1993 के अन्त तक भाऔविनि के निवेशों का प्रमुख भाग खंडवार इस प्रकार था-इक्विटी शेयरों में 58.04% (170.88 करोड़ रुपए), अधिमान शेयरों में 2.56% (7.53 करोड़ रुपए) एवं डिबेंचरों में 39.40% (116.02 करोड़ रुपए)।

पुनर्स्थापन कार्यक्रम

2.24 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार, रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबन्ध) अधिनियम, 1985 की धारा 15 के प्रावधानों के अधीन, भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में 126 संस्थाएं औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड में पंजीकृत की गई। इसके अतिरिक्त, 20 गैर-अग्रणी/गैर वित्तपोषित संस्थाओं के मामले में भाऔविनि को परिचालन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया, इस प्रकार ऐसे मामलों की कुल संख्या 148 हो गई। इनमें से, भाऔविनि को 120 मामलों के संबंध में परिचालन एजेंसी/अग्रणी संस्थान के रूप में व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी अपेक्षित थी। जून, 1993 के अन्त तक भाऔविनि 91 मामलों के सम्बन्ध में रिपोर्टें प्रस्तुत कर चुका था जिनमें से 10 रिपोर्टें समीक्षाधीन अवधि के दौरान प्रस्तुत की गई। जून, 1993 के अंत तक भाऔविनि के पास 29 मामले थे जिनमें परिचालन एजेंसी/अग्रणी संस्थान के रूप में विस्तृत जांच की जानी थी। जिन 91 मामलों के सम्बन्ध में भाऔविनि द्वारा 30 जून, 1993 तक रिपोर्टें प्रस्तुत की जा चुकी थी उनमें से 69 मामलों में औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा अन्तिम निर्णय ले लिया गया जिनमें से 46 मामलों में पुनर्स्थापन योजना को मंजूरी दी गई तथा 23 मामलों में परिसमापन की सिफारिश की गई। 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार शेष 22 मामलों में, औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा विभिन्न स्तरों पर सुनवाइयां चल रही थीं और उनके सम्बन्ध में निर्णय अभी लिया जाना था। कुल मिलाकर, इस अवधि के दौरान, भाऔविनि के अग्रणी दायित्व वाले मामलों में तथा गैर-अग्रणी/गैर-वित्तपोषित मामलों के सम्बन्ध में जिनमें भाऔविनि को परिचालन एजेंसी नियुक्त किया गया था, बीआईएफआर द्वारा 138 सुनवाइयां की गई।

2.25 इनके अतिरिक्त, 4 ऐसे मामलों में भाऔविनि द्वारा औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के तत्वावधान में, सम्भाव्यता अध्ययन/पुनरुद्धार योजनाएं बनाई गई, जिनमें निगम परिचालन एजेंसी के रूप में काम नहीं कर रहा था। कुछ और वित्तपोषित रुग्ण इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए भी योजनाओं की समीक्षा करने/उन्हें नया रूप देने में भाऔविनि की सुविज्ञता औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को उपलब्ध करवाई गई।

2.26 औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड की परिधि से बाहर के मामलों में, अर्थात् रुग्ण औद्योगिक कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत न आने वाले मामलों में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, सम्बन्धित वित्तीय संस्थानों एवं बैंकों के निकट सहयोग में बनाए गए मार्गनिर्देशों की पृष्ठभूमि में पुनर्स्थापन पैकेज निर्मित एवं अभिकल्पित किए गए। रुग्ण इकाइयों के सम्बन्ध में जिन पुनर्स्थापन उपायों की सिफारिश की गई है उनका क्षेत्र अत्यधिक व्यापक है तथा उनमें आधुनिकीकरण, विस्तार, विशाखन, संतुलन आदि शामिल है। अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा उनके अग्रणी दायित्व वाले मामलों में किए जा रहे पुनर्स्थापन प्रयासों में भी भाऔविनि सक्रिय सहयोग प्रदान करता रहा।

2.27 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, भाऔविनि जिन रुग्ण इकाइयों की देखभाल कर रहा था, उनमें से कुछ इकाइयों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। इसके अतिरिक्त, पुनर्स्थापन कार्यक्रम के भाग के रूप में विलयन/अधिग्रहण के कुछ प्रस्तावों की भाऔविनि द्वारा समीक्षा की जा रही थी।

कमजोर औद्योगिक इकाइयों को उत्पाद-शुल्क में राहत

2.28 भारत सरकार की अधिकार प्राप्त समिति, कमजोर औद्योगिक इकाइयों के लिए उत्पाद-शुल्क में राहत योजना के अन्तर्गत, भाऔविनि के अग्रणी दायित्व वाले 15 मामलों में 38.33 करोड़ रुपए का उत्पाद-शुल्क ऋण मंजूर कर चुकी है जिसमें से 30 जून, 1993 तक केन्द्रीय सरकार द्वारा 2448.84 लाख रुपए (1992-93 के दौरान 778.37 लाख रुपए) दिए जा चुके थे। केन्द्र सरकार ने 18 मार्च, 1993 से उक्त योजना समाप्त कर दी है।

परिचालनगतिविधियां

ब्याज दरों में संशोधन

2.29 भाऔविनि ने, अन्य सावधि ऋण-दाता संस्थानों के साथ मिलकर, परियोजना ऋणों पर अपनी ब्याज दरों को रिपोर्ट की अवधि के दौरान दो बार कम किया। परियोजना ऋणों पर ब्याज पर बैंड को निम्नानुसार कम किया गया :

18 नवम्बर, 1992 से—18% से 20%

19 नवम्बर, 1992 से—17.5% से 19.5%

15 मार्च, 1993 से—17% से 19%

बैंड की सीमा के भीतर ब्याज दरें, ऋणी के संभावित जोखिम और साख को ध्यान में रखते हुए प्रभारित की जाती है।

जोखिम सीमा

2.30 बेहतर जोखिम प्रबंधन तथा साख जोखिम के केन्द्रीकरण से बचने के उद्देश्य से विवेकसम्मत उपाय के रूप में भाऔविनि किसी एक कम्पनी में अपनी जोखिम-सीमा को भौविनि के निवल मूल्य के 25% तक सीमित रखता है। किसी एक "व्यापार समूह" में जोखिम को भाऔविनि के निवल मूल्य के 50% तक सीमित रखा जाता है जबकि किसी उद्योग विशेष में कुल जोखिम

भाऔविनि की बकाया प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता के 15% से अधिक नहीं होता ।

ऋण प्रदान करने के लिए प्राथमिकता मानदण्ड

2.31 केन्द्र सरकार द्वारा 24 जुलाई, 1991 को नई औद्योगिक नीति की घोषणा के अनुसरण में घरेलू औद्योगिक क्षेत्र को अधिकांशतः विनियमित किया गया । तदुपरांत, केन्द्र सरकार ने भाऔविनि सहित वित्तीय संस्थानों को विभिन्न उद्योगों को ऋण प्रदान करने के लिए प्राथमिकता देने के बारे में मार्गनिर्देशों को वापस ले लिया ।

2.32 केन्द्र सरकार ने, भाऔविनि सहित वित्तीय संस्थानों को, अन्य बातों के साथ-साथ, ऐसे कुछ उपाय बताए जिन्हें अपनाकर भाऔविनि देश के निर्यातों को और अधिक सुदृढ़ता से सहायता प्रदान कर सकता है, अर्थात् कम्पनी-विशिष्ट दृष्टिकोण अपनाना, प्रौद्योगिकी उन्नयन को सहायता देना, विश्वव्यापी प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना, अल्पावधि निर्यात वित्त प्रदान करना, आदि ।

2.33 वर्ष के दौरान, केन्द्र सरकार ने, भाऔविनि को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 के अधीन, सड़कों के विकास, देखभाल तथा निर्माण में लगी/लगने वाली औद्योगिक संस्थाओं के वित्तपोषण की अनुमति प्रदान की ।

बाजार मूल्यांकन अध्ययन

2.34 निवेश सम्बन्धी निर्णयों को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान 20 बाजार मूल्यांकन अध्ययन किए गए। इस सम्बन्ध में कास्टिक सोडा और क्लोरीन, टेरी टावल्स, ट्रैक्टर्स, सारबिटोल, पोलिप्रोपिलीन मल्टी फिलामेंट यार्न, पिग आयरन, इपिक्लोरोहाईड्रिन, एयर ब्रेक्स, सीमलेस ट्यूब्स, स्पाज आयरन, बीओपीपी फिल्म्स, सी प्रान और प्रान कल्चर, एबीएस लेमिनेशन्स, विशेष दुग्ध उत्पाद, टमाटर पेस्ट, अत्यधिक संकेन्द्रीकृत सक्रिय डिटर्जेन्ट सामग्री से सम्बन्धित उद्योग अध्ययनों का विशेष उल्लेख किया जा सकता है ।

नामित निदेशक

2.35 नामित निदेशकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में, भाऔविनि द्वारा सरकार एवं संस्थानात्मक मार्गनिर्देशों का निरन्तर अनुपालन किया जाता रहा । भाऔविनि ने 995 वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में 380 नामित निदेशक नियुक्त किए, जिनमें से 181 शासकीय और 199 गैर-शासकीय थे । भाऔविनि में गठित नामित निदेशक कक्ष के प्रधान एक कार्यपालक निदेशक हैं तथा उनकी सहायता के लिए अन्य अधिकारी भी तैनात किए गए हैं । इसके अतिरिक्त, प्रधान कार्यालय के तीन वरिष्ठ अधिकारियों, भाऔविनि के प्रत्येक क्षेत्रीय/शाखा कार्यालय से एक-एक अधिकारी को नामित निदेशक कक्ष के सदस्यों के रूप में नामजद किया गया है ताकि वे इस कक्ष को सौंपे गए विभिन्न कार्यों को पूरा कर सकें ।

बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ समन्वय

2.36 स्थायी समन्वय समिति मंच के सुझावों तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी मार्गनिर्देशों के अनुरूप बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय और अधिक सक्रिय बना रहा । बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साझे ग्राहकों के बारे में, पारस्परिक आधार पर सूचना के आदान-प्रदान की प्रणाली और भी गहन हुई ।

सरकार से पारस्परिक-सम्पर्क

2.37 भाऔविनि ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों के साथ पारस्परिक सम्पर्क तथा विचारों का आदान-प्रदान जारी रखा । इसने समय-समय पर भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा गठित विभिन्न समितियों/कार्यकारी दलों में प्रतिनिधित्व भी किया ।

3. संसाधन वित्तीय प्रबन्ध और समीक्षा

रुपया संसाधन जुटाना

3.01 30 जून, 1993 को समाप्त 15 माह की अवधि के दौरान भाऔविनि द्वारा 2,212.74 करोड़ रुपए (235.35 करोड़ रुपए के प्रारंभिक रुपया रोकड़ शेष को छोड़कर) के कुल रुपया संसाधन जुटाए गए । संसाधन जुटाने की दृष्टि से समीक्षाधीन वर्ष कुल मिलाकर एक कठिन वर्ष रहा । संसाधन जुटाने की दुष्कर स्थिति में भारतीय जीवन बीमा निगम, साधारण जीवन बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट जैसी सहयोगी संस्थानों द्वारा उपलब्ध करवाई गई रुपया निधि सहायता आशा की किरण बनकर उभरी । भाऔविनि में पहली बार निक्षेप प्रमाण पत्र का आश्रय लेते हुए संसाधन जुटाए गए । भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई समग्र सहायता भी मददगार और उत्साहवर्धक थी ।

3.02 समीक्षाधीन अवधि के दौरान देश में ही जुटाए गए रुपया संसाधनों के उल्लेखनीय तथ्य निम्नलिखित हैं :—

— कुल मिलाकर 60 करोड़ रुपए की अतिरिक्त शेयर पूंजी का जुटाया जाना;

— आरक्षित निधियों में 107.86 करोड़ रुपए की वृद्धि;

— (क) ऋणियों द्वारा ऋणों के पुनर्भुगतान तथा (ख) कुल मिलाकर 759.31 करोड़ रुपए के निवेशों की बिक्री/विमोचन के फलस्वरूप प्राप्तियों में वृद्धि;

— तीन सार्वजनिक बांड निर्गमों (14 सितम्बर, 1992, 8 अक्तूबर, 1992 और 28 जनवरी, 1993 को जारी की गई क्रमशः 62वीं, 63वीं और 64वीं सीरीज) द्वारा रुपया संसाधनों में कुल मिलाकर 518.06 करोड़ रुपए की वृद्धि;

— निक्षेप प्रमाण-पत्र जारी करते हुए 200 करोड़ रुपए की सीमा तक रुपया संसाधनों में वृद्धि;

— 400.00 करोड़ रुपए के कुल रुपया उधार, जो भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट और साधारण बीमा निगम एवं इसकी सहायक कम्पनियों से लिए गए । इन उधारों पर ब्याज की दर 16.5% से 17.5% के बीच थी;

— भारत सरकार से ब्याज अन्तरजन्य निधियों के अधीन 19.00 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई राशि की प्राप्ति ।

रुपया संसाधनों का उपयोग

3.03 रुपया संसाधनों का उपयोग मंजूर सहायता के 1,839.63 करोड़ रुपए का नकद संवितरण करने, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को 112.35 करोड़ रुपए के ऋणों की पुन: अदायगी करने, केन्द्रीय सरकार को 0.72 करोड़ रुपए के ऋणों की पुन: अदायगी करने, 34.79 करोड़ रुपए के लाभांश की अदायगी करने, 25.00 करोड़ रुपए की कर देयता के भुगतान एवं प्रावधान के लिए तथा 554.71 करोड़ रुपए अन्य कार्यों के लिए किया गया। वर्ष की समाप्ति पर नकद शेष 179.27 करोड़ रुपए था।

विदेशी मुद्रा संसाधन जुटाना

3.04 समीक्षाधीन अवधि के दौरान भाऔविनि ने कैमिकल बैंक, संयुक्त राज्य अमरीका से 50 मिलियन अमरीकी डालर, जिसकी गारंटी यूएस एक्जिम बैंक द्वारा दी गई है, यूनियन बैंक आफ स्विटजरलैंड, ज्यूरिख से 10 मिलियन एस एफ आई की प्रतिभूतिजन्य ऋण श्रृंखला के लिए तथा क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबाऊ, जर्मनी से 25 मिलियन जर्मन मार्क के जर्मन मार्क ऋण श्रृंखला के लिए करार निष्पादित किए।

3.05 30 जून, 1993 को समाप्त अवधि के समापन पर भाऔविनि के समग्र विदेशी मुद्रा संसाधनों की स्थिति इस प्रकार थी :—

— जर्मन मार्क में 25 एवं 26 ऋण श्रृंखलाओं के अधीन क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबाऊ, जर्मनी से कुल मिलाकर 105.00 मिलियन जर्मन मार्क का उधार;

— एशियाई विकास बैंक, मनीला से 150 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण श्रृंखला;

— अन्तरराष्ट्रीय पूंजी बाजार से अमरीकी डालर में जुटाए गए 255.00 मिलियन अमरीकी डालर और 37 बिलियन येन के बाह्य वाणिज्यिक उधार, जो कुल मिलाकर 602 मिलियन अमरीकी डालर होते हैं;

— बर्लिनर हैण्डेसउंड फ्रैंकफर्टर बैंक, जर्मनी से 50 मिलियन जर्मन मार्क, एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक आफ दि यूनाइटेड स्टेट्स (अमरीकी एक्जिम बैंक) से 50 मिलियन अमरीकी डालर तथा क्रेडिट सूईस स्विटजरलैण्ड और यूनियन बैंक आफ स्विटजरलैण्ड, ज्यूरिख दोनों से 10—10 मिलियन फ्रैंक का निर्यात ऋण।

विदेशी मुद्रा स्रोतों का उपयोग

3.06 उपर्युक्त विदेशी मुद्रा संसाधनों में से भाऔविनि 30 जून, 1993 तक 3248.82 करोड़ रुपए के समकक्ष विदेशी मुद्रा में उप-ऋण देने के लिए वचनबद्ध था। 30 जून, 1993 तक विदेशी मुद्रा उप-ऋणों का वास्तविक संवितरण 1716.93 करोड़ रुपए के बराबर था, जिसमें से 1992-93 (अप्रैल–जून) के दौरान ही 337.91 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया।

3.07 इस अवधि के दौरान, विदेशी मुद्रा में लिए गए वास्तविक उधार कुल 20.884 करोड़ रुपए के समकक्ष थे, और विदेशी मुद्रा ऋणों की पुन: अदायगी 319.57 करोड़ रुपए के समकक्ष थी। 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार निवल बकाया विदेशी मुद्रा ऋण 3294.05 करोड़ रुपए के थे, जबकि 31 मार्च, 1992 (किन्तु 30 जून, 1993 को लागू दर से पुनर्मूल्यांकित आधार पर) को ये 3341.37 करोड़ रुपए के थे।

विनिमय जोखिम प्रबन्ध योजना

3.08 जुलाई, 1991 में दो स्तर वाले विनिमय दर समायोजन; मार्च, 1992 से आरम्भ की गई तथा मार्च, 1993 में आशोधित उदार विनिमय दर प्रबन्ध पद्धति से विनिमय जोखिम प्रबन्ध योजना पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। तथापि पहले निष्पादित किए गए ऋण करारों के मद्दे संवितरण किया जाता रहा और समीक्षाधीन अवधि के दौरान 84.55 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया। विनिमय जोखिम प्रबन्ध योजना की समीक्षा के पश्चात्, 1 मई, 1993 से संवितरण न करने का निर्णय लिया गया। इस अवधि के दौरान विनिमय जोखिम प्रबन्ध योजना के अधीन मिश्रित लागत दर 23—26% प्रतिवर्ष ही रहेगा तथा लागू ब्याज दर भी यथापूर्व 26% वार्षिक रहेगी।

निधियों के स्रोत और उपयोग (संचयी)

3.09 भाऔविनि की स्थापना से लेकर 30 जून, 1993 तक इसके कुल संसाधन 13,930.49 करोड़ रुपए के थे, जिनमें इसकी शेयर पूंजी, आन्तरिक निधि जनन, बाह्य वाणिज्यिक उधार, विदेशी ऋण, सरकार एवं अन्य संस्थानों से उधार और बाजार से जुटाए गए उधार शामिल हैं। इनका उपयोग 80919.41 करोड़ रुपए के रुपया संवितरणों, 1,716.93 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा संवितरणों और निवेश, बांडों के विमोचन, सरकार तथा भारतीय वित्तीय संस्थानों को पुन: अदायगी, विदेशी मुद्रा ऋणों की पुन: अदायगी, लाभांश की अदायगी, अन्य उपयोगों तथा कर प्रावधान के लिए किया गया।

संसाधन सम्बन्धी दृष्टिकोण

3.10 कई वर्षों से रियायती निधियों की उपलब्धता में निरन्तर कमी तथा पिछले कुछ महीनों से वित्तीय क्षेत्र में परिवर्तनों के कारण भाऔविनि के लिए अधिकांशत: बाजार से संसाधन जुटाना अनिवार्य हो गया है। परंतु औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 सरकारी प्रत्याभूति के बिना भाऔविनि के बाजार में प्रवेश को निषिद्ध करता है और इस प्रकार यह भाऔविनि को प्रतिस्पर्द्धात्मक शर्तों पर संसाधन जुटाने से रोकता है। इन समस्याओं से निपटने के लिए दिनांक 2 अप्रैल, 1993 को औद्योगिक वित्त निगम (उपक्रम का अन्तरण एवं निरसन) अधिनियम, 1993 पारित किया गया और जैसा कि ऊपर पैरा 1.02 में वर्णित है, भाऔविनि को दिनांक पहली जुलाई, 1993 से कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन एक कम्पनी के रूप में परिवर्तित किया गया। कम्पनी के रूप में भाऔविनि के संपरिवर्तन से यह, अन्य बातों के साथ-साथ, ऋण और इक्विटी प्रलेखों के माध्यम से संसाधनों हेतु पूंजी बाजार में प्रवेश कर सकेगा।

राष्ट्रीय राजकोष में अंशदान

3.11 भाऔविनि अधिनियम, 1948 की धारा 40 के अनुसरण में भाऔविनि को गैर-सरकारी निगमित क्षेत्र की

किसी भी अन्य कम्पनी के समान ही अपनी आय, लाभों एवं अर्जनों पर आयकर (अधिकर, यदि कोई हों) देना पड़ता है। आयकर अधिनियम, 1961 में भी कर योग्य आय की गणना करने के प्रयोजन से भाआवित्रि और अन्य किसी कम्पनी में सिवाय इसके कोई अंतर नहीं है कि आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन कुल आय में निम्नलिखित के सम्बन्ध में कटौतियां अनुमेय हैं :—

— जब तक विशेष आरक्षित निधि में जमा की गई राशि, प्रदत्त शेयर पूंजी (आरक्षित निधि से जुटाई गई राशि को छोड़कर) के बराबर से अधिक नहीं होता, धारा 36 (1) *(viii)* के अधीन कुल आय की 40% सीमा तक विशेष आरक्षित निधि, और

— अधिनियम की धारा 80 एम की व्यवस्थाओं के अनुसार अन्य देशीय कम्पनियों से लाभांशों के रूप में प्राप्त आय के केवल 60% की सीमा तक अन्तर-कम्पनी लाभांश ।

3.12 भाआवित्रि अपनी स्थापना के बाद से विगत 45 वर्षों के दौरान 280.90 करोड़ रुपए की राशि तो कर के रूप में राजकोष में अदा कर चुका है जो उसकी 202.50 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई प्रदत्त शेयर पूंजी से अधिक है ।

लेखा विवरण

3.13 भाआवित्रि का लेखा विवरण अंत में दिया गया है, जिसमें 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र और पहली अप्रैल, 1992 से 30 जून, 1993 तक की अवधि के लाभ हानि लेखों के साथ-साथ पिछले वर्ष के आंकड़े भी दिए गए हैं । तथापि भाआवित्रि के कार्य-परिणामों और वित्तीय स्थिति की प्रमुख विशेषताओं पर नीचे विचार किया गया है ।

कार्य-परिणाम

3.14 भाआवित्रि के कार्य-परिणामों में 30 जून, 1993 को समाप्त अवधि के दौरान 167.90 करोड़ रुपए का कर-पूर्व लाभ हुआ जबकि 31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष के दौरान यह 121.75 करोड़ रुपए था, अतः कर-पूर्व लाभ में वार्षिकी आधार पर 10.3% की वृद्धि हुई । वर्ष के दौरान कराधान के लिए 25.00 करोड़ रुपए का प्रावधान करने के पश्चात् निवल लाभ 142.90 करोड़ रुपए रहा जबकि पिछले वर्ष निवल लाभ 94.25 करोड़ रुपए था । इस प्रकार इसमें वार्षिकी आधार पर 21.3% की वृद्धि हुई ।

3.15 यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों को संदिग्ध ऋणों के प्रावधान आदि के लिए आय मान्यता के मामले में मार्गनिर्देश जारी किए गए हैं, परन्तु इन मार्गनिर्देशों के अंतर्गत अभी तक वित्तीय संस्थानों को शामिल नहीं किया गया है । तथापि, विवेकपूर्ण नीति के रूप में भाआवित्रि ने (क) डिक्री किए गए ऋणों, (ख) जहां मुकदमे दायर किए जा चुके हैं, (ग) जहां ऋणों की वापसी की मांग की गई है, (घ) जहां वसूली की संभावना न्यूनतम समझी गई है और, (ङ) जहां ब्याज लगातार चार तिमाहियों से अतिदेय हो गए हैं एवं पार्टी उसके बाद तीस दिन के भीतर भुगतान नहीं किया है— ऐसे मामलों में ब्याज एवं अन्य देय राशि को क्रेडिट नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार के मामलों में जब भी आय प्राप्त होगी उसका हिसाब लगाया जाएगा तथा भाआवित्रि द्वारा निरन्तर अपनाई जा रही नीति के अनुसार उसे समायोजित किया जाएगा ।

3.16 भाआवित्रि ने 30 जून, 1993 को समाप्त 15 माह की अवधि के दौरान मूलधन एवं ब्याज के संबंध में कुल 149.73 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते डालने का प्रावधान किया है जबकि 1991-92 के दौरान इस संबंध में 107.73 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था ।

विनियोजन

3.17 भाआवित्रि के निदेशक बोर्ड द्वारा निवल लाभ में से किए गए विनियोजन का विवरण सारणी-8 में दिया गया है।

सारणी 8 : निवल लाभ का विनियोजन

(करोड़ रुपये)

	इस वर्ष अप्रैल–जून (1992–93)	पिछले वर्ष अप्रैल–मार्च (1991–92)
(1)	(2)	(3)
निवल लाभ	142.90	94.25
विनियोजन		
निम्नलिखित को अन्तरित :		
(क) सामान्य आरक्षित निधि	71.27	28.99
(ख) हितकारी आरक्षित निधि	1.25	1.00
(ग) विशेष रिजर्व (आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अधीन	35.34	38.63
कर्मचारी कल्याण निधि को आवंटन	0.25	0.20
लाभांश की अदायगी	34.79	25.43
जोड़	142.90	94.25

3.18 30 जून, 1993 को समाप्त अवधि के दौरान भाऔविनि ने अपनी आरक्षित राशियों में 107.86 करोड़ रुपए की राशि अन्तरित की, जिसमें सामान्य आरक्षित निधि, हितकारी आरक्षित निधि तथा विशेष आरक्षित निधि शामिल हैं। यह पिछले वर्ष की आरक्षित राशि में अन्तरित राशि से 39.2% अधिक है ।

लाभांश

3.19 संतोषजनक कार्य परिणामों को ध्यान में रखते हुए, भाऔविनि के निदेशक बोर्ड ने शेयरों पर 1992-93 के लिए भी 18% वार्षिक लाभांश प्रदान करने का अनुमोदन किया है ।

कार्य परिणामों की प्रवृत्ति

3.20 भाऔविनि के कार्य-परिणामों की प्रवृत्ति का समग्र मूल्यांकन सारणी-9 में दिए गए पांच वर्षों के संक्षिप्त आंकड़ों के आधार पर किया जा सकता है ।

3.21 30 जून, 1993 को समाप्त 15 माह की अवधि के कार्य, पिछले वर्ष की तुलना में, वार्षिकी आधार पर इस प्रकार रहे :

— निवल आय, कर-पूर्व लाभ तथा निवल लाभ में क्रमशः 15.3%, 10.3% तथा 21.3% की वृद्धि हुई ।

सारणी 9 : पांच वर्षों के दौरान भा औ वि नि के कार्य परिणाम

(करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष	31 मार्च को समाप्त वर्ष			30 जून को समाप्त वर्ष
	1989(*)	1990	1991	1992	1993(**)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(7)
ऋणों, अग्रिमों, निक्षेपों और अन्य वित्तीय सहायता पर ब्याज (घटाएं : अशोध्य तथा संदिग्ध ऋण एवं अन्य प्रावधान)	277.77	462.95	591.48	671.13	995.13
आय	11.26	12.93	22.44	163.85	291.45
कुल आय	289.03	475.88	613.92		1286.58
घटाएं					
उधारों की लागत	213.62	357.95	475.47	662.94	1038.59
निवल आय	75.41	117.93	138.45	172.04	247.99
व्यय					
– कार्मिक व्यय	5.02	8.55	12.41	99	15.23
– निवेशों पर हानि	0.31	0.18	0.18	19	1.70
– निदेशकों तथा समिति सदस्यों को शुल्क तथा व्यय	0.02	0.03	0.04	0.04	0.05
– अन्य व्यय एवं अनुदान	3.70	10.23	9.48	5.75	10.06
– मूल्यह्रास	5.81	8.80	14.01	29.32	53.10
कर-पूर्व लाभ	60.55	90.14	102.33	121.75	167.90
करावधान	10.02	22.70	24.25	27.50	25.00
निवल लाभ	50.53	67.44	78.08	94.25	142.90
लाभांश (दर)	13.0%	14.0%	16.0%	18.0%	18%

(*) 1989 के आंकड़े 9 माह (जुलाई–मार्च) के हैं

(**) 1993 के आंकड़े 15 माह (अप्रैल 92 से जून 93) के हैं।

— उधारों की लागत में अत्यधिक वृद्धि के बावजूद कर-पूर्व लाभ निवल आय के प्रतिशत के रूप में 67.7% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 70.8% था ।

— 1992-93 में निवल आय के प्रतिशत के रूप में निवल लाभ 57.6% था, जबकि पिछले वर्ष यह 54.7% था ।

— सकल परिसम्पत्तियों के प्रतिशत के रूप में वर्ष 1992-93 के दौरान कार्मिक व्यय 0.15% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 0.13% था ।

वित्तीय स्थिति

3.22 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार, भाआवित्रि की परिसम्पत्तियों और देयताओं की स्थिति सहित पिछले पांच वर्षों की वित्तीय स्थिति, जैसा कि भाआवित्रि के तुलन-पत्र से स्पष्ट है, सारणी-10 में दी गई है ।

3.23 30 जून, 1993 को समाप्त अवधि के तुलन-पत्र के आधार पर हमारी कतिपय महत्वपूर्ण वित्तीय उपलब्धियां संक्षेप में इस प्रकार हैं :

* अवधि के दौरान निवेश पोर्टफोलियो में 73.7% की वृद्धि ।
* वर्ष के दौरान ऋण पोर्टफोलियो (अकाया राशियां) में 16.4% की वृद्धि ।
* अवधि के दौरान शेयर पूंजी, आरक्षित राशि, आरक्षित निधि के निवल मूल्य में 28.6% की वृद्धि।
* जून, 1993 के अंत में ऋण इक्विटी अनुपात 9.7:1 था जबकि हाल्ले समिति की सिफारिशों के अनुरूप यह 12:1 होना चाहिए ।
* जून, 1993 के अंत में, वर्ष का निवल लाभ इसके निवल मूल्य का अनुपात 13.3:1 था ।

सारणी 10 : पांच वर्षों के दौरान भाआवित्रि की परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की स्थिति

(करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष (1989 (*)	31 मार्च को समाप्त वर्ष 1990	1991	1992	30 जून को समाप्त वर्ष 1993 (**)
1	2	3	4	5	6
परिसम्पत्तियां					
नकद व बैंक शेष	140.93	46.80	66.37	268.48	298.98
निवेश					
— सहायता प्राप्त संस्थाओं में	111.75	141.99	159.23	169.55	294.43
— अन्य संस्थाओं में	20.10	27.00	31.91	34.95	141.86
सहायता प्राप्त संस्थाओं को ऋण	3372.53	4179.04	5362.21	6785.14	7897.28
स्थिर तथा अन्य परिसम्पत्तियां	309.61	510.84	777.77	988.18	903.05
स्वीकृतियों के लिए ग्राहक देयताएं	32.51	39.84	93.56	180.55	438.03
	3987.43	4945.51	6491.05	8426.85	9973.61
देयताएं और शेयरधारी निधि					
शेयर पूंजी	82.50	100.00	135.00	142.50	202.50
रिजर्व तथा आरक्षित निधि	270.94	327.42	389.45	440.08	546.69
उधार					
(क) बांड	2314.70	2851.39	3105.23	3648.58	4108.73
(ख) सरकार तथा भा०औ०वि० बैंक से	67.85	60.09	270.04	393.97	505.22
(ग) जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम व इसकी आनुषांगिक इकाइयों से	—	100.00	350.00	550.00	750.00
(घ) विदेशी मुद्राओं में	988.60	1005.95	1497.27	2190.70	2242.55
(ङ) अन्य				512.79	753.84
अन्य चालू देयताएं और प्रावधान	216.88	439.11	619.63	324.55	375.16
निर्धारित निधियां	13.45	21.71	30.87	43.13	50.89
स्वीकृतियों पर देयता	32.51	39.84	93.56	180.55	438.03
	3967.43	4945.51	6491.05	8426.85	9973.61
ऋण : इक्विटी	9.5:1	9.4:1	9.9:1	11.2:1	9.7:1
निवल मूल्य : निवल लाभ	7.0:1	6.3:1	6.7:1	6.4:1	6.5:1

(*) 1989 के आंकड़े केवल 9 माह (जुलाई–मार्च) के हैं ।

(**) 1993 के आंकड़े 15 माह (अप्रैल, 92–जून, 93) के हैं ।

* जून, 1993 के अंत में निवल परिसम्पत्तियों तथा निवल मूल्य का अनुपात 13.3:1 था ।

* जून, 1993 के अंत में भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्ग-निर्देशों के अनुसार परिकलित पूंजी पर्याप्तता अनुपात 11.03% था ।

* आरक्षित राशि और आरक्षित निधियां, प्रदत्त शेयर पूंजी की 2.7 गुना थीं ।

लेखांकन नीतियां

3.24 भाऔविनि अपने परिचालनों के मुख्य क्षेत्रों के सम्बन्ध में अपनी महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों तथा वित्तीय विवरणों के भाग के रूप में लेखा टिप्पणियों को प्रकट करने की पद्धति का निरन्तर अनुपालन करता रहा है । भाऔविनि अपनी लेखांकन नीति से सम्बन्धित विवरण, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को जारी किए गए दिनांक 28 फरवरी, 1991 के परिपत्र में निर्दिष्ट लेखांकन नीतियों के समस्त प्रपत्र के अनुरूप प्रस्तुत करता है ।

3.25 भारतीय रिज़र्व बैंक के मानक मार्गनिर्देशों को ध्यान में रखते हुए भाऔविनि ने, अपनी आय मान्यता नीति को सख्त बनाया है तथा 30 जून, 1993 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ऐसे मामलों में, जहां ऋणियों ने एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए निरन्तर चूक की है तथा उसके बाद 30 दिनों के अंदर अदायगी नहीं की है, दिनांक 1 अप्रैल, 1992 को या उसके बाद प्रोद्भूत ब्याज, वचनबद्धता प्रभारों, कमीशन आदि को आय के रूप में मान्यता न देने का निर्णय लिया है । यह दो वर्ष से अधिक अवधियों के लिए निरंतर चूक करने पर इसे आय के रूप में मान्यता न देने की पहले वाली पद्धति के विपरीत है ।

3.26 भाऔविनि ने विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव के लेखांकन के सम्बन्ध में अपनी लेखांकन नीति की भी समीक्षा की है और तदनुसार विभिन्न परिसम्पत्तियों/देयताओं के विदेशी मुद्राओं में संपरिवर्तन से होने वाले निवल लाभ/हानि का लेखा वर्ष-दर-वर्ष आधार पर राजस्व खाते में किया जाता है ।

सांविधिक लेखा-परीक्षक

3.27 पहली अप्रैल, 1992 से 30 जून, 1993 तक 15 माह की अवधि के लिए सांविधिक लेखा परीक्षक मैसर्स लोढ़ा एंड कम्पनी, सनदी लेखापाल, 14, गवर्नमेंट प्लेस ईस्ट, कलकत्ता और मैसर्स सी सी चोकसी एंड कम्पनी, सनदी लेखापाल, मफतलाल हाउस, बम्बई थे। मैसर्स लोढ़ा एंड कम्पनी, सनदी लेखापाल को 30 जून, 1992 को हुई भाऔविनि के शेयरधारियों की वार्षिक महासभा में भाऔविनि के शेयरधारियों (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न) द्वारा औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 34 के अधीन लेखा-परीक्षकों के रूप में चुना गया। मैसर्स सी सी चोकसी एंड कम्पनी, सनदी लेखापाल को औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 34(1) के अधीन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा भाऔविनि के लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया । औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 34(3) की व्यवस्थाओं के अनुसार 30 जून, 1993 को समाप्त अवधि के लिए सांविधिक लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट, इसी रिपोर्ट में दी गई है ।

कर लेखापरीक्षा

3.28 इसके अतिरिक्त, कर लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 44 क ख की व्यवस्थाओं के अनुसरण में, मैसर्स लोढ़ा एंड कम्पनी, सनदी लेखापाल, कलकत्ता वर्ष 1992-93 के लिए भाऔविनि के कर लेखापरीक्षक थे ।

4. प्रवर्तन सेवाएं

भाऔविनि की प्रवर्तन भूमिका

4.01 अपनी प्रवर्तन सम्बन्धी भूमिका में, भाऔविनि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे प्रयास और क्रियाकलाप प्रारम्भ करने हेतु प्रयत्नशील रहा है जो कि देश में औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया के विविध स्वरूप को तीव्र करने के लिए आवश्यक हों । प्रवर्तन सेवाओं के क्षेत्र में प्रमुख महत्व पहले की ही भांति विशेष योजनाएं बनाकर ग्रामीण एवं लघु उद्योगों को समर्थन प्रदान करने एवं उन्हें गतिशील बनाने, सलाहकारी सेवाएं विकसित कर, उद्यमीयता विकास, प्रबन्ध विकास, श्रम विकास, ग्रामीण विकास, पिछड़े क्षेत्र के विकास एवं इनसे सम्बन्धित क्रियाकलापों, जोखिम पूंजी, उद्यम पूंजी एवं प्रौद्योगिक वित्त, पर्यटन एवं पर्यटन से सम्बन्धित क्रियाकलापों, पूंजी बाजार के विकास, विज्ञान पार्कों, अनुसंधान एवं विकास तथा सम्बन्धित अनुसंधानोन्मुख क्रियाकलापों की व्यवस्था करने पर विशेष ध्यान दिया गया ।

4.02 अप्रैल, 1992 से जून, 1993 तक की अवधि के दौरान, भाऔविनि द्वारा विभिन्न प्रवर्तन कार्यों के लिए 1354.18 लाख रुपए की कुल राशि व्यय की गई । 30 जून, 1993 तक भाऔविनि ने अपनी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के लिए कुल मिलाकर 6915.86 लाख रुपए व्यय किए । इन योजनाओं हेतु भाऔविनि के लाभों में से सृजित हितकारी आरक्षित निधि से 1271.95 लाख रुपए (अप्रैल, 1992 से जून, 1993 के दौरान 83.91 लाख रुपए) और भाऔविनि को उपलब्ध कराए गए रुपया ऋण श्रृंखला के अंतर्गत सृजित ब्याज अंतरजन्य निधियों से 5643.91 लाख रुपए (अप्रैल, 1992 से जून, 1993 के दौरान 1270.27 लाख रुपए) की निधियां उपलब्ध कराई गईं ।

प्रवर्तन योजनाएं

4.03 इस बात को ध्यान में रखते हुए कि भारतीय अर्थ-व्यवस्था में ग्रामीण और लघु उद्योगों की विशेष भूमिका है तथा यह रोजगारोन्मुख औद्योगिक विकास के लिए हमारी राष्ट्रीय कार्यनीति का एक अंतरंग हिस्सा है, भाऔविनि स्वतः 14 प्रवर्तन योजनाओं का परिचालन कर रहा है, जिनमें से 8 सलाहकारी शुल्क उप-सहायता योजनाएं हैं, 4 ब्याज उप-सहायता योजनाएं हैं तथा निर्दिष्ट क्षेत्रों में दो उद्यमीयता विकास योजनाएं हैं । सलाहकारी शुल्क उप-सहायता योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों को तकनीकी सलाहकारी संगठनों के माध्यम से उप-सहायता के आधार पर सलाहकारी सेवाएं प्रदान की जाती हैं । ब्याज उप-सहायता योजनाओं के अंतर्गत, बेरोजगार युवक-युवतियों, महिला उद्यमियों को स्व-विकास एवं स्व-नियोजन के लिए काम करने, गुणवत्ता नियंत्रण सम्बन्धी उपायों को अपनाने, देश में उपलब्ध प्रौद्योगिकी के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाता है । उद्यमीयता विकास योजनाओं के अंतर्गत लघु उद्योग क्षेत्र में पर्यटन एवं इससे सम्बन्धित अन्य कार्यकलापों में स्व-नियोजन और रुग्ण औद्योगिक इकाइयों को युक्तिसंगत

बनाने अथवा उनमें छटनी के कारण बेरोजगार हो गए व्यक्तियों के स्व-नियोजन को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत संवितरित समग्र उप-सहायता समीक्षाधीन अवधि में 124.70 लाख रुपए और जून, 1993 की समाप्ति तक कुल मिलाकर 673.29 लाख रुपए रही।

तकनीकी सलाहकारी सेवाओं का विकास

4.04 भाऔविनि सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा राज्य स्तरीय संस्थानों और बैंकों के सहयोग से स्थापित तकनीकी सलाहकारी संगठन विविध प्रकार की सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध कराने, उद्यमियों की पहचान करने एवं उन्हें प्रशिक्षण देने तथा कतिपय विशिष्ट कार्य, यथा परियोजना की रूपरेखा तैयार करने और उनका सर्वेक्षण करने, बाजार सर्वेक्षण, ऊर्जा अंकेक्षण, ऊर्जा संरक्षण कार्य आदि करते रहे। 18 तकनीकी सलाहकारी संगठनों (कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित एक तकनीकी सलाहकारी संगठन सहित) में से पांच तकनीकी सलाहकारी संगठनों, अर्थात् हिमाचल सलाहकारी संगठन लि., शिमला (हिमकान), राजस्थान सलाहकारी संगठन लि., जयपुर (राजकान), मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लि., भोपाल (एमपीकान), उत्तर भारत सलाहकारी संगठन लि. चंडीगढ़ (निटकान) तथा हरियाणा-दिल्ली औद्योगिक सलाहकारी संगठन लि., दिल्ली (हार्डिकान) भाऔविनि के अग्रणी दायित्व के अंतर्गत कार्यरत हैं। वर्ष 1992-93 (अप्रैल—मार्च) के दौरान और संचयी रूप में 31 मार्च, 1993 तक इन पांच तकनीकी सलाहकारी संगठनों के परिचालनों का ब्योरा सारणी—11 में दिया गया है।

सारणी 11 : भाऔविनी द्वारा प्रवर्तित तकनीकी सलाहकारी संगठनों की प्रगति का सार

दत्त कार्यों की प्रकृति	पूरे किए दत्तकार्यों की संख्या				
	हिमकोन	राजकोन	एमपी कोन	निटकोन	हार्डिकोन
1	2	3	4	5	6
I निवेश-पूर्व सलाहकारी दत्तकार्य					
— व्यवहार्यता, व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन परियोजना रिपोर्टें आदि	315 (2652)	251 (2075)	789 (4643)	25 (523)	154 (683)
— औद्योगिक संभावना क्षेत्र विकास सर्वेक्षण	— (5)	1 (37)	— (40)	4 (4)	— (1)
— बाजार सर्वेक्षण	9 (32)	— (12)	— (48)	11 (41)	6 (32)
— परियोजना रूपरेखा	— (339)	2 (87)	— (937)	133 (1113)	— (713)
— प्रारम्भिक तथ्य-निरूपण अध्ययन	—	—	(22)	—	—
— मूल्यांकन	5 (-)	1 (13)	35 (51)	(1) (9)	1 (18)
— अन्य	— (131)	— (1)	4 (325)	— (60)	17 (75)
उप जोड़ (i)	324 (3168)	255 (2238)	828 (6066)	173 (1750)	178 (1522)
II निवेश-पश्चात सलाहकारी दत्तकार्य					
— निदानात्मक अध्ययन	— (22)	1 (67)	2 (44)	108 (152)	8 (84)
— रुग्ण इकाइयों का पुनर्स्थापन	5 (36)	— (30)	— (—)	3 (46)	1 (29)
— अन्य	3 (9)	5 (30)	— (16)	15 (41)	2 (14)
उप जोड़ (ii)	8 (67)	6 (127)	2 (60)	126 (539)	11 (127)
कुल जोड़ (i+ii)	332 (3235)	261 (2365)	830 (6126)	300 (2289)	189 (1649)
उद्यमीयता विकास कार्यक्रम					
— कार्यक्रमों की संख्या	14 (85)	14 (64)	51 (325)	20 (91)	9 (42)
— उद्यमियों की संख्या	321 (1869)	265 (1372)	2130 (8956)	436 (1881)	203 (1067)

कोष्ठकों में दी गई संख्या 31-3-1993 तक की संचयी संख्या दर्शाती है।

4.05 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, भाआवित्तनि ने प्रवर्तन कार्य करने के अलावा, तकनीकी सलाहकारी संगठनों की सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने, समुचित अवधारणा निर्मित करने, उनकी निगमित योजनाओं को तैयार करने में सहायता करने एवं उनके परिचालनों में वाणिज्यिक दृष्टिकोण का विकास करने पर विशेष जोर दिया ।

उद्यमीयता विकास के लिए सहायता

4.06 नवीन उद्यमियों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए भाआवित्तनि ने (क) विभिन्न एजेंसियों द्वारा आयोजित उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में भागीदारी, (ख) भाआवित्तनि सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा स्थापित एवं प्रायोजित शीर्ष स्तर के संगठन भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान को सहायता देकर, तथा (ग) राज्य स्तर पर उद्यमीयता विकास संस्थानों/केन्द्रों की स्थापना में सहायता देकर उद्यमीयता विकास को पहले की ही भांति निरन्तर अपना सक्रिय समर्थन प्रदान किया । वर्ष 1992-93 (अप्रैल–मार्च) के दौरान, भाआवित्तबैंक एवं भाआसांनिनि के साथ मिलकर भाआवित्तनि ने 241 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को सहायता प्रदान की जिनमें से 60 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमियों के लिए आयोजित किए गए । अपनी शुरूआत से लेकर मार्च, 1993 की समाप्ति तक भाआवित्तबैंक एवं भाआसांनिनि के साथ मिलकर भाआवित्तनि ने 2634 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को निधिक सहायता उपलब्ध कराई, जिससे 64,000 से अधिक भावी उद्यमी लाभान्वित हुए ।

4.07 भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान, जिसने 31 मार्च, 1993 को अपने क्रियाकलापों के 10 वर्ष पूरे कर लिए, उद्यमीयता विकास सम्बन्धी क्रियाकलापों में संलग्न संस्थानों को व्यावसायिक सहायता प्रदान करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एक राष्ट्रीय संसाधन संगठन के रूप में कार्य करता रहा । वर्ष 1992-93 (अप्रैल–मार्च) के दौरान, अन्य बातों के साथ-साथ, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने लघु उद्योगों के विकास में सहायक और गैर-तकनीकी स्नातकों के लिए उत्पादक रोजगार के सृजन पर लक्षित 4 सक्षम प्रबन्ध सहायता कार्यक्रम, दूसरी और तीसरी पीढ़ी के उद्यमियों के लिए सक्सेशन प्लानिंग फार इन्टरप्रन्योरियल कन्टिन्यूटी नामक एक राष्ट्रीय कार्यक्रम, युवाओं के लिए उद्यमीय साहसिकता से सम्बन्धित एक राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन कैम्प और विज्ञान एवं तकनीकी महाविद्यालयों के लिए एक गहन संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया । भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान द्वारा आयोजित अन्तरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में परियोजना तैयार करने और उनके मूल्यांकन के सम्बन्ध में संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन का कार्यक्रम, कामनवेल्थ फण्ड फार टैक्निकल कोआपरेशन लन्दन द्वारा प्रायोजित राष्ट्रमण्डल के सदस्य देशों हेतु उद्यमी प्रशिक्षण प्रेरक कार्यक्रम और मारीशस में एक उद्यमीयता विकास कार्यक्रम शामिल हैं ।

4.08 राज्य स्तर पर उद्यमीयता विकास क्रियाकलापों को संस्थानात्मक स्वरूप प्रदान करने के लिए अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, बैंकों और सम्बन्धित राज्य सरकारों के साथ मिलकर, भाआवित्तनि ने उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में उद्यमीयता विकास संस्थानों/केन्द्रों की स्थापना में सहायता प्रदान की । ये संस्थाएं/केन्द्र पहले की ही भांति अच्छे ढंग से कार्य करते रहे । समीक्षाधीन अवधि के दौरान, भाआवित्तनि ने, अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के सहयोग से, कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित किए जा रहे कर्नाटक उद्यमीयता विकास केन्द्र को पूंजीगत सहायता प्रदान की ।

पिछड़े क्षेत्र के विकास के लिए सहायता

4.09 भाआवित्तनि अपनी स्थापना के बाद से ही, देश में क्षेत्रीय विषमताओं को कम करने के लिए प्रयत्नशील रहा है । अपनी प्रवर्तन सेवाओं के रूप में, सत्तर के दशक में, भाआवित्तनि ने अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर, कम विकसित राज्यों में औद्योगिक सम्भाव्यता सर्वेक्षणों का कार्य प्रारम्भ किया था । इन सर्वेक्षणों के आधार पर 13 राज्यों और 7 संघ राज्य क्षेत्रों के संबंध में सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिनमें सम्बन्धित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की विकास सम्भावनाओं का पता लगाने हेतु बहुत उपयोगी सामग्री निहित थी और इन्हें अल्पावधि में क्रियान्वित किए जा सकने वाले ससाधन आधारित, बाजार-उन्मुख एवं स्वच्छन्द उद्योगों का पता लगाने में सहायक माना गया था । अस्सी के दशक में, भाआवित्तनि और अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने अपने प्रयासों को पिछड़े क्षेत्रों, विशेष रूप से उद्योगरहित जिलों के योजनाबद्ध विकास की ओर केन्द्रित किया।

4.10 देश में विकास केन्द्रों के क्रियाकलापों में वित्तीय संस्थानों द्वारा हाथ बंटाने के निर्णय के अनुसरण में उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकास केन्द्रों के अनुमोदन हेतु गठित शीर्ष समिति में भाआवित्तनि का प्रतिनिधित्व है । अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान विकास केन्द्रों को इक्विटी और सावधि ऋणों के रूप में सहायता उपलब्ध कराने के लिए सहमत हुए हैं। विकास केन्द्रों से सम्बन्धित परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए भाआवित्तनि को भी एक नोडल एजेंसी के रूप में रखा गया है। शीर्ष समिति ने देश के विभिन्न हिस्सों में अब तक 33 विकास केन्द्रों को अनुमोदित किया है ।

प्रबन्ध विकास के लिए सहायता

4.11 भाआवित्तनि ने 1973 में प्रायोजित प्रबन्ध विकास संस्थान के माध्यम से प्रबन्ध में व्यावसायिक दक्षता लाने तथा बैंकिंग एवं उद्योग में कार्यरत प्रबन्धकों के प्रबन्धकीय कौशल के उन्नयन हेतु अपनी सहायता को जारी रखा । वर्ष 1992-93 (अप्रैल-मार्च) के दौरान प्रबन्ध विकास संस्थान ने विगत वर्ष में 1135 भागीदारों के लिए आयोजित 49 कार्यक्रमों की तुलना में, 1310 भागीदारों के लिए 69 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। 1992-93 के दौरान, प्रबन्ध विकास संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में दो कार्यक्रम कैलाग विश्वविद्यालय, यू.एस.ए. के सहयोग से आयोजित किए गए – पहला, स्ट्रेटेजिज एण्ड कास्ट मैनेजमेंट और दूसरा, मैन्यूफैक्चरिंग एण्ड क्वालिटी मैनेजमेंट पर । अन्य कार्यक्रम थे—इन्टिग्रेटिड फाइनेन्शियल मैनेजमेंट, फारेन एक्सचेंज रिस्क मैनेजमेंट पर दो कार्यक्रम, एसआरडी स्ट्रेटिजिज फार दि एमर्जिंग चैलेन्जेज पर एक सेमिनार, कारपोरेट टर्न अराउण्ड : स्ट्रेटिजिज एण्ड पालिसीज पर एक कार्यशाला, स्ट्रेटिजिज मैनेजमेंट पर शीर्ष प्रबन्धन हेतु एक कार्यशाला, महिला प्रबन्धकों हेतु एक नया कार्यक्रम : चैलेन्जेज आफ इन्डिविजुअल एण्ड आर्गनाइजेशनल एक्सपेक्टेशन्स । अन्य कार्यक्रमों में नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन लि. के कार्यपालकों के लिए तीन माह की अवधि का एक कम्पनी उन्मुख प्रबन्ध विकास कार्यक्रम, सेयारत सेवानी कार्मिकों के लिए "लघु उद्योग की रुग्णता–रोकथाम एवं पुनरुत्थान" विषय पर यूएसएआईडी द्वारा प्रायोजित 6 सप्ताह की अवधि का एक कार्यक्रम और काठमांडू स्थित नेपाल–अरब बैंक के अधिकारियों के लिए प्रबन्धकीय कुशलता पर दो कार्यक्रम।

प्रबन्ध विकास संस्थान ने विभिन्न अनुसंधान परियोजनाएं संचालित कीं, जैसे "प्रबन्ध शिक्षा में शिक्षा शास्त्रीय स्वरूप एवं उन्नयन हेतु परियोजना, औद्योगिक आयोड की मांग का पूर्वाभास", "वित्तीय संवृद्धि-निजी क्षेत्र में उच्च निर्गमित संस्थानों के बारे में प्रयोगाश्रित अध्ययन" आदि । इसने फेडरेशन आफ इण्डियन चैम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री (फिक्की) (इसकी संगठनात्मक संरचना, कार्यनिष्पादन मूल्यांकन, सूचना एकत्र करने, संग्रह करने एवं उनका प्रसार करने, आदि के अध्ययन), गैस अथारिटी आफ इण्डिया लि. (मानव संसाधन विकास हेतु प्रयासों का मूल्यांकन) एवं अन्य एजेंसियों के लिए सलाहकारी कार्यों को भी निष्पादित किया । प्रबन्ध विकास संस्थान ने पहली जुलाई, 1992 को 5वां राष्ट्रीय प्रबन्ध कार्यक्रम प्रारम्भ किया । पांच राष्ट्रीय प्रबन्ध कार्यक्रमों में अब तक कुल 176 अधिकारी भाग ले चुके हैं ।

श्रम विकास हेतु सहायता

4.12 जनवरी, 1992 में भाऔविबैंनि द्वारा प्रायोजित एक गैर-लाभकारी संगठन, श्रम विकास संस्थान का लक्ष्य श्रम विकास, कामगारों के कौशल में वृद्धि, कार्य योजना में निपुणता प्राप्त करने, क्षमता में सुधार और औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रम शक्ति को आधुनिक प्रौद्योगिकी, गुणवत्ता एवं उत्पादकता की ओर अभिमुख करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना, प्रशिक्षण का समन्वय करना और इस दिशा में पूरक व्यवस्था करना है । जुलाई, 1993 में श्रम विकास संस्थान ने कपड़ा श्रमिकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करने की योजना बनाई जिसके द्वारा एक ऐसा मंच उपलब्ध हो सकेगा जो कताई, बुनाई, प्रसंस्करण, कढ़ाई, और परिधान उत्पादन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों के कपड़ा श्रमिकों के कौशल के विकास के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकताओं का पता लगाने एवं उन पर विचार करने में सहायक सिद्ध होगा ।

ग्रामीण विकास और उस से संबंधित क्रियाकलापों के लिए सहायता

4.13 अप्रैल, 1990 में भाऔविबैंनि द्वारा प्रायोजित और सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन गुवाहाटी में पंजीकृत राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि देश के ग्रामीण व शहरी गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न संघों एवं संस्थानों को वित्तीय और मानव संसाधन संबंधी सहायता प्रदान करती है । 31 मार्च, 1993 तक राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के सात राज्यों, सिक्किम, उड़ीसा और बिहार में 113 गैर-सरकारी संगठनों को कुल मिलाकर 205.46 लाख रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की, जिसमें से 116.62 लाख रुपए संवितरित किए जा चुके हैं । राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि ने गरीबी उन्मूलन परियोजनाओं का काम भी प्रारम्भ किया और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में ग्रामीण विकास हेतु काम करने के लिए अन्य विशिष्ट व्यावसायिक एजेन्सियों को भी प्राधिकृत किया जिसके लिए कुल 16 लाख रुपए की राशि मंजूर की गयी और कुल 6.46 लाख रुपए संवितरित किए गए । राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि ने भुवनेश्वर और पटना में अपने कार्यालय खोलकर अब अपने क्रियाकलापों का विस्तार किया है जिसमें उड़ीसा, बिहार, मध्य प्रदेश के बस्तर क्षेत्र, उत्तरी आन्ध्र प्रदेश तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र भी शामिल हैं ।

4.14 इस निधि द्वारा समर्थित कार्यक्रमों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से, भाऔविबैंनि के वरिष्ठ कार्यपालकों के एक दल ने सितम्बर, 1992 में असम, अरुणाचल प्रदेश नागालैण्ड और मेघालय चार राज्यों में गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि द्वारा सहायता प्राप्त विभिन्न परियोजनाओं का मौके पर निरीक्षण किया । भाऔविबैंनि के कार्यपालकों का दल, अन्य बातों के साथ-साथ, इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि चूंकि उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पिछले दो वर्षों के दौरान निधिक सहायता की मात्रा पर्याप्त थी, अतः राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि को उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में क्रियाकलापों को बढ़ाना चाहिए और अपने कार्यक्षेत्र को विस्तृत बनाकर बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, आदि नए क्षेत्रों में निधिक सहायता उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देनी चाहिए ।

4.15 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, भाऔविबैंनि ने अपनी आवर्ती निधि योजना के अंतर्गत रुवा बैंक द्वारा प्रायोजित फण्ड्स आफ वूमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग (इण्डिया), अहमदाबाद को 35 लाख रुपए का अनुदान दिया । इस योजना के प्रमुख उद्देश्य लघु बचतों और महिलाओं के ऋण संगठनों को प्रोत्साहित करना है ताकि इसके सदस्यों को, अन्य बातों के साथ-साथ, ऐसे क्रियाकलापों के लिए ऋण सहायता उपलब्ध हो सके जिससे वे उपयुक्त रोजगार पा सकें तथा अपने नाम से संपत्तियां जुटा सकें और उत्पादक परिसम्पत्तियों हेतु लिए गए ऋण चुका सकें ।

जोखिम पूंजी, प्रौद्योगिकी वित्त और उद्यम पूंजी के लिए सहायता

4.16 भाऔविबैंनि जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त के लिए जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि., जो भाऔविबैंनि द्वारा वर्ष 1976 में प्रवर्तित पूर्ववर्ती जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की उत्तराधिकारी संस्था है, के माध्यम से सहायता प्रदान करता रहा । वर्ष 1992-93 (अप्रैल-मार्च) के दौरान, जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि. द्वारा 14 मध्यम आकार की परियोजनाओं के लिए 471.38 लाख रुपए की जोखिम पूंजी सहायता मंजूर की गयी । वर्ष 1976 में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान की स्थापना से 31 मार्च, 1993 तक संचयी रूप से 236 मध्यम आकार वाली औद्योगिक इकाइयों को कुल मिलाकर 3475.79 लाख रुपए की जोखिम पूंजी सहायता मंजूर की गई । इन मंजूरियों में से 3058.29 लाख रुपए का संवितरण किया गया, जिसमें से 275.56 लाख रुपए का संवितरण 1992-93 में किया गया है । प्रौद्योगिकी वित्त एवं विकास योजना के अधीन वर्ष के दौरान 3 परियोजनाओं को 29.67 लाख रु. मंजूर किए गए तथा संचयी रूप से परियोजनाओं को 1299.52 लाख रुपए मंजूर किए गए। इन मंजूरियों में से 1041.83 लाख रुपए के संवितरण किए गए, जिनमें से 279.83 लाख रुपए का संवितरण 1992-93 में किया गया है । इस योजना के परिचालनों को कम किया गया है, क्योंकि इस योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता की पात्र अनेक परियोजनाओं को उद्यम पूंजी योजना के अंतर्गत भी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है ।

4.17 नवोन्मेषी उत्पादों/प्रौद्योगिकी/सेवाओं वाले अत्यधिक लाभप्रद उद्यमों, जिनका लक्ष्य भावी या नए बाजार बनाना हो, को उद्यम पूंजी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से. भारतीय यूनिट ट्रस्ट की उद्यम पूंजी यूनिट-3 (वेंकाप 3-1991) नामक एक योजना के रूप में जुलाई, 1991 में 30 करोड़ रुपये की उद्यम पूंजी निधि (भाऔविबैंनि द्वारा 20 करोड़ रुपये का अंशदान, जिसमें 10 करोड़ रुपए की राशि विश्व बैंक ऋण श्रृंखला में से है) बनाई गई जिसकी व्यवस्था जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि. द्वारा की जाएगी । 31 मार्च, 1993 तक जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि. द्वारा 19 परियोजनाओं को 1725.75 लाख रुपये की राशि मंजूर की जा चुकी है,

जिसमें से 752.78 लाख रुपये संवितरित किए जा चुके हैं। मार्च, 1993 के अंत तक भाऔविनि ने वेकास- III योजना के लिए भारतीय यूनिट ट्रस्ट को 500 लाख रुपए संवितरित किए हैं ।

4.18 वर्ष 1991-92 में ही जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि. चुनिंदा आधार पर गैर-निधि आधारित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यरत है । जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि. ने अपने द्वारा वित्तपोषित एक इकाई को गारंटी सुविधा उपलब्ध कराई है। अपनी वित्तपोषित कम्पनियों के प्रति प्रायोजक के दायित्व को स्वीकार करते हुए, जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि. ने ओवर-दि-काउंटर एक्सचेंज आफ इण्डिया (ओटीसीईआई) की सदस्यता प्राप्त की है ।

4.19 वर्ष 1991-92 के दौरान, भाऔविनि ने इण्डस वेंचर मैनेजमेंट कं. लि. द्वारा प्रवर्तित इण्डस वेंचर कैपिटल फण्ड (आईवीसीएफ) की शेयर पूंजी में 20 लाख रुपये का अंशदान किया । इण्डस वेंचर कैपिटल फण्ड के अन्तर्गत परिचालन प्रारम्भ हो गए हैं और समीक्षाधीन अवधि के दौरान इण्डस वेंचर कैपिटल फण्ड ने चार परियोजनाओं हेतु कुल 2.65 करोड़ रुपये के निवेशों को अनुमोदित किया है ।

पर्यटन एवं पर्यटन सम्बन्धी कार्यों के लिए सहायता

4.20 पर्यटन के लिए भाऔविनि की सहायता, पर्यटन सम्बन्धी परियोजनाओं में भाऔविनि की प्रत्यक्ष रूप से भागीदारी तथा भाऔविनि द्वारा अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों एवं कुछ चुने हुए बैंकों के साथ मिलकर वर्ष 1989 में प्रायोजित भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि. को प्रदत्त सहायता के रूप में जारी रही। भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि. ने अपने क्रियाकलापों के चौथे वर्ष के दौरान सावधि रुपया ऋण, लीजिंग वित्त एवं इक्विटी पूंजी में प्रत्यक्ष अभिदान के रूप में 34 परियोजनाओं को 125.02 करोड़ रुपये की वित्तीय साहयता मंजूर की, जिसमें से 59.68 करोड़ रुपये संवितरित किए गए। 31 मार्च, 1993 तक संचयी मंजूरियां एवं संवितरण क्रमशः 366.26 करोड़ रुपये एवं 159.95 करोड़ रुपये रहे । संचयी सहायता में 134.57 करोड़ रुपये की ऐसी राशि भी शामिल है जो कि 67 उन परियोजनाओं को मंजूर की गयी थी जिन्हें पहली बार पर्यटन के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित किया गया (1992-93 के दौरान 14 परियोजनाओं को 49.32 करोड़ रुपये)। भारतीय पर्यटन वित्त निगम द्वारा अब तक उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता के परिणामस्वरूप होटलों में 10,360 कमरों (1992-93 के दौरान 1953 कमरे) की वृद्धि होगी एवं 19,378 व्यक्तियों को (1992-93 के दौरान 3,474 व्यक्ति) प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इससे पर्यटन परियोजनाओं में 1099.51 करोड़ रुपये का कुल निवेश (1992-93 के दौरान 288.08 करोड़ रुपये) उत्प्रेरित होगा ।

4.21 दिसम्बर, 1991 में भारतीय पर्यटन वित्त निगम के सहयोग से, भाऔविनि ने पर्यटन और पर्यटन सम्बन्धी क्रियाकलापों, सुविधाओं और सेवाओं के लिए परामर्शी, सलाहकारी और तत्पश्चात् वित्तीय सेवाएं प्रदान करने हेतु एक विशिष्ट सलाहकारी संगठन के रूप में भारतीय पर्यटन सलाहकारी एवं वित्तीय सेवाएं निगम लि. को प्रायोजित किया । समीक्षाधीन अवधि के दौरान भाऔविनि ने भारतीय पर्यटन सलाहकारी एवं वित्तीय सेवाएं निगम लि. को 25 लाख रुपये का अंशदान दिया जो कि उसकी 100 लाख रुपये की प्रारम्भिक प्रदत्त पूंजी का 25% है।

पूंजी बाजार के विकास के लिए सहायता

4.22 भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की निधि संबंधी प्रारम्भिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भाऔविनि ने इसकी निकाय निधि में 250 लाख रुपए का अंशदान किया । भाऔविनि ने ओटीसी एक्सचेंज आफ इण्डिया लि. की स्थापना में भारतीय यूनिट ट्रस्ट, भारतीय साख एवं निवेश निगम लि. एवं अन्य संस्थानों के साथ मिलकर सहयोग प्रदान किया तथा इसके 8.00 करोड़ रुपए की प्रदत्त शेयर पूंजी का 8% अर्थात् 64 लाख रुपए का अंशदान किया ।

4.23 चुनिंदा निवेश संस्थानों और बैंकों के सहयोग से भाऔविनि ने पब्लिक लिमिटेड कम्पनी के रूप में एक साख निर्धारण एजेंसी अर्थात् भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेंसी (इकरा) की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई । पहली सितम्बर, 1991 को कार्य प्रारम्भ करने से लेकर 31 मार्च, 1993 तक, भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेंसी लि. ने 135 प्रलेखों (संचयी) का साख निर्धारण किया है जिसमें वित्तीय सेवा कम्पनियों के 37 प्रलेख, उत्पादन कम्पनियों के 95 प्रलेख और एक वित्तीय संस्थान के 3 प्रलेख शामिल हैं । इन प्रलेखों में वाणिज्यिक पेपर, सावधि जमा, डिबेंचर और बांड शामिल हैं। इसमें से 72 कम्पनियों ने 94 प्रलेखों का साख निर्धारण स्वीकार किया है जिनमें 58 डिबेंचर, 2 बांड, 9 वाणिज्यिक पेपर और 25 सावधि जमा शामिल हैं । भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेंसी लि. ने दो नई सेवाएं, यथा—ऋण मूल्यांकन सेवा और सामान्य मूल्यांकन सेवा भी आरम्भ की हैं और 1992-93 (अप्रैल-मार्च) के दौरान इसने ऋण मूल्यांकन के 9 कार्य और सामान्य मूल्यांकन के 2 कार्य पूरे किये हैं ।

4.24 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, भाऔविनि ने निवेशकों का सुसंगठित, राष्ट्र-व्यापी, स्क्रीन आधारित इलैक्ट्रॉनिक व्यापार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अन्य वित्तीय संस्थानों और बैंकों के सहयोग से नेशनल स्टाक एक्सचेंज आफ इण्डिया लि. (एनएसई आईएल) की स्थापना में भागीदारी की । इस स्टाक एक्सचेंज में इक्विटी, डिबेंचर, सरकारी क्षेत्र की इकाइयों के बांड और सरकारी प्रतिभूतियों सहित अनेक प्रकार की प्रतिभूतियों का व्यापार किया जाएगा । भाऔविनि ने 25 करोड़ रुपये की कुल इक्विटी पूंजी के 14% के अभिदान की सहमति दी है और इसमें से 1.40 करोड़ रुपये का अंशदान यह पहले ही कर चुका है ।

4.25 भाऔविनि इस पर सहमत हुआ है कि वह भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा स्थापित की जा रही एक परिसम्पत्ति प्रबन्ध कम्पनी के प्रयोजन में भी भागीदारी करेगा जिसके लिए इसने 71.50 लाख रुपये का अंशदान किया है जो कि इस कम्पनी की 5.00 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी का 14.3% है ।

आवास विकास एवं वित्त के लिए सहायता

4.26 भाऔविनि द्वारा भारतीय जीवन बीमा आवास वित्त लि., साधारण बीमा निगम गृह वित्त लि. एवं ए.बी. होम्स फाईनेन्स लि. में भागीदारी के माध्यम से आवास विकास एवं वित्त के लिए सहायता प्रदान की जाती है ।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता

4.27 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा उद्योगों के बीच निरन्तर पारस्परिक संवाद विकसित करने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमियों की नई श्रेणी तैयार करने के उद्देश्य से भाऔविनि

सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान, पहले से ही प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग महाविद्यालयों और तकनीकी/शोध संस्थानों द्वारा स्थापित विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों (स्टेप्स) को सहायता प्रदान करता रहा है। भाऔविनि, अब तक, रांची (बिहार), बम्बई (महाराष्ट्र), तिरूचिरापल्ली (तमिलनाडु), कानपुर (उत्तर प्रदेश), मैसूर (कर्नाटक), लुधियाना (पंजाब), भोपाल (मध्य प्रदेश) एवं खड़गपुर (पश्चिमी बंगाल) में आठ विज्ञान एवं उद्यमी पार्कों (स्टेप्स) हेतु निधियां जुटाने में भागीदारी कर चुका है। ये स्टेप्स निरन्तर प्रगति कर रहे हैं और कार्यान्वयन की विभिन्न अवस्थाओं में हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान भाऔविनि द्वारा अन्य भागीदार संस्थानों के सहयोग से, जवाहर लाल नेहरू इन्टरप्रेनोर्स कैमिकल पार्क (जेएनईसीपी) स्टेप, बम्बई को इसकी आधुनिक मशीनरी हेतु आयातित कलपुर्जे प्राप्त करने और इसकी कार्य-कुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से और अधिक जांच सुविधाओं की स्थापना करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की गयी।

अनुसंधान तथा अनुसंधानोन्मुखी क्रियाकलापों के लिए सहायता

(1) भाऔविनि पीठें

4.28 औद्योगिक प्रबन्ध, वित्तीय प्रबन्ध, औद्योगिक वित्त, क्षेत्रीय अर्थ-व्यवस्था और विकास बैंकिंग के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भाऔविनि ने छः पीठों की स्थापना की है, जिनमें से एक भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद में और दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, गुवाहाटी तथा मद्रास विश्वविद्यालयों में एक-एक है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, 25 अगस्त, 1992 को मद्रास विश्वविद्यालय में डा. एन. पी. श्रीनिवासन ने "विकास बैंकों द्वारा परियोजना जोखिम मूल्यांकन" विषय पर भाऔविनि सार्वजनिक व्याख्यान दिया।

(2) भाऔविनि अनुसंधान अध्येतावृत्तियां

4.29 भाऔविनि की नई योजना के अंतर्गत विकास बैंकिंग, उद्यमीयता विकास, उद्यम-प्रबन्ध, श्रम-प्रबन्ध, पर्यटन एवं पर्यटन सम्बन्धी क्रियाकलापों का प्रबन्ध आदि से सम्बन्धित क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सितम्बर, 1991 में डाक्टरेट डिग्री के लिए अनुसंधान अध्येतावृत्तियां प्रारम्भ की गई। भाऔविनि ने वर्ष 1991 एवं 1992 में चार-चार अध्येतावृत्तियां प्रदान कीं। एक शोधार्थी ने "भारत में निगमित क्षेत्र में उद्यम पंजी के उभरते रूख" पर अपना शोध-प्रबन्ध पूरा कर लिया और उन्हें दिसम्बर, 1992 में डाक्टरेट की डिग्री प्रदान की गयी।

(3) अन्य अनुसंधानोन्मुख संगठनों को सहायता

4.30 समीक्षाधीन अवधि के दौरान उपभोक्ता शिक्षा अनुसंधान केन्द्र, बिहार औद्योगिक संघ, सेन्टर फार मल्टी-डिस्पलनरी डवलपमेन्ट रिसर्च, इंडियन इकानामिक एसोसिएशन, इंस्टीट्यूट फार स्टडीज इन इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट, सेन्टर फार रिसर्च आफ इकानमी एण्ड ट्रेड और इण्डियन काउंसिल फार रिसर्च आन इन्टरनेशनल इकोनोमिक्स रिलेशन्स को भी सहायता प्रदान की गयी ताकि ये संगठन अपने अनुसंधानोन्मुख क्रियाकलापों को बढ़ा सकें।

5. प्रबन्ध, संगठन एवं आन्तरिक मामले

निदेशक बोर्ड

5.01 30 जून, 1993 को समाप्त 15 महीने की अवधि के दौरान, निदेशक बोर्ड की 15 बैठकें हुई, जिनमें से 13 बैठकें नई दिल्ली में और एक-एक बैठक जयपुर और बंगलौर में हुई।

5.02 श्री डी. एन. डावर 20 अप्रैल, 1992 को भाऔविनि के अध्यक्ष के पद से कार्यमुक्त हो गए। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) के संयुक्त सचिव एवं केन्द्र सरकार द्वारा नामित भाऔविनि के निदेशक डा. पी. जे. नायक ने, श्री पी. एस. गोपालकृष्णन की भाऔविनि के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होने तक भाऔविनि के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्य-भार संभाला। श्री गोपालकृष्णन ने 26 नवम्बर, 1992 को अध्यक्ष पद का कार्य-भार ग्रहण किया। केन्द्र सरकार द्वारा नामित एक अन्य निदेशक श्री एन. आर. कृष्णन, अपर सचिव, भारत सरकार, उद्योग मंत्रालय, उद्योग विकास विभाग, 5 मार्च, 1993 से निदेशक नहीं रहे।

5.03 श्री एम. एन. गोइपोरिया के त्याग-पत्र से हुई आकस्मिक रिक्ति पर दिनांक 14 अक्तूबर, 1992 को आयोजित विशेष महासभा में, अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशक के रूप में श्री वी. महादेवन का निर्वाचन किया गया। श्री के. पी. नरसिम्हन के त्याग-पत्र से हुई आकस्मिक रिक्ति पर दिनांक 30 नवम्बर, 1992 से बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों तथा इसी प्रकार के अन्य वित्तीय संस्थानों, आदि का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशक के रूप में श्री जे. एस. मालंके को निर्वाचित किया गया।

5.04 भाऔविनि का निदेशक बोर्ड, श्री डी. एन. डावर, श्री एन. आर. कृष्णन, श्री एम. एन. गोइपोरिया एवं श्री के. पी. नरसिम्हन को, जो अब सेवा-निवृत्त हो गए हैं, भाऔविनि के साथ सम्बद्ध रहने की अवधि के दौरान, उनके द्वारा दिए गए अत्यन्त उपयोगी एवं मूल्यांकन सहयोग के लिए अपना हार्दिक आभार प्रकट करता है।

अन्तर-संस्थानात्मक और राज्य-स्तरीय समन्वय

5.05 संस्थानों के प्रधानों की अनौपचारिक बैठकों और वरिष्ठ कार्यपालक बैठकों, वरिष्ठ विधिक कार्यपालक बैठकों तथा क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकों के माध्यम से वित्तीय संस्थानों के बीच अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय बनाए रखा गया। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, संस्थानों के प्रधानों की छह बैठकें, 28 वरिष्ठ कार्यपालक बैठकें, 7 वरिष्ठ विधिक कार्यपालक बैठकें एवं 2 क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकें आयोजित की गई। इनके अतिरिक्त, प्रवर्तन क्रियाकलापों के क्षेत्र में अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ कार्यपालकों की दो बैठकें आयोजित की गई।

5.06 राज्य-स्तर पर, भाऔविनि ने राज्य-स्तरीय समितियों तथा राज्य-स्तरीय अन्य मंचों की विभिन्न बैठकों में अपने क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों के प्रधानों की भागीदारी के माध्यम से, समन्वय बनाए रखा।

विदेशी एजेंसियों से विचार विनिमय

5.07 भाऔविनि ने विश्व बाजार में कार्यरत विकास वित्तीय संस्थानों तथा अन्तरराष्ट्रीय बैंकों के साथ निरन्तर घनिष्ठ सम्बन्ध एवं सम्पर्क बनाए रखा। श्री पी. एस. गोपालकृष्णन, अध्यक्ष ने अप्रैल, 1993 में कोलम्बो में आयोजित एसोसिएशन आफ डवलपमेन्ट फाइनेंसिंग इंस्टीट्यूशन्स इन एशिया एण्ड दि पैसिफिक (ए डी एफ आई ए पी) के वार्षिक सम्मेलन में

भाग लिया। उन्होंने मई, 1993 में मनीला में आयोजित एशियन विकास बैंक की 26वीं वार्षिक बैठक में भी भाग लिया। अध्यक्ष ने महाप्रबन्धक श्री एस. के. जैन के साथ सिंगापुर, टोक्यो तथा हांगकांग का दौरा किया और वे प्रमुख बैंकों तथा प्रतिभूति कम्पनियों के अधिकारियों से मिले तथा उन्होंने पारस्परिक हितों से सम्बन्धित मामलों पर विचार-विमर्श किया। श्री एस. पी. बैनर्जी, कार्यपालक निदेशक 50 मिलियन अमरीकी डालर की सीमा तक अमरीकी एक्जिम बैंक की प्रतिभूतिकरण सुविधा हेतु अमरीकी एक्जिम बैंक तथा कैमिकल बैंक के साथ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर के सिलसिले में सितम्बर, 1992 में वाशिंगटन गए। उन्होंने अम्सटरडम का भी दौरा किया और आई एफ सी आई के साथ "कार्यनीति-सहयोग" को अंतिम रूप दिए जाने के सम्बन्ध में ए बी एन एमरो बैंक के अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। नवम्बर, 1992 में श्री बैनर्जी लंदन गए तथा उन्होंने विभिन्न बैंकरों के साथ पारस्परिक हित के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

5.08 अनेक विदेशी उच्चाधिकारियों ने आई एफ सी आई का दौरा किया और भारत में निवेश के अवसरों तथा पारस्परिक हितों के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। आई एफ सी आई के प्रमुख अधिकारियों ने क्रेदितांसाल्त-फर वाइडर फबउ (के एफ डब्ल्यू), एशियन विकास बैंक, अमरीकी एक्जिम बैंक की टीम के साथ उपयोगी विचार-विमर्श किया। आई एफ सी आई के साथ "कार्यनीति-सहयोग" के सिलसिले में ए बी एन एमरो बैंक, नीदरलैंड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी विचार-विमर्श किया गया।

संगठनात्मक गतिविधियां

5.09 31 दिसम्बर, 1992 से श्री बी. के. मलहोत्रा, श्री एच. बी. सुब्बाराव तथा श्री आर. एल. श्रीवास्तव, उप महाप्रबन्धक को महाप्रबन्धक के पदों पर तथा श्री सी. पी. भान, उप विधि सलाहकार को विधि सलाहकार के पद पर पदोन्नत किया गया।

5.10 प्रबन्ध सूचना पद्धति, प्रशिक्षण, कम्प्यूटरीकरण, लाइब्रेरी, कर्मचारी कल्याण, हिन्दी का प्रगामी प्रयोग, आदि विषयों के सम्बन्ध में योजना बनाने, उनके क्रियान्वयन तथा उनकी देख-रेख के लिए गठित भाऔविनि के अधिकारियों की विभिन्न समितियां भाऔविनि कार्य-निष्पादन के सम्बद्ध क्षेत्रों में संतोषजनक ढंग से कार्य करती रहीं। अध्याय-1 के पैरा 1.2 में उल्लिखितानुसार, भाऔविनि के सांविधिक निगम से कम्पनी में संपरिवर्तन के संदर्भ में, संगठन की पुर्नसंरचना की योजना निर्धारण के लिए भी एक वरिष्ठ अधिकारी समिति का गठन किया गया। उक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने में सभी स्तरों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विचार-विनिमय किया।

कार्मिक

5.11 जून, 1993 के अंत तक, भाऔविनि में कार्मिकों की कुल संख्या 1,141 (क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों के कार्मिकों सहित) थी, जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के 185, भूतपूर्व सैनिक 33 और शारीरिक रूप से विकलांग 17 कर्मचारी शामिल थे। उक्त तारीख तक महिला कर्मचारियों की संख्या 188 थी।

मानव संसाधन विकास

5.12 बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा और गतिशील व्यापार परिस्थितियों के कारण आई एफ सी आई के मानव संसाधनों को और अधिक सक्रिय बनाना तथा उनकी गुणवत्ता में सुधार लाना अनिवार्य हो गया। 30 जून, 1993 को समाप्त 15 महीनों की अवधि के दौरान, अलग-अलग अवधि के 47 इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से 24 कार्यक्रम प्रधान कार्यालय में, 15 बम्बई क्षेत्रीय कार्यालय में तथा 8 पटना प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित किए गए। कुल मिलाकर 132 दिन के इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न स्तरों के 752 भागीदार शामिल हुए। इन-हाउस प्रशिक्षण क्रियाकलापों का मुख्य उद्देश्य स्टाफ के सदस्यों को अपेक्षित कार्य क्षमता से परिपूर्ण करना तथा नए आर्थिक सुधारों के फलस्वरूप आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सही दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार करना था।

5.13 आन्तरिक प्रशिक्षण के पूरक कार्यक्रम के रूप में तथा अन्य संस्थानों/संगठनों के विद्वानों एवं शिक्षाविदों के साथ विचार-विनिमय के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रबन्ध विकास के लिए भाऔविनि द्वारा आयोजित संस्थान प्रबन्ध विकास संस्थान सहित देश के प्रसिद्ध संस्थानों द्वारा आयोजित 75 बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्टाफ के 119 सदस्यों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, विदेशों, जैसे स्वीडन, नेपाल, मलेशिया और मनीला में यू एन आई टी ए आर, ए डी एफ आई ए पी, आदि जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों द्वारा आयोजित चार कार्यक्रमों में 5 अधिकारियों, जिनमें एक महिला अधिकारी भी थी, ने भाग लिया। भाऔविनि में नौकरी के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/जनजाति के उम्मीदवारों के लिए भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में सरकारी मार्गनिर्देशों पर भी भाऔविनि निरन्तर अमल करता रहा।

5.14 रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए वाणिज्यिक बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करने के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के अधीन भाऔविनि ने अपने पुनर्स्थापन वित्त विभाग (पुविवि) में वाणिज्यिक बैंकों के अधिकारियों को कार्योन्मुखी व्यावहारिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

कर्मचारी कल्याण

5.15 भाऔविनि के कर्मचारी कल्याण कार्यों में सामाजिक सुरक्षा, आवास एवं चिकित्सा सुविधाएं पहले की ही भांति मुख्य आधार बनी रहीं। कर्मचारियों और उनके परिवार के कल्याण के लिए भाऔविनि की विभिन्न कल्याण योजनाएं, जैसे, उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद एवं भारत तथा विदेशों में बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु ऋण सुविधा, भाऔविनि के विभिन्न कार्यालयों में स्थित मनोरंजन क्लबों को तथा विभिन्न स्टाफ कर्मचारियों के निवासी कल्याण संघों को सांस्कृतिक समारोह, आदि आयोजित करने के लिए अनुदान देना; अवकाश गृहों का रख-रखाव करना तथा शिशु कल्याण केन्द्र चलाना आदि, पहले की भांति ही जारी रहीं।

पर्यावरणीय कल्याण

5.16 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, भाऔविनि ने अनुमोदन के स्वरूप और शर्तों के अनुपालन की रक्षा के विभिन्न पहलुओं पर कार्य करना जारी रखा ... संगठन, लेखापाल सोमवारी

फार दि प्रिवेंशन आफ ब्लाइंडनेस—इण्डिया को रुपए 10,000/- का चन्दा दिया ।

इलैक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग एवं सम्प्रेषण प्रणाली

5.17 भाओविनि के सभी क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में समुचित कम्प्यूटर सिस्टम उपलब्ध करवा दिए गए हैं । इस समय कार्यरत विभिन्न सिस्टम्स हैं—आई सी आई एम-6040 मेन फ्रेम, यूनिक्स एन्वायरन्मेंट में परिचालनरत ई एस पी एल मिनी सिस्टम्स, जिस्ट कार्ड और डाट मैट्रिक्स प्रिंटर्स सहित पर्सनल कम्प्यूटर, वर्कमेट-2, यूनिक्स एन्वायरन्मेंट में मल्टीयूजर मोड में कार्यरत कम्प्यूटरीकृत टेलेक्स प्रणाली तथा प्रधान कार्यालय में पीसी-फैक्स सिस्टम तथा इसके अलावा भाओविनि के सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में जिस्ट कार्ड की सुविधा वाले पर्सनल कम्प्यूटर और ई एस पी एल मिनी सिस्टम, प्रिन्टर्स, डम्ब टर्मिनल, आदि भी परिचालन में हैं ।

5.18 भाओविनि के ई डी पी विभाग ने रुपया ऋण लेखांकन, सामान्य वित्तीय लेखांकन, विदेशी मुद्रा ऋण लेखांकन तथा प्रबन्ध सूचना प्रणाली के क्षेत्रों में पहले से प्रयोग किए जा रहे साफ्टवेयर पैकेजों का प्रयोग करना और उन्हें आधुनिकतम बनाना जारी रखा । इसने डेड-स्टाक लेखांकन, भाओविनि के बजट तैयार करने और उसकी मानिटरिंग करने, वित्तपोषित संस्थाओं के तुलन-पत्रों का अन्तर-फर्म तुलनात्मक अध्ययन, वित्तीय सेवाओं के अंतर्गत उपस्कर लीजिंग योजना के अधीन उपलब्ध करवाई गई सहायता के संदर्भ में लीज-परिसम्पत्तियों पर मूल्यह्रास का परिगणन करने में नए प्रयोगों को विकसित किया । इसके अतिरिक्त, भाओविनि की शेयरधारिता से सम्बन्धित प्रमाणपत्रों/स्क्रिप्स के लेन-देन के विवरण के बारे में सूचना प्राप्त करने के लिए, एहले से लगाए गए निवेश पोर्टफोलियो लेखांकन के प्रबन्ध सिस्टम्स में एक मोड्यूल जोड़ा गया ।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

5.19 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, भाओविनि भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दृष्टि से अपने शासकीय कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के निरन्तर प्रयास करता रहा । संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिश पर सरकार के निर्णय के अनुसार, कलकत्ता तथा बम्बई क्षेत्रीय कार्यालयों में विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए ताकि उनके कर्मचारी हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर सकें । प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में कार्यशालाएं आयोजित की गईं ताकि स्टाफ अपने शासकीय कार्य में हिन्दी का प्रयोग करें ।

5.20 प्रधान कार्यालय तथा क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों की राजभाषा कार्यान्वयन समितियां भाओविनि के शासकीय कार्य में हिन्दी के प्रयोग पर निरन्तर निगरानी रखती रहीं और भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रावधानों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में मार्गनिर्देश जारी किए गए ताकि भाओविनि के विभिन्न कार्यालयों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हो सके । भाओविनि के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालय, बैंक/नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेते रहे ।

5.21 विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी किए जाने वाले सभी दस्तावेज अर्थात् सामान्य आदेश, संकल्प, अधिसूचनाएं, नियम, प्रशासनिक एवं अन्य रिपोर्टें, प्रैस विज्ञप्तियां, संविदाएं, निविदा प्रपत्र, सूचनाएं, करार, संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखे जाने वाले कागजात आदि द्विभाषिक रूप से जारी किए गए । सभी परिचालन/प्रशासन परिपत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किए गए । प्रधान कार्यालय के विभागों/प्रभागों सहित भाओविनि के विभिन्न कार्यालयों में स्थापित कम्प्यूटरों पर "अक्षर" साफ्टवेयर लगाने के परिणामस्वरूप, इस अवधि में कम्प्यूटरों पर हिन्दी के प्रयोग में वृद्धि हुई । प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों/प्रभागों में जिस्ट कार्ड भी लगाए गए जिससे वेतन पर्ची द्विभाषिक रूप से जारी की जा रही हैं । पूर्व मुद्रित द्विभाषिक लेखन सामग्री पर ब्याज नोटिस आदि द्विभाषिक रूप में तैयार करके जारी किए गए ।

5.22 भाओविनि ने अखिल भारतीय आधार पर केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भी भाग लिया तथा नकद पुरस्कार और शंसा प्रमाण-पत्र प्राप्त किए । हिन्दी पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर, समारोह के मुख्य अतिथि श्री शंकर दयाल सिंह, संसद सदस्य ने भाओविनि के हिन्दी कक्ष द्वारा संकलित "सांकेतिक वित्त शब्दावली" का विमोचन किया । भाओविनि के हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष के दौरान राजभाषा कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए प्रशंसनीय कार्य करने हेतु योग्यता प्रमाणपत्र दिया गया ।

कार्यालय परिसर

5.23 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कोच्चि स्थित भाओविनि के शाखा कार्यालय को इसके अपने परिसर में स्थानान्तरित किया गया । इस प्रकार अब भाओविनि के 18 कार्यालयों में से 14 कार्यालय अपने-अपने भवनों में स्थित हैं ।

5.24 भाओविनि की 43वीं वार्षिक रिपोर्ट में, भाओविनि द्वारा दिल्ली विकास प्राधिकरण से नेहरू प्लेस, नई दिल्ली में एक भूखण्ड लिए जाने का उल्लेख किया गया था, ताकि इसके विभिन्न कार्यालय को, जो इस समय पांच विभिन्न भवनों में स्थित हैं, एक ही स्थान पर स्थापित किया जा सके । 20-मंजिला "इंटेलिजेंट आफिस काम्प्लेक्स" के लिए वास्तुशिल्पीय कार्य पूरा हो चुका है और निर्माण कार्य आरम्भ हो चुका है । दिनांक 22 अप्रैल, 1993 को आयोजित समारोह में इस भवन का शिलान्यास माननीय वित्त मंत्री, डा मनमोहन सिंह ने किया । वित्त राज्य मंत्री डा. अब्दार अहमद ने इस समारोह की अध्यक्षता की ।

आन्तरिक लेखा परीक्षा

5.25 प्रधान कार्यालय के आन्तरिक लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग, जो कार्यपालक निदेशक के माध्यम से अध्यक्ष को रिपोर्ट करता है, ने भाओविनि के राजस्व का पर्ण एवं सही लेखांकन, संसाधनों, का अनुकूलतम उपयोग सुनिश्चित किया और उत्पादकता एवं कार्यक्षमता में सुधार लाने पर विशेष जोर

देते हुए निगम की कार्य-पद्धति एवं कार्य-प्रक्रिया की प्रभावकारिता के बारे में प्रबंधन को सूचना दी। आन्तरिक लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग ने वित्तीय सेवाओं सहित ऋणों एवं अग्रिमों से प्राप्त आय के शत प्रतिशत सत्यापन के अतिरिक्त संवितरणों, वसूलियों, संवितरण के पश्चात् अनुवर्तन, बीमा एवं विधिक प्रलेखन आदि कार्यों का भी निष्पादन किया। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, आन्तरिक लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग ने लेखा परीक्षा के प्रेक्षणों एवं सांविधिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों के आधार पर अपेक्षित सुधार हेतु कार्रवाइयों के अनुपालन पर निरन्तर गंभीरतापूर्वक ध्यान रखा। विधि लेखा परीक्षा, जिसमें विधिक दस्तावेजों के वास्तविक सत्यापन, ऋण प्रलेखों की प्रसंविदाओं के अनुसार प्रतिभूति प्रावधानों की समीक्षा, बकाया कानूनी कार्यों की स्थिति का अनुवर्तन आदि शामिल हैं, को भी पिछले कुछ वर्षों से आन्तरिक लेखा परीक्षा में एकीकृत कर दिया गया है। आन्तरिक लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग ने संगामी आधार पर अल्पकालीन मुद्रा बाजार प्रलेखों में भाऔविनि द्वारा निधियों के निवेश से संबंधित क्षेत्रों की भी समीक्षा की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए मार्गनिर्देशों का पूर्णतया पालन किया गया है।

जन संपर्क

5.26 भाऔविनि ने दिनांक 14 फरवरी, 1993 से 21 फरवरी, 1993 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में भारतीय उद्योग संघ द्वारा आयोजित दसवें भारतीय इंजीनियरिंग व्यापार मेले में भी हिस्सा लिया। 40 से अधिक देशों ने इस मेले में भाग लिया। अधिकांश महत्वपूर्ण भारतीय इंजीनियरिंग संस्थाओं ने स्टाल लगाकर मेले में भाग लिया। वित्तीय संस्थाओं बैंकों और वित्तीय सेवा संगठनों द्वारा लगाए गए स्टालों में से भाऔविनि का स्टाल एक प्रमुख स्टाल था, जिसे सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया गया था और जिसमें विभिन्न परिचालनों और योजनाओं को दर्शाने वाले पैनल लगे हुए थे। आठ दिन के मेले में 8,000 से भी अधिक व्यक्ति भाऔविनि का स्टाल देखने आए।

आभार

5.27 भाऔविनि का निदेशक बोर्ड भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, निदेशालयों, विभागों, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक तथा अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, वाणिज्यिक बैंकों, सहयोगी पूंजीगत वित्त तथा मर्चेन्ट बैंकिंग संगठनों, विभिन्न राज्य सरकारों, राज्य स्तर के विभिन्न वित्तीय एवं विकास संगठनों, आदि से प्राप्त सहायता, सहयोग, सलाह, मार्गदर्शन और समर्थन के लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है।

5.28 निदेशक बोर्ड विदेशों में स्थित विभिन्न विकास वित्तीय संस्थाओं, विशेष रूप से विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम, एशियाई विकास बैंक, क्रेडिटांस्टाल्ट-फर-वाइडरफबाउ, जर्मनी, एशिया एवं प्रशांत के विकास वित्तीय संस्थानों के संघ और विदेश स्थित अनेक संपर्ककर्ता बैंकों तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग समुदाय के सदस्यों द्वारा भाऔविनि को प्राप्त निरन्तर सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करता है।

5.29 निदेशक बोर्ड, निगम के विभिन्न पदों पर कार्यरत अधिकारियों तथा स्टाफ के सभी सदस्यों द्वारा समीक्षाधीन अवधि के दौरान निष्ठा एवं समर्पण भाव से की गई सेवाओं के लिए उनकी सहर्ष सराहना करता है।

पी. एस. गोपालकृष्णन
अध्यक्ष

वार्षिक लेखे

लेखा परीक्षा रिपोर्ट

सेवा में

पूर्ववर्ती भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के शेयरधारी जोकि अब भारतीय औद्योगिक वित्त निगम लिमिटेड के शेयरधारी हैं।

हमने पूर्ववर्ती भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के 30 जून, 1993 के संलग्न तुलन-पत्र और निगम के पहली अप्रैल, 1992 से 30 जून, 1993 की अवधि के लेखों का लेखा-परीक्षण किया है और शेयरधारियों को निम्नानुसार रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं :—

1. तुलन-पत्र और लेखे, लेखा-पुस्तकों के साथ तालमेल में हैं।
2. हमारे द्वारा मांगी गई आवश्यक सूचनाएं और स्पष्टीकरण हमें दिए गए हैं और वे संतोषजनक पाए गए हैं।
3. हमारे विचार से और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार, तुलन-पत्र और तुलन-पत्र पर दी गई लेखांकन नीतियां और टिप्पणियां पूर्ण और निष्कपट हैं, इसमें सभी संबंधित जानकारी दी गई है, तथा यह औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 और निगम के नियमों के अनुसार तैयार किया गया है और इससे निगम के कार्यों के सच्चे और सही रूप का पता चलता है।

लोढा एण्ड कम्पनी   सी. सी. चोकसी एण्ड कम्पनी

सनदी लेखापाल

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27 अगस्त, 1993

30 जून 1992 को तुलन-पत्र

विवरण	अनुसूची	30 जून, 1993 को लाख रुपये	31 मार्च, 1992 को लाख रुपये
परिसम्पत्तियां			
रोकड़ और शेष	1	22,396.26	26,848.16
अल्प नोटिस एवं मांग पर राशि	—	7,500.00	—
वित्तपोषित संस्थाओं में निवेश	2a	29,442.94	16,955.05
अन्य संस्थाओं में निवेश	2b	14,185.57	3,494.52
वित्तपोषित संस्थाओं को ऋण	3	7 89,728.11	6,78,514.28
स्थिर परिसम्पत्तियां	4	26,876.34	25,555.53
अन्य परिसम्पत्तियां	5	63,428.55	73,262.17
स्वीकृतियों के लिए ग्राहक देयता (विलोम प्रविष्ट पर)	—	43,803.26	18,055.09
जोड़		9,97,361.03	8,42,684.80
देयताएं और शेयरधारी निधि			
शेयर पूंजी	6	20,250.00	14,250.00
रिजर्व और आरक्षित निधियां	7	54,668.40	44,008.02
दीर्घकालीन ऋण	8	8,36,033.55	7,29,603.50
चालू देयताएं तथा व्यवस्थाएं	9	37,516.46	32,455.10
निर्दिष्ट निधियां	10	5,089.36	4,313.09
स्वीकृतियों पर देयताएं (विलोम प्रविष्टि पर)	—	43,803.26	18,055.09
जोड़		9,97,361.03	8,42,684.80
लेखांकन नीतियां और टिप्पणियां	17		

उपर्युक्त अनुसूचियां तुलन-पत्र का भाग है।

एस॰पी॰बैनर्जी — हरिश्चन्द्र शर्मा, पूर्णकालिक निदेशक — पी॰एस॰ गोपालकृष्णनन, अध्यक्ष — एम॰एच॰खान, एस॰एस॰ कदम — डी॰आर॰एस॰ चौधरी, निदेशक

इसी तारीख को हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार लोढ़ा एण्ड कम्पनी समदी लेखापाल सी॰सी॰ चोकसी एण्ड कं॰

नई दिल्ली : 27 अगस्त, 1993

1 अप्रैल 1992 से 30 जून, 1993 की अवधि के लिए लाभ–हानि लेखा

विवरण	अनुसूची	30 जून, 1992 को समाप्त वर्ष लाख रुपये	31 मार्च, 1992 को समाप्त वर्ष लाख रुपये
ऋणों, अग्रिमों, निक्षेपों पर ब्याज और अन्य वित्तीय सहायता से आय (ब्याज कर प्रावधान, अशोध्य संदिग्ध ऋणों और सामान्य तथा आवश्यक प्रावधानों के लिए घटाकर)	11	99,513.21	67,113.52
अन्य परिचालनों से आय	12	29,144.78	16,384.73
कुल आय		1,28,657.99	83,498.25
ऋणों की लागत	13	1,03,858.91	66,294.56
कार्मिक व्यय	14	1,523.13	1,098.56
निदेशकों और समिति सदस्यों की फीस, आदि	—	4.95	4.07
किराया, अनुरक्षण तथा मूल्य ह्रास	15	5,867.54	3,206.38
अन्य व्यय	16	603.87	714.91
प्रबंध विकास, संस्थान को अनुदान	—	10.00	5.00
कराधान के लिए व्यवस्था	—	2,500.00	2,750.00
कुल व्यय		1,14,368.40	74,073.58
निवल लाभ		14,289.59	9.424.67
समायोजन :			
औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32 की अधीन सामान्य आरक्षित विधि		7126.50	2,888.60
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अधीन विशेष आरक्षित निधि		3,533.88	3,863.00
औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32 ख के अधीन हितकारी आरक्षित निधि		125.00	100.00
कर्मचारी कल्याण निधि		25.00	20.00
लाभांश		3,479.21	2,542.87
		14,289.59	9,424.67
लेखाकन नीतियां और टिप्पणियां	17		

ऊपर लिखित अनुसूचियां लाभ–हानि लेखा का भाग हैं।

एस० पी० बैनर्जी

हरिश्चन्द्र शर्मा
पूर्णकालिक निदेशक

पी० एस० गोपालकृष्णन
अध्यक्ष

एस० एन० खान
एस०एस० कदम

डी० आर० एम० चौधरी
निदेशक

इसी तारीख को हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

नई दिल्ली : 27 अगस्त, 1993

लोढ़ा एण्ड कम्पनी

सी०सी० चोकसी एण्ड कम्पनी

सनदी लेखापाल

अनुसूची 1 रोकड़ और बैंक शेष

विवरण	30 जून, 1993 को लाख रुपये	31 मार्च, 1992 को लाख रुपये
रोकड़ और बैंक शेष		
हाथ में नकदी/टिकटें	0.98	1.14
हाथ में वसूली हेतु प्रस्तुत चैक/ड्राफ्ट	3,041.30	3,728.33
भारत के बैंकों में शेष		
चालू खातों में (टिप्पणी सं० 6 देखें)	6,785.07	7,011.95
अल्पावधि जमा में	600.00	12,793.85
भारत के बाहर बैंकों में शेष		
चालू खातों में	6,545.42	1,706.33
अल्पावधि निक्षेपों में	5,423.49	1,606.56
जोड़	22,396.26	26,848.16

अनुसूची 2 क वित्तपोषित संस्थाओं में निवेश

(लागत अथवा बहीमूल्य पर)

लाख रुपये

विवरण	धारा के अन्तर्गत* 23 (घ)	23 (च)	23 (छ)	30 जून, 1993 को	31 मार्च, 1992 को
(i) इक्विटी शेयर	5,229.27	7,339.93	4,166.26	16,735.46	12,889.23
(ii) अधिमान शेयर	174.44	535.37	43.01	752.82	717.20
(iii) डिबेंचर	1,760.86	8,843.82	123.83	10,728.51	2,911.81
(iv) शेयर और डिबेंचरों पर आवेदन राशि	968.88	257.27	—	1,226.15	436.81
30 जून, 1993 को जोड़	8,133.45	16,976.39	4,333.10	29,442.94	
31 मार्च, 1992 को जोड़	6,366.74	7,761.90	2,826.41	16,955.05	16,955.05
कथित निवेश					
— बही मूल्य					
शेयर				10,760.98	
डिबेंचर				682.17	
				11,443.15	8,118.95
— बाजार मूल्य					
शेयर				21,237.12	
डिबेंचर				1,875.61	
				23,112.73	59,818.65
अकथित निवेश उन निवेशों सहित जिनके लिए चालू दरें उपलब्ध नहीं हैं।					
— बही मूल्य					
शेयर				6,727.30	
डिबेंचर				10,046.34	
				16,773.64	8,399.29
— विश्लेषित मूल्य					
शेयर				4,511.92	4,453.90

*औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 से संबंधित है।

निवेशों में भा० औ० वि० बैंक द्वारा जारी रुपये 100 करोड़ के अंकित मूल्य (लागत रुपये 100 करोड़) के ब्याज-मुक्त बांड, 30.3.2008 को प्रतिदेय, शामिल हैं।

अनुसूची 2 ख

अन्य संस्थाओं में निवेश (लागत पर)	14,185.57	3,494.52

अनुसूची 3

वित्त पोषित संस्थाओं को ऋण

(अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान को घटाकर)

विवरण	30 जून, 1993 को लाख रुपये	31 मार्च, 1992 को लाख रुपये
(i) भारतीय रुपयों में	5,76,744.42	4,94,023.79
(ii) विदेशी मुद्राओं में	2,12,983.69	1,84,490.49
जोड़	7,89,728.11	6,78,514.28

टिप्पणियां

(i) संस्थाओं द्वारा देय ऋण, जिनमें निगम के निदेशक (नामितों को छोड़कर), निदेशक की हैसियत से हितबद्ध हैं।	शून्य	शून्य
(ii) वर्ष के दौरान उन संस्थाओं को संवितरित ऋण की कुल राशि, जिनमें निगम के निदेशक (नामितों को छोड़कर), निदेशक की हैसियत से हितबद्ध हैं।	शून्य	शून्य
(iii) उन संस्थाओं से मूलधन अथवा ब्याज किस्तों की कुल अतिदेय राशि, जिनमें निगम के निदेशक (नामित को छोड़कर) निदेशक की हैसियत से हितबद्ध हैं।	शून्य	शून्य

अनुसूची 4

स्थिर परिसम्पत्तियां

लाख रुपये

विवरण	सकल ब्लाक				मूल्य ह्रास				निवल ब्लाक	
	31 मार्च, 92 को लागत	वृद्धि	बिक्री कटौतियां	30 जून, 93 को लागत	31-3-92 तक	अवधि के लिए	बिक्री कटौतियां	30-6-93 तक	30-6-93 को	31-3-92 को
फ्री होल्ड भूमि तथा भवन	2087.85	214.44	0.39	2301.90	385.66	162.35	0.04	547.97	1753.93	1702.19
पट्टे पर भूमि तथा भवन	5777.65	79.63	4209.06	1648.22	355.66	101.50	—	457.16	1191.06	2421.99
फर्नीचर तथा फिक्चर	233.71	42.85	16.43	260.13	83.85	20.87	0.24	104.48	155.65	149.86
कार्यालय उपस्कर कम्प्यूटर सहित	591.27	15.42	1.16	605.53	255.06	76.35	0.75	430.66	174.87	236.21
बिजली के संस्थान	190.93	31.46	—	222.39	98.81	35.00	—	133.81	88.58	92.12
वाहन	19.31	0.02	—	19.33	16.54	0.82	—	17.36	1.97	2.77
पट्टे पर दी गई परिसम्पत्तियां—सयंत्र एवं मशीनरी	22210.09	4496.22	106.54	26599.77	5131.20	4912.61	2.53	1004.28	16558.49	17078.89
उपजोड़	31110.81	4880.04	4333.58	31657.27	6426.78	5309.50	3.56	11732.72	19924.55	24684.03
निर्माणाधीन पूंजी व्यय									6951.79	871.50
जोड़	31110.81	4880.04	4333.58	31657.27	6426.78	5309.50	3.56	11732.72	26876.34	25555.35

*निर्माणाधीन कार्यालय भवन वाली पट्टाकृत भूमि पर रुपये 4209.06 लाख के पूंजी व्यय को निर्माणाधीन पूंजी व्यय में स्थानांतरित किया गया है।

अनुसूची 5 अन्य परिसम्पत्तियां

विवरण	30 जून, 1993 को लाख रुपये	31 मार्च, 1992 को लाख रुपये
प्रोद्भूत ब्याज परन्तु देय नहीं	16,065.00	13,851.15
वित्तीय सेवा योजनाओं के अन्तर्गत मशीनरी संभरकों को अग्रिम	2,026.20	8,023.57
जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड को अग्रिम	1,618.66	1,273.14
स्वैप करार के अधीन हाउसिंग डिवलपमेंट फाइनेन्स कारपोरेशन लि० को अग्रिम	7,246.38	7,246.38
स्वैप करार के अधीन इनफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एण्ड फाइनेंशियल सर्विसेज लि० को अग्रिम	2,717.39	2,717.39
भारतीय पर्यटन वित्त निगम लिमिटेड को अग्रिम	500.00	—
कर्मचारियों को अग्रिम	457.08	350.24
अन्य जमा राशियां	65.87	34.25
विनिमय जोखिम प्रबंध योजना के अन्तर्गत भारत सरकार से भा०औ०वि० बैंक की मार्फत 1-4-89 से 30-6-93 की अवधि के लिए वसूल की जाने वाली राशि (निवल विनिमय जोखिम प्रबंध निधि) (समाधान एवं समायोजन करने की शर्त के अधीन) (देखें नोट 5)	18,146.01	17,530.16
अग्रिम आयकर, स्रोत पर काटे गए कर सहित	5,873.84	3,929.10
अन्य परिसम्पत्तियां	8,712.12	18,306.79
जोड़	63,428.55	73,262.17

अनुसूची 6 शेयर पूंजी

विवरण	30 जून 1993 को लाख रुपये	31 मार्च 1992 को लाख रुपये
अधिकृत		
प्रत्येक पांच हजार रुपये के 5,00,000 शेयर	25,000.00	25,000.00
जारी और अभिदत्त		
प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 4,05,000 शेयर (2,85,000)	20,250.00	14,250.00
(औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 5 के अन्तर्गत मूलधन की पूर्व अदायगी और न्यूनतम वार्षिक लाभांश की अदायगी के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा गारंटी प्राप्त)		
प्रदत्त		
(i) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर	500.00	500.00
(ii) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 4,000 शेयर (द्वितीय सीरीज)	200.00	200.00
(iii) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 2,692 शेयर (तृतीय सीरीज)	134.60	134.60
(iv) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 3,308 शेयर (चतुर्थ सीरीज)	165.40	165.40
(v) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर (पांचवी सीरीज)	500.00	500.00
(vi) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 5,000 शेयर (छठी सीरीज)	250.00	250.00
(vii) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 5,000 शेयर (सातवीं सीरीज)	250.00	250.00
(viii) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर (आठवीं सीरीज)	500.00	500.00
(ix) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर (नौवीं सीरीज)	500.00	500.00
(x) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 20,000 शेयर (दसवीं सीरीज)	1,000.00	1,000.00
(xi) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 20,000 शेयर (ग्यारहवीं सीरीज)	1,000.00	1,000.00
(xii) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 25,000 शेयर (बारहवीं सीरीज)	1,250.00	1,250.00
(xiii) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 25,000 शेयर (तेरहवीं सीरीज)	1,250.00	1,250.00
(xiv) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 25,000 शेयर (चौदहवीं सीरीज)	1,250.00	1,250.00
(xv) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 50,000 शेयर (पन्द्रहवीं सीरीज)	2,500.00	2,500.00
(xvi) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 60,000 शेयर (सोलहवीं सीरीज)	3,000.00	3,000.00
(xvii) पूर्णतया प्रदत्त प्रत्येक पांच-पांच हजार रुपये के 1,20,000 शेयर (सतरहवीं सीरीज)	6,000.00	—
